
# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com  भोपाल, शनिवार 28 जून 2025


## सेंसेक्स 84,000 के पार
### 9 माह के उच्चतम स्तर पर सेंसेक्स




**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार को मजबूती के साथ बंद हुए। बेंचमार्क सूचकांक नौ महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गए। पश्चिम एशिया में तनाव कम होने के चलते निवेशकों का मूड सकारात्मक रहा। सेंसेक्स 303.03 अंक चढ़कर 84,058.90 पर बंद हुआ। निफ्टी 88.80 अंक चढ़कर 25,637.80 पर बंद हुआ। निवेशकों की संपत्ति में 2.6 लाख करोड़ का लाभ हुआ।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### एयर इंडिया की फ्लाइट में बम की धमकी




**नई दिल्ली।** मुंबई से दिल्ली आ रही एक फ्लाइट नंबर एआई 2954 में उस समय हड़कंप मच गया, जब एक क्रू मेंबर को केबिन में एक टिशू पेपर मिला, जिस पर बम की धमकी लिखी हुई थी। तुरंत सुरक्षा एजेंसियों को अलर्ट किया गया। बम स्क्वॉड और अन्य सुरक्षा एजेंसियों ने सर्च ऑपरेशन चलाया और जांच के बाद इस कॉल को झूठी सूचना करार दिया गया।

### इंदौर-दिल्ली की फ्लाइट 15 जुलाई तक स्थगित




**इंदौर।** इंदौर से दिल्ली जाने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट (एआई 803/804) को कंपनी ने 15 जुलाई तक के लिए अस्थायी रूप से बंद कर दिया है। एयर इंडिया ने इसका कारण तकनीकी समस्या और विमान मेंटेनेंस बताया है। बताया जा रहा है कि कंपनी ने हाल ही में अपने सभी एयरक्राफ्ट की जांच शुरू की है, जिसके चलते देशभर में कई उड़ानों को रोका गया है।

## एमपी राइज 2025 कॉन्क्लेव : 35 हजार से अधिक लोगों को मिलेगा रोजगार

सीएम ने कहा कि रतलाम के महालक्ष्मी मंदिर में दीवाली पर हर व्यापारी लाखों की संपत्ति रखते हैं अब यहां भी निवेश की बारिश हो गई

# रतलाम में आए 30,402 करोड़ रु. के निवेश प्रस्ताव

*सीएम डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के औद्योगिक विकास का यह कारवां रूकेगा नहीं, रतलाम पहले सेव, साड़ियों और सोने के लिए जाना जाता था, लेकिन अब यही रतलाम स्किल, स्केल और स्टार्टअप्स के लिए जाना जाएगा।*



2012 करोड़ से अधिक लागत की 94 औद्योगिक इकाइयों एवं क्लस्टर्स का हुआ भूमि-पूजन और लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रतलाम की राइज कॉन्क्लेव में 30402 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिससे 35 हजार 520 लोगों को रोजगार मिलेगा। एमएसएमई इकाइयों को भी नवकरणीय ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने के लिए सब्सिडी देने की घोषणा की गई। 288 एमएसएमई इकाइयों को 270 करोड़ रुपए की प्रोत्साहन राशि, 140 वृहद औद्योगिक इकाइयों को 425 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता, 538 एमएसएमई इकाइयों को भूखंड आवंटन पत्रों का वितरण तथा 35 वृहद औद्योगिक इकाइयों को भूमि आवंटन के आशय पत्र दिए गए।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 4 लाख से अधिक हितग्राहियों को स्व-रोजगार के लिए 3861 करोड़ रुपए का ऋण भी वितरित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को रतलाम में आयोजित रीजनल इंडस्ट्री, स्किल एंड एम्प्लॉयमेंट (राइज) कॉन्क्लेव में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि देश के साथ-साथ अब मप्र भी बदल रहा है। शेष पेज 4 पर

### जल्दी ही एयर कार्गो के जरिए हवाई मार्ग से माल की आवाजाही की जाएगी

### निवेशकों को प्रोत्साहित करने के लिए सीएम 29 जून को सूरत में रोड-शो करेंगे

- 288 एमएसएमई इकाइयों को 270 करोड़ रुपए की प्रोत्साहन राशि
- 140 वृहद औद्योगिक इकाइयों को 425 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता




### महाराष्ट्र सरकार से पोर्ट पर सुविधाओं के लिए चर्चा

दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस के माध्यम से यहां से 6 घंटे में दिल्ली और 6 घंटे में मुंबई पहुंच सकते हैं। महाराष्ट्र सरकार से पोर्ट पर मप्र के व्यापारियों के लिए सुविधाएं शुरू करने के लिए चर्चा की है।

538 एमएसएमई इकाइयों को भूखंड आवंटन पत्रों का वितरण

## 4 लाख से अधिक हितग्राहियों को मिला 3861 करोड़ रुपए का ऋण

35 वृहद औद्योगिक इकाइयों को भूमि आवंटन के आशय पत्र दिए गए




मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रीजनल इंडस्ट्री, स्किल एंड एम्प्लॉयमेंट (राइज) कॉन्क्लेव में प्रदेश के 4 लाख से अधिक हितग्राहियों को स्व-रोजगार के लिए 3861 करोड़ रुपए की ऋण राशि सिंगल क्लिक के जरिए उनके खातों में हस्तांतरित की। मुख्यमंत्री ने 6000 करोड़ रुपए से अधिक निवेश करने और 17600 से अधिक रोजगार प्रदान करने वाली 35 वृहद औद्योगिक इकाइयों को भूमि आवंटन पत्र भी प्रदान किए। साथ ही 2012 करोड़ रुपए से अधिक लागत की 94 औद्योगिक इकाइयों और क्लस्टर्स का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने सिंगल क्लिक के जरिए ही 288 एमएसएमई इकाइयों को 270 करोड़ रुपए की प्रोत्साहन राशि और 140 वृहद औद्योगिक इकाइयों को 425 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता राशि हस्तांतरित की। मुख्यमंत्री ने 538 एमएसएमई इकाइयों को भू-खंड आवंटन पत्र भी प्रदान किए। पढ़ें पेज 09 भी

### मुख्यमंत्री ने की यह प्रमुख घोषणाएं

- पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिगत ग्रीन एनर्जी को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पूर्व स्थापित एमएसएमई इकाइयों की ओर से यदि केवल नवकरणीय संयंत्र की स्थापना के लिए पृथक से निवेश किया जाता है, तो इन इकाइयों को नवकरणीय ऊर्जा संयंत्र में किए गए निवेश पर उद्योग विकास अनुदान की सहायता दी जाएगी।
- रतलाम में मेगा इन्वेस्टमेंट रीजन से लगे लगी 6 ग्राम बिबड़ौद, पलसोड़ी, रामपुरिया, सरवनीखुर्द, जामथुन एवं जुलवानिया क्षेत्र एवं आबादी में स्थानीय निवासियों की सुविधा के लिए मार्ग निर्माण, सामुदायिक भवन एवं आवश्यक अधोसंरचना विकास के लिए प्रति ग्राम पंचायत 50 लाख की राशि स्वीकृत की गई।
- निवेश क्षेत्र इंडस्ट्रियल पार्क एवं रतलाम क्षेत्र की औद्योगिक इकाइयों की सुविधा के लिए नवीन क्षेत्र में 220 केवी विद्युत लाइन की व्यवस्था करने की घोषणा की गई। रतलाम के पोलो ग्राउंड में अंतर्राष्ट्रीय मानकों पर हॉकी का एस्ट्रो टर्फ बनाया जाएगा। साथ ही रतलाम में बड़ी हवाई पट्टी का निर्माण होगा। उन्होंने कहा कि कालिका माता परिसर के विकास के लिए सैटेलाइट टाउन बनाया जाएगा।

**पेट्रोल पंप मैनेजर ने** बारिश में पानी रिसाव की बात कही

## सीएम के काफिले की गाड़ी में भर दिया मिलावटी डीजल! पेट्रोल पंप किया सील

इंदौर से दूसरी गाड़ियां मंगवाई गईं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतलाम



सीएम डॉ. मोहन यादव के काफिले की 19 गाड़ियां डीजल में पानी की मिलावट से बंद हो गईं। सभी गाड़ियों में डोसीगांव के पेट्रोल पंप से डीजल भरवाया गया था। जांच में मिलावट की पुष्टि होने पर पेट्रोल पंप को सील कर दिया गया। मामले की जांच की जा रही है। मिलावट की आशंका में पेट्रोल पंप भी सील कर दिया गया है। ये सभी गाड़ियां रीजनल इंडस्ट्रियल समिट के लिए इंदौर आई थीं। रास्ते में डोसीगांव स्थित भारत पेट्रोलियम के शक्ति फ्यूल्स पेट्रोल पंप पर ही रुक गईं। इसके बाद प्रशासन और पुलिस मौके पर पहुंची। जांच की गई। इसमें भी चौंकाने वाला मामला सामने आया। डीजल में पानी की मिलावट मिली है। बताया जा रहा है कि इसी पानी मिले डीजल से सीएम के काफिले की गाड़ियों के इंजन फेल हो गए। इंदौर से दूसरी गाड़ियां मंगवाई गईं। इधर, पेट्रोल पंप मैनेजर ने बारिश में पानी रिसाव की बात कही है।

### 20 लीटर डीजल में 10 लीटर पानी

प्रशासन ने रात को पेट्रोल पंप पहुंचकर जांच की और पेट्रोल पंप सील कर दिया। गाड़ियों के टैंक खोलकर देखे गए तो उनमें डीजल के साथ पानी निकला। मालूम पड़ा कि गाड़ी में 20 लीटर डीजल डलवाया तो उसमें 10 लीटर पानी निकला। यह स्थिति सभी गाड़ियों में दिखीं। रात में ही अफसर मौके पर पहुंचे। पेट्रोल पंप को सील कर दिया। फिर इंदौर से दूसरी गाड़ियों का अरेंजमेंट किया।






एक तहसीलदार की लापरवाही पर कोर्ट ने प्रदेश के तहसीलदारों के लिए जारी किए सख्त दिशा-निर्देश

## हाईकोर्ट ने गोविंदपुरा तहसीलदार से कहाःतुम्हें हम उदाहरण बनाएंगे

एडीएम व कोर्ट के आदेश के बावजूद अतिक्रमणकारियों का साथ देना पड़ा महंगा



हरिभूमि न्यूज ⏭ जबलपुर

मप्र हाईकोर्ट ने लोकायुक्त को भोपाल अंतर्गत गोविंदपुरा संभाग के तहसीलदार दिलीप कुमार चौरसिया की संपत्ति की जांच के निर्देश दिए हैं। जस्टिस अतुल श्रीधरन व जस्टिस दिनेश कुमार पालीवाल की खंडपीठ ने भोपाल कलेक्टर को भी तहसीलदार के विरुद्ध विभागीय जांच संस्थित कर तीन माह में रिपोर्ट कोर्ट में पेश करने निर्देशित किया है। कोर्ट ने अपने आदेश में साफ किया है कि एडीएम व कोर्ट के आदेश के बावजूद कार्रवाई को टालना यह दर्शाता है कि तहसीलदार अतिक्रमणकारियों से मिले हुए हैं। उन्होंने रिश्वत लेकर भ्रष्टाचार किया शेष पेज 4 पर

### कोर्ट के सवालों पर बगलें झांकने लगे चौरसिया

*भोपाल के पारस नगर फेज-वन में मोहम्मद अनीस और उनकी पत्नी नसीम रहते हैं। दोनों ने इक्विटल स्माल फाइनेंस बैंक से मकान गिरवी रखकर लोन लिया था। लोन लेने के बाद उन्होंने इसे चुकाने से साफ इनकार कर दिया। बैंक ने यह मामला एडीएम साउथ भोपाल के पास पहुंचाया। सुनवाई के बाद अधिकारी ने फैसला बैंक के पक्ष में सुनाया। 23 जुलाई, 2024 को गोविंदपुरा तहसीलदार दिलीप कुमार चौरसिया को आदेश जारी हुआ। आदेश में कहा गया कि कब्जा दिलाकर संपत्ति बैंक को सौंप दी जाए। तहसीलदार ने यह आदेश लगभग आठ महीने तक लंबित रखा। 14 मई, 2025 को बैंक ने हाई कोर्ट में रिट याचिका दायर की। 26 जून को तहसीलदार दिलीप कुमार चौरसिया कोर्ट में पेश हुए। उन्होंने आते ही माफी मांगी। वे कोर्ट के सवालों का जवाब नहीं दे सके।*




# डीजल की जगह पानी! पंप संचालक और कामगारों की जानबूझकर की गई करतूत या लापरवाही

आत्माराम सोनी ▶▶ भोपाल

हरिभूमि पड़ताल

मध्यप्रदेश में संचालित इंडियन ऑयल, हिस्दुस्तान पेट्रोलियम और भारत पेट्रोलियम के खुले पेट्रोल पंपों पर डीजल-पेट्रोल चोरी की घटना आम बात है, जिससे हर आमों खास वाहन चालक परेशान है, लेकिन गुरूवार की रात मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के काफिले की गाड़ी में रतलाम स्थित भारत पेट्रोलियम के शक्ति फ्यूल्स पेट्रोल पंप पर डीजल के साथ पानी भरने की घटित हुई घटना ने पंप संचालकों ही नहीं पंप कंपनियों के अफसरों के बीच भी खलबली मचा दी है। गाड़ी में डीजल के साथ पानी की समूची घटना पर हरिभूमि ने वर्षों पुराने पंप संचालकों और पंप संचालक संगठन के पदाधिकारी से बात की, तो उनका कथन स्पष्ट रहा कि इस पूरे घटनाक्रम में पंप संचालक और यहां कामगारों की लापरवाही है या फिर जानबूझकर किया गया कृत्य का नतीजा है।

गड़बड़ी के लिए पेट्रोल पंप मैनेजमेंट जिम्मेदार

ऑटोमेटिक टैंक गेज बताता है कि कितना पानी, कितना ईंधन

## कंपनी के अधिकारी ने फोन स्विच ऑफ कर लिया



### क्या है एटीजी?

पेट्रोल पंप पर (एटीजी) का मतलब ऑटोमेटिक टैंक गेज है। यह एक ऐसा उपकरण है, जो पेट्रोल पंप पर भूमिगत ईंधन टैंक में ईंधन के स्तर, तापमान, घनत्व और पानी (यदि कोई हो) को मापने के लिए उपयोग किया जाता है। एटीजी एक इलेक्ट्रॉनिक उपकरण है, जो ईंधन के स्तर की निगरानी करता है और रिसाव का पता लगाने में मदद करता है।

इस पूरे मामले में आधिकारिक मत प्राप्त करने बीपीसीएल भोपाल के सेल्स मैनेजर रिषभ अस्थाना को कॉल किया तो व्यस्त रहा, फिर दूसरी बार कॉल किया तो रिसीव नहीं किया। उनके वॉट्सएप पर मैसेज भेजा और फोन उठाने को कहा तो मैसेज देख लिया और जब तीसरी बार कॉल किया तो जवाब देने से बचने के लिए कंपनी के उक्त अधिकारी ने फोन स्वीच ऑफ कर लिया।

## पेट्रोल पंप मालिक और कर्मचारी दोषी



मध्यप्रदेश पेट्रोल पंप ऑनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा कि पेट्रोल पंप में डीजल की जगह पानी भरने की घटना के लिए मुख्य रूप से पेट्रोल पंप मालिक और कर्मचारी दोषी होते हैं। यह एक आपराधिक कृत्य है और इसमें लापरवाही, धोखाधड़ी और उपभोक्ता अधिकारों का उल्लंघन शामिल है। पेट्रोल पंप का मालिक और कर्मचारी, जो जानबूझकर या लापरवाही से पेट्रोल की जगह पानी भरते हैं, वे कानूनी रूप से जिम्मेदार हैं। एसोसिएशन अध्यक्ष अजय सिंह ने कहाकि डीजल में पानी सामान्य घटना है, लेकिन डीजल टैंक में पानी का होना आसामान्य घटना है। उन्होंने बताया कि टैंक की समय-समय पर वाटर पेस्ट होती है। टैंक का हर रोज सुबह स्टॉक चेक होता है और आटोमेशन में टैंक की स्थिति का पता चलता है। इस पूरे घटनाक्रम में संपूर्ण लापरवाही पंप संचालक की है।

## हर शिफ्ट में सुपरवाइजर की होती है जवाबदारी



बैरसिया स्थित जिओ बीपी पेट्रोल पम्प संचालक समीर भार्गव ने कहा कि पेट्रोल पंप तीन शिफ्टों में चलता है। हर शिफ्ट में सुपरवाईजर चेक करता है कि टैंक में कितना डीजल- पेट्रोल और पानी है। यह सब एटीजी (ऑटोमेटेड टैंक गेज) में स्पष्ट देखता है। पानी वैसे भी भारी होता है और यह टैंक में नीचे आ जाता है। इसके बावजूद गाड़ी में पानी डाला जाना घोर लापरवाही है। इससे इंजन पूरी तरह सीज हो जाता है और गाड़ी को बहुत नुकसान होता है। पेट्रोल पंप पर पूरी जांच होने के बाद ही ग्राहकों को माल देना चाहिए। जिससे उन्हें परेशानी का सामना ना करना पड़े।

### हर हाल में दोषी है पंप का मालिक

भार्गव ने कहा कि पेट्रोल पंप का मालिक और संचालक इस घटना के लिए जिम्मेदार है। यदि यह घटना उसके ज्ञान या सहमति से हुई है, तो वह सीधे तौर पर दोषी है। यदि घटना उसके कर्मियों द्वारा की गई है, तो भी वह पर्यवेक्षी जिम्मेदार है। इसमें डिस्पेंसर ऑपरेटर, मैनेजर और अन्य कर्मचारी शामिल है।

## खबर संक्षेप



### चंदेरी क्रेशर खदान के सीमांकन पर रोक, लीज होगी निरस्त

**भोपाल।** दो हजार लोगों की आबादी वाले बैरसिया रोड स्थित चंदेरी गांव में स्टोन क्रेशर को लेकर शुक्रवार को गांव के लोगों ने विरोध किया है। गांव के तीन दर्जन से अधिक लोगों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह से मुलाकात की, कलेक्टर ने गांव के लोगों की बात सुनकर हुजूर एसडीएम विनोद सोनकिया को गांव में शुरु होने वाली क्रेशर का सीमांकन रोकने के निर्देश दिए।



### अधिवक्ता परिषद भोपाल की नवीन इकाई का किया गया गठन

**भोपाल।** अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद भोपाल की नवीन जिला इकाई का शुक्रवार को गठन किया गया। अधिवक्ता राकेश गिरि को जिला अध्यक्ष, अधिवक्ता मनीष नेमा को जिला महामंत्री और अधिवक्ता प्रदीप मोदी को जिला कोषाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया है। जिला इकाई के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी में एक माह में नियुक्तियां की जाएंगीं।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष, भाजयुमो प्रदेश प्रभारी, अध्यक्ष ने भी युवा संसद को किया संबोधित

# भाजपा की सरकारों ने लोकतंत्र को पुष्ट करने का काम किया: सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विपक्ष अपने पापों को छिपाने और मोदी सरकार की कार्रवाई से बचने के लिए सरकार पर तानाशाही का आरोप लगाता है, जबकि अटल बिहारी वाजपेयी से लेकर नरेंद्र मोदी तक भाजपा की सरकारों ने लोकतंत्र को पुष्ट करने का काम किया है। देश में लोकतंत्र है, इसीलिए एक चाय वाला प्रधानमंत्री और गाय वाला मुख्यमंत्री बन सकता है। इंदिरा गांधी द्वारा आपातकाल लगाना एक ऐतिहासिक गलती थी, आज के युवा इसे याद रखें। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कही। राजधानी स्थित नगर निगम सभागार (आईएसबीटी) में शुक्रवार को भाजपा युवा मोर्चा द्वारा युवा संसद का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, युवा मोर्चा के प्रदेश प्रभारी रोहित चहल एवं युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष वैभव पंवार ने संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि, डॉ. यादव ने कहा कि एक हजार साल की गुलामी के बाद 1947 में हमें आजादी मिली थी, लेकिन कांग्रेस ने आजादी के बाद आपातकाल लगाकर लोकतंत्र को कलंकित करने का काम किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लोकतंत्र, संविधान के साथ-साथ देश भी सुरक्षित है।



### कांग्रेस ने संविधान में कई संशोधन किए : चहल

युवा मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री व प्रदेश प्रभारी रोहित चहल ने कहा कि कांग्रेस ने आज से 50 साल पूर्व आपातकाल लगाकर देश के लोकतंत्र के माथे पर कलंक लगाने का काम किया था। इंदिरा गांधी और कांग्रेस पार्टी ने अपने निज स्वार्थों के लिए संविधान में कई संशोधन किए। कांग्रेस के नेहरू-गांधी परिवार राजशाही में राज करना चाह रहे थे। ताकि कांग्रेस का नेहरू-गांधी परिवार देश पर राज करता रहे।

### कुर्सी बचाने इंदिरा गांधी ने किया संविधान की हत्या का पाप: डॉ. मोहन

सीएम ने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा ने गलत तरीके से चुनाव जीता था। हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि जो शिकायत की गई है, वह सही है और इंदिरा गांधी का निर्वाचन अवैध है। 12 जून को तो हाईकोर्ट का फैसला आया और 25 जून तक पूरे देश में आंदोलन होने लगे। हाईकोर्ट के फैसले को लागू करने में कितनी देर लगानी चाहिए? लेकिन इंदिरा गांधी ने न्यायलय का आदेश को न मानते हुए पूरे देश में आपातकाल लगा दिया। हमारे देश में संघीय शासन व्यवस्था है और अगर दो तिहाई राज्य सरकारें प्रस्ताव भेजती हैं, तभी इमरजेंसी लगाई जा सकती है। बस, राष्ट्रपति से हस्ताक्षर करा कर देश पर आपातकाल थोपा दिया था। इस तरह इंदिरा गांधी और कांग्रेस ने संविधान की हत्या करने का पाप किया था।

### आपातकाल लोकतांत्रिक व्यवस्था पर सबसे बड़ा हमला: विष्णुदत्त

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया है। आज हमारी सीमाएं सुरक्षित हैं, सेनाएं अधिकार संपन्न हैं और देश दुनिया की चौथी अर्थव्यवस्था बन गया है। आज भारत की सैन्य शक्ति दुनिया में चौथे स्थान पर है। लेकिन हमारी यह यात्रा उन हजारों लाखों लोगों के संघर्षों, बलिदानों से होकर गुजरी है, जिन्होंने आपातकाल के दौरान अपार कष्ट और प्रताड़ना सही है। उन्होंने कहा कि "तुम युवा हो, काल को भी काल से दिखते रहे हो, देश का सौभाग्य अपने खून से लिखते रहे हो, ठान लोगे तुम अगर इस देश को नई तस्वीर दोगे, गर्जना से तुम शत्रुओं के कलेजे चीर दोगे"।

### कांग्रेस और कांग्रेस नेतृत्व लोकतंत्र के लिए खतरा : वैभव

भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष वैभव पंवार ने कहा कि हम दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र हैं। देश की आजादी के बाद सत्ता में रही कांग्रेस ने बार-बार संविधान का गला घोंटा। कांग्रेस ने देश में आपातकाल लगाकर संविधान, मौलिक अधिकारों और स्वतंत्र पत्रकारिता तक को कुचल दिया था। कांग्रेस और इंदिरा गांधी को हाथ से देश की सत्ता जाते हुए दिखी, इसलिए देश में आपातकाल लगा दिया गया। नेहरू-गांधी परिवार जनसमर्थन से नहीं, बल्कि झूठ, छल, कपट और बेईमानी से सत्ता में बने रहना चाहता था।

32 लाख से अधिक किसानों को सौर ऊर्जा उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने का लक्ष्य

# किसान सम्मेलन और रोजगार मेले में मिलेंगी अनेक सौगातें

**मुख्यमंत्री प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना सोलर पंप पोर्टल का करेंगे शुभारंभ**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार को दोपहर 2 बजे भिण्ड जिले की तहसील मेहगांव के ग्राम दंदरौआ में आयोजित किसान सम्मेलन और रोजगार मेले में किसानों को सौगात देंगें। मुख्यमंत्री किसानों को बिजली उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के लिए महत्वपूर्ण सौगात देने जा रहे है। राज्य सरकार आगामी समय में 32 लाख से अधिक किसानों को सौर ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने का लक्ष्य रखा है। अधिक बिजली सरकार को बेच सकेंगे। किसान सम्मेलन में मुख्यमंत्री प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना/" में सोलर पंप पोर्टल का शुभारंभ करेंगे।

### पात्रतानुसार मिलेगी प्राथमिकता

कृषकों को योजना का लाभ लेने के लिए सोलर पंप आवेदन के लिए आधार, ई-केवायसी आधारित पंजीयन करना होगा। कृषक द्वारा पोर्टल पर चयनित खसरा, आवेदक के नाम से व आधार लिंक होना आवश्यक है। योजना में सोलर पम्प स्थापना के लिए 30 प्रतिशत केन्द्रीय अनुदान का प्रावधान किया गया है। राज्यांश के लिए कृषक ने ऋण लिया जाएगा, जिसका भुगतान राज्य शासन की ओर से किया जाएगा। किसान 1 हार्स पॉवर (एचपी) से 7.5 हार्स पॉवर (एचपी) क्षमता तक के सोलर पंप की स्थापना कर सकते है। विभाग के पोर्टल पर पूर्व से पंजीकृत कृषकों को पात्रतानुसार प्राथमिकता मिलेगी। वर्ष 2023-24 और 2024-25 में अस्थायी विद्युत संयोजन वाले कृषकों व अविद्युतिकृत कृषकों को सोलर पंप का लाभ दिया जाएगा। कृषक अपनी इच्छानुसार सोलर पंपों की स्थापना के लिए विभिन्न क्षमतावार कुल 36 पैनलबद्ध इकाइयों में से इकाई का चयन कर सकते है।

दिनेश कौशल जोनल एसपी विशेष शाखा सागर तो घनश्याम मालवीय बने एएसपी शाजापुर

# राज्य पुलिस सेवा के 39 अफसरों को विभाग ने किया इधर से उधर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गृह विभाग ने शुक्रवार को राज्य पुलिस सेवा के एडिशनल एसपी स्तर के 39 अफसरों की नवीन पदस्थापना की है। जारी सूची के अनुसार दिनेश कुमार कौशन जोनल एसपी विशेष शाखा भोपाल से जोनल एसपी सागर, अनिल कुमार पाटीदार एएसपी बड़वानी से एआईजी पीएचक्यू, घनश्याम मालवीय एडीसीपी इंटेलीजेंस भोपाल से एएसपी शाजापुर, सत्येन्द्र सिंह तोमर एसपी पीटीएस पचमढ़ी से एसपी अजाक रेंज ग्वालियर, अजय प्रताप सिंह एआईजी बिसबल इंदौर से उप सेनानी हाईकोर्ट सुरक्षा इंदौर, महावीर सिंह मुजाल्दे एडीसीपी जोन टू भोपाल से जोनल एसपी विशेष शाखा भोपाल, शशांक गर्ग एसपी डायल हंड्रेड रेडियो भोपाल से एसपी रेडियो मुख्यालय भोपाल, जीतेन्द्र कुमार पटेल एसपी रेडियो जोन जबलपुर से एसपी रेडियो जोन रीवा, सुनील राजौरे एसपी रेडियो जोन इंदौर से एसपी रेडियो जोन जबलपुर, सुषमा अग्रवाल एसपी रेडियो जोन रीवा से एसपी रेडियो मुख्यालय भोपाल, नीतू कुमरे डाबर एसपी अजाक रेंज भोपाल से एएसपी रेल भोपाल, बीएम शाक्य एसपी रेडियो भोपाल से एसपी रेडियो इंदौर, गौतम सोलकी एएसपी मंदसौर से एडीसीपी भोपाल नगरीय पुलिस, प्रतिपाल सिंह महोबिया एएसपी उमरिया से एएसपी झाबुआ, विक्रम सिंह कुशवाहा एएसपी सतना से एएसपी टीकमगढ़, दीपाली जैन एआईजी अजाक पुलिस मुख्यालय से एसपी अजाक रेंज भोपाल, महेश कुमार पाराशर एसपी रेडियो जोन उज्जैन से एसपी रेडियो मुख्यालय भोपाल, धीरज बब्बर एआईजी एससीआरबी से एएसपी बड़वानी, अजय कैथवास एआईजी सागर जोन से एआईजी पुलिस मुख्यालय भोपाल, दीपक मिश्रा एआईजी पीएचक्यू से एएसपी सिवनी, जीडी शर्मा एएसपी सिवनी से एआईजी पीएचक्यू, अंजना तिवारी एएसपी पीटीएस उज्जैन से एएसपी जबलपुर, विवेक लाल एएसपी रीवा से एआईजी पीएचक्यू सहित अन्य अफसरों की नवीन पदस्थापना की गई हे।

भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी ने कांग्रेस को फिर घेरा

# किसी भी समस्या पर भ्रम फैलाना सदैव कांग्रेस की नीति: अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष ऊषा अग्रवाल ने एक बार फिर कांग्रेस को घेरा है। अग्रवाल ने अपने सोशल पर पोस्ट करते हुए कहा कि कांग्रेस की आदत विकास को विरोध समझने की है। जब गरीबों को घर मिले, जब राशन मिले, जब वनभूमि सुरक्षित हो, तब कांग्रेस को "अन्याय" दिखता है। किसी भी समस्या पर भ्रम फैलाना सदैव कांग्रेस की नीति रही है, जबकि हर समस्या का समाधान देना भाजपा की मोहन सरकार की रीति रही है। खिवनी अभ्यारण्य, देवास जिले का एक संरक्षित वन क्षेत्र है। इसके आस-पास कुछ आदिवासी परिवार वर्षों से अतिक्रमण कर बसे हुए थे। 32 परिवारों द्वारा किए गए अतिक्रमण पर 2015 से लेकर 2025 तक 4 बार नोटिस जारी किए गए। अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया में कोई आकस्मिकता या अवैधानिकता नहीं थी। यह पूरी तरह से न्याय संगत और पूर्व सूचना पर आधारित थी। कुल 32 परिवार, जिनमें 51 लोग थे, इनमें से 49 लोगों को पहले से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर मिल चुके हैं, शेष 2 लोगों को भी कलेक्टर ने योजना के तहत आवास देने का आश्वासन दिया है। कैमरा पॉलिटिक्स करने वाली कांग्रेस को आदिवासियों की भूख नहीं बल्कि अपना वोटबैंक खिसकता दिख रहा है, इसलिए कांग्रेस बौखलाई हुई है।

# कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी पर मुंगावली थाने में प्रकरण दर्ज किया गया है। दरअसल, गजराज लोधी ने कलेक्टर अशोकनगर को समक्ष में उपस्थित होकर एक शपथ पत्र दिया था जिसमें लिखा था कि अशोकनगर जिले के कुछ कांग्रेस के नेता उसे और उसके भाई को जीतू पटवारी से मिलवाने ओरछा ले गये थे। वहां जीतू पटवारी उसे भीड़ से अलग ले गए। उन्होंने कहा कि तुम यह कहना कि तुम्हें मानव मल खिलाया गया है, इसके बदले में उसे कुछ प्रलोभन भी दिए गए। इसलिए गजराज लोधी ने मानव मल खिलाने की बातें बोल दी थी, जिसका जीतू पटवारी ने वीडियो बनवा लिया, जबकि ऐसी कोई भी घटना लोधी के साथ नहीं हुई थी। शपथ पत्र से यह प्रतीत होता है कि गजराज के संबंध में मिथ्या साक्ष्य के आधार पर वीडियो वायरल कराया गया। इस कारण थाना मुंगावली में जीतू पटवारी एवं अन्य के विरूद्ध धारा 61 (2), 196 (1) (A), 197 (1) (c), 229(2),237,353 (1) (c) बीएनएस का प्रकरण दर्ज किया गया है।

लोगों से अपील, यह ब्रीडिंग का समय, आवारा कुत्तो से दूरी बनाएं

# हिंसक हुए आवारा कुत्ते, नगर निगम ने जारी की एडवाइजरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में आवारा कुत्ते हिंसक हो गए हैं। किसी अंजान व्यक्ति को देखते ही हमला कर सकते हैं। क्योंकि यह ब्रीडिंग का समय है और बारिश में आवारा कुत्तों में आक्रामकता बढ़ जाती है। साथ ही बारिश में भीगने से उन्हें तनाव, किलनी-पिस्सु और खुजली होती है। ऐसे में आवारा कुत्ते किसी भी व्यक्ति को काट सकते हैं। इसको देखते हुए नगर निगम भोपाल ने एडवायजरी जारी की है। नगर निगम के अपर आयुक्त हर्षित तिवारी ने बताया कि बारिश के मौसम में डॉग बाइट की घटनाएं बढ़ती हैं। इसको देखते हुए शहरवासियों से यह अपील की जा रही है कि घर के बच्चों को समझाईश दें कि वह आवारा कुत्तों से दूरी बनाकर चलें। साथ ही उनसे छेड़छाड़ न करें। बरसात में ही ब्रीडिंग का समय रहता है, इसलिए आवारा कुत्ते झुंड में रहते हैं। यदि आवारा कुत्ता आपके शेड, वाहन के नीचे बैठा है तो उसे भगाएं नहीं। कॉलोनी के रहवासियों से अपील की जा रही है कि अगर आप आवारा कुत्तों को भोजन देते हैं तो ऐसी जगह निर्धारित करें, जहां अधिक भीड़भाड़ न हो।

### कुत्तों से परेशान, तो यहां करें शिकायत



आवारा कुत्तों से परेशान हैं, तो इसकी सूचना नगर निगम के कॉल सेंटर 155304 पर दर्ज करवाएं। अगर किसी व्यक्ति के साथ डॉग बाइट की घटना होती है तो तुरंत पानी से धोकर उसे कार्बनिक साबुन से धोएं। उसके बाद कोई भी एंटीसेप्टिक मलहम लगाएं। समय पर नजदीकी अस्पताल पहुंचकर एंटी रेबीज टीका लगवाएं। भोपाल के जेपी और हमीदिया अस्पताल में एंटी रेबीज की निःशुल्क व्यवस्था है।




### पुराने साहब ने कुछ नया नहीं किया नए साहब से उम्मीद

शहर के एक विश्वविद्यालय में कुछ वर्षों से हर एंगल से हालात नाजुक नजर आ रहे हैं। यहां जब से साहब आए हैं, हालात कभी भी बेहतर होते नहीं दिखे। अब यह साहब पुराने हो गए हैं और रवानगी का सिलसिला चल चुका है। नए साहब की एंट्री होने वाली है। ऐसे में विश्वविद्यालय के गलियारों में चर्चा है कि पुराने साहब ने कुछ नया तो किया नहीं, इसलिए शायद विश्वविद्यालय की हालत सुधरने के बजाय और बिगड़ती चली गई। अब नए साहब आने वाले हैं, तो उनसे विवि के साथ यहां के कर्मचारियों और अन्य हालात सुधार की काफी उम्मीदें हैं। हिंदी में कही जाने वाली इस बात का तात्पर्य इस विवि से है, जहां शुरूआत के बाद कुछ साल तो सब कुछ अच्छा रहा, लेकिन आज स्थिति देखने लायक बन चुकी है।

### अब इस दिशा में सोचना तो साहब को है...

राजधानी के एक विश्वविद्यालय में इस सत्र से एमबीए के लिए संबद्धता नहीं मिल रही है। हाईकोर्ट ने निजी कॉलेजों की रिट खारिज कर दी है। कोर्ट ने कहा है कि यह विवि पहले ही साफ कर चुका था कि 2025 से एमबीए पाठ्यक्रमों की संबद्धता नहीं दी जाएगी, फिर भी कॉलेज आवेदन कर रहे हैं। दरअसल, विवि का यह फैसला मनमाना नहीं है। कॉलेज चाहें तो किसी और विवि से भी संबद्धता ले सकते हैं। ऐसे में संबद्ध कॉलेज इसी विवि के पीछे हाथ धोकर क्यों पड़े हैं। और भी विवि हैं, जहां से संबद्धता मिल सकती है। ऐसे में कई बातें चर्चा में बनी हुई हैं। इन बातों का जवाब तो विवि प्रशासन के पुराने से लेकर नए साहब ही दे सकते हैं, लेकिन यह बात जरूर है कि अगर कॉलेजों को संबद्धता नहीं मिलने से उन्हें परेशानी होगी तो विवि भी कोई कमी महसूस कर सकता है। अब इस दिशा में सोचना तो साहब को है।

### अवकाश की स्वीकृति लगवाती है कई चक्कर

भोपाल जिले की स्कूली शिक्षा व्यवस्था में अवकाश बड़ी महत्वपूर्ण विषय बना हुआ है। खासियत यह है कि इसके लिए लोक शिक्षण संचालनालय और राज्य शिक्षा केंद्र स्तर पर सख्त दिशा-निर्देश है, लेकिन इन निर्देशों के अलावा जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के अपने नियम हैं। वरिष्ठ कार्यालय के निर्देशों का पालन तो जैसे-तैसे शिक्षक और कर्मचारी कर ही लेते हैं, लेकिन डीईओ कार्यालय के नियमों में खूब परेशानी उठानी पड़ती है। अवकाश की स्वीकृति के लिए कई चक्कर लगाने पड़ते हैं। विभागीय गलियारों में चर्चा यह भी बहुत सुनी जाती है कि अवकाश के लिए नियम तो अपनी जगह हैं, लेकिन सोर्स बहुत महत्वपूर्ण है। हालांकि इसको लेकर खुली जुबान से कोई बोलने को तैयार नहीं होता है, क्योंकि आगे भी अवकाश भी तो लेना है।

### पूर्व डीपीसी साहब लगा रहे खूब जोर

राजधानी में ही पदस्थ रहे एक पूर्व डीपीसी साहब यानि जिला परियोजना समन्वयक वापस मुख्यालय या फिर जिले की व्यवस्था में आने के लिए इन दिनों खूब जोर लगा रहे हैं। पूर्व में कुछ विवादित मामलों और शिकायतों के चलते इन्हें हटाया गया था और शहरी व्यवस्था से दूर भेज दिया गया था। हाल ही में तबादले के दौरान भी इन्होंने खूब जोर आजमाइश की, लेकिन काम नहीं बना। अब फिर साहब आला अफसरों के कार्यालय के चक्कर लगाते नजर आ रहे हैं।

संजीव सक्सेना

## मेट्रोपॉलिटन अथॉरिटी में भागीदारी के लिए पीसी सहित पांच शामिल

**भोपाल।** प्रदेश सरकार द्वारा नगरीय विकास की दीर्घकालिक योजनाओं के लिए गठित की जा रही मेट्रोपॉलिटन रीजन अथॉरिटी के संदर्भ में, मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी ने कांग्रेस का पक्ष रखने एवं जनहित में सक्रिय निगरानी के लिए पांच नेताओं को शामिल किया है। इसमें कांग्रेस विधायक, पूर्व उपाध्यक्ष विधानसभा डॉ. राजेन्द्र सिंह, पूर्व मंत्री पीसी शर्मा, विधायक जयवर्धन सिंह, राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे और सेवानिवृत अधिकारी बीके बाथम के नाम है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने महामंत्री संगठन, डॉ. संजय कामले ने कहा कि प्रदेश की जनता ने देखा है कि पूर्ववर्ती भाजपा सरकार द्वारा बनाई गई कई योजनाएं जनता के पैसे की बबार्दी साबित हुईं। ऐसे में कांग्रेस का यह दायित्व है कि वह इन योजनाओं पर न केवल नजर रखे, बल्कि समय-समय पर ठोस सुझाव भी प्रस्तुत कर


अरेरा कॉलोनी में जाम से मिलेगी राहत

# ट्रैफिक जाम करने वाली साढ़े 10 नंबर की रोटरी को तोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शुक्रवार को साढ़े 10 नंबर की रोटरी को तोड़ दिया गया। यह अरेरा कॉलोनी के रास्तों पर ट्रैफिक जाम कर रही थी। हाल ही में इस इलाके के ट्रैफिक सुधार के लिए बनी रिपोर्ट के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। दरअसल नर्मदापुरम रोड से भोपाल की ओर आने वाले ट्रैफिक से पूरी अरेरा कॉलोनी की सड़कों पर रोजाना जाम लग रहा है। इस ट्रैफिक सुधार के लिए अलग-अलग पाईंट चिंहित किए गए हैं। नगर निगम, पीडब्ल्यूडी और ट्रैफिक पुलिस को इस समस्या को खत्म करने की जिम्मेदारी दी गई है।

### अन्य स्थानों पर भी होगा विकास कार्य



दुगार्दास राठौर चौराहा से लेकर 1100 क्वॉर्टर चौराहा, बांसखेड़ी पर्यावरण परिसर और शैतान सिंह चौराहा से 1100 क्वॉर्टर सडक पर रोजाना जाम लग रहा है। इस जाम से निपटने के लिए अलग-अलग विभागों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। नगर निगम को रोटरी हटाने और डिवाईडर हटाने की जिम्मेदारी दी गई है।

इस पर निगम ने शुक्रवार को साढ़े 10 नंबर की रोटरी हटा दी। इसमें लेफ्ट टर्न पीडब्ल्यूडी बनाएगा, जबकि अतिक्रमण निगम की टीमें हटाएगीं। इसी तरह बासंखेड़ी टी-जंग्शन पर लेफ्ट टर्न और सडक चौड़ीकरण होना है। यह सभी काम पीडब्ल्यूडी को सौंपे गए हैं। जबकि शैतान सिंह चौराहा से कैम्पियन स्कूल तक सड़क चौड़ीकरण, कैम्पियन स्कूल चौराहा के पास लेफ्ट टर्न निर्माण, कैम्पियन स्कूल से 1100 क्वॉर्टर तक राईट हैण्ड साईट पर फुटपाथ की चौड़ाई कम करते हुए डेढ़ मीटर तक सडक चौड़ीकरण, लेफ्ट हैण्ड साईट पर फूट स्ट्रीट बनाया जाना है।

## कांग्रेस जिलाध्यक्ष भोपाल के लिए नंदमेहर को मिला समर्थन

**भोपाल।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा संगठन सृजन अभियान की बैठक में शुक्रवार भोपाल कांग्रेस जिला अध्यक्ष को लेकर रायशुमारी की गई। जिसमें आधा दर्जन से अधिक नेताओं ने दावेदारी की। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के अनुसूचित जाति विभाग के पूर्व अध्यक्ष महेश नंदरमेहर के नाम पर सहमति बनी। नंदमेहर को समर्थन देने वाले नेताओं मे पूर्व जिला अध्यक्ष कांग्रेस मोनू सक्सेना, जिला अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी प्रवीण सक्सेना, युवक कांग्रेस अध्यक्ष अभिषेक शर्मा और एनएसयूआई उपाध्यक्ष विवेक त्रिपाठी शामिल रहे। समर्थन करने वाले नेताओं ने पर्यवेक्षक यशोमति ठाकुर को समर्थन पत्र सौंपा।

भोपाल
शनिवार, 28 जून 2025
आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष–03
वर्ष : 12, अंक : 88
पृष्ठ : 16 मूल्य : 4.00 **

**मौसम**
अधि. 29
न्यून. 23

# हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

13 आईसीसी के नए नियमों में 'सिर पर चोट'...



विचार पेज
06 भारत में सहकारिता का अमृतकाल

## जगन्नाथ रथ यात्रा में उमड़ा भक्तों का सैलाब, गूंजे जयकारे, विश्व शांति की कामना

# बलभद्र सुभद्राभ्याम जगन्नाथाय ते नमः

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और पीएम नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को जगन्नाथ रथ यात्रा की शुभकामनाएं दीं



पुरी की रथयात्रा में लाखों की भीड़ जुटी

एजेंसी ▶▶पुरी

ओडिशा के पुरी में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा शुरू हो गई। यह भव्य यात्रा पुरी के जगन्नाथ मंदिर से शुरू होकर गुंडिचा मंदिर तक जाती है। 12 दिन चलने वाली जगन्नाथ रथ यात्रा में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और पीएम नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को जगन्नाथ रथ यात्रा की शुभकामनाएं दीं। पुरी रथ यात्रा तीन भाई देवताओं भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा को उनके रथों पर लाने के साथ शुरू हुई। पुरी के जगन्नाथ मंदिर में पहांडी अनुष्ठान शुरू हुआ।

इसमें भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ को रथ यात्रा के लिए 12वीं सदी के मंदिर से उनके संबंधित रथों तक जुलूस के रूप में ले जाया गया। जहां से उन्हें श्री गुंडिचा मंदिर ले जाया गया। घंटियां, शंख और झांझ बजाते हुए चक्रराज सुदर्शन को सबसे पहले मुख्य मंदिर से बाहर लाया गया और देवी सुभद्रा के दर्पदलन रथ पर बैठाया गया। पंडित सूर्यनारायण रथ शर्मा ने बताया कि सुदर्शन भगवान विष्णु का चक्र अस्त्र है, जिनकी पूजा पुरी में भगवान जगन्नाथ के रूप में की जाती है। सुदर्शन के पीछे भगवान जगन्नाथ के बड़े भाई भगवान बलभद्र थे। भगवान बलभद्र अपने तालध्वज रथ पर विराजमान हैं।



### 10 से 12 लाख लोग जुटे

*पुरी में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा को लेकर ओडिशा के एडीजी एलएंडओ संजय कुमार ने कहा कि हमारा अनुमान है कि यहां 10 से 12 लाख लोग जुटे। 200 से अधिक ओडिशा पुलिस प्लाटून यहां तैनात किए गए हैं। आरएएफ की तीन कंपनियों सहित सीएपीएफ की 8 कंपनियां तैनात की गई हैं। एनएसजी, एनएसजी स्नाइपर्स, सीओएसजी, कोस्ट गार्ड ड्रोन और एंटी-ड्रोन सिस्टम सहित कई जीओआई तकनीकी टीमें ओडिशा पुलिस के साथ सहयोग कर रही हैं। इसके अलावा, कैनाइन टीम और ओडिशा की एंटी-सैबोटेज यूनिट जैसी विशेष इकाइयां सहायता के लिए यहां मौजूद हैं। पुरी में जगन्नाथ रथ यात्रा के दौरान आरएसएस स्वयंसेवक रथ यात्रा में चिकित्सा की आवश्यकता वाले भक्तों को ले जाने वाली एंबुलेंस के लिए एक विशेष गलियारा बनाने में मदद कर रहे हैं।*

### जुलूस में शामिल एक हाथी बेकाबू



अहमदाबाद में रथ यात्रा के दौरान जुलूस में शामिल एक हाथी बेकाबू हो गया और उसने अजीब व्यवहार करना शुरू कर दिया। इसे तुरंत काबू में कर लिया गया और वहां से ले जाया गया। अहमदाबाद पुलिस ने बताया कि अग्निशमन विभाग, डॉक्टर और पुलिस की टीमें मौके पर मौजूद हैं।

### भीड़ में फंसने से 600 श्रद्धालु घायल, घुटन से कई बेहोश, भर्ती कराया गया



पुरी में महाप्रभु जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा की रथ यात्रा उत्सव के दौरान भारी भीड़ उमड़ने के कारण 600 से अधिक श्रद्धालुओं को चोटों और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। जिसके चलते रथ यात्री को रोक दी गई। शनिवार को फिर से जगन्नाथ प्रभु के रथों को मौसी के घर तक खींचा जाएगा। भगवान बलभद्र के तलध्वज रथ को खींचने में, जिससे अव्यवस्था फैल गई। रथ यात्रा के रास्ते में पड़ने वाले एक मोड़ पर रथ के रुकने से मौके पर काफी ज्यादा तादाद में श्रद्धालुओं की भीड़ जमा हो गई। बड़ी संख्या में लोग प्रतिबंधित क्षेत्र में घुस गए, जिससे रथों की सुचारू आवाजाही में और बाधा उत्पन्न हुई। बताया गया है कि उम्मीद से कहीं ज्यादा भीड़ उमड़ी, जिसको मैनेज करने में काफी ▶▶ शेष पेज 4 पर ▶▶ पढ़ें पेज 07 और 10 भी

## खबर संक्षेप

### दो युवकों को बिजली के खंबे से बांधकर पीटा

**सीहोर।** जमुनिया मार्ग पर भीड़ ने दो युवकों को खंभे से बांधकर पीटा। एक युवक ने महिलाओं के कपड़े पहन रखे थे। युवकों का कहना है कि वे बहरूपिए हैं। भीख मांगकर गुजारा करते हैं। लोगों ने उन्हें संदिग्ध समझकर मारपीट की। घटना शुक्रवार सुबह की है। पुलिस मौके पर पहुंची। एक ने वहां एक बच्चे को गोद में उठा लिया था। 4 हजार रुपए लेने के बाद ही बच्चे को छोड़ा था। जिससे लोगों में गुस्सा था।



### राजा हत्याकांड के आरोपी अपने बयान से पलटे

**इंदौर।** इंदौर के राजा रघुवंशी हत्याकांड के 2 आरोपियों आनंद और आकाश कोर्ट में अपने बयान से पलट गए। उन्होंने राजा की हत्या में शामिल होने से इनकार कर दिया। हालांकि, शिलॉन्ग पुलिस की पूछताछ में दोनों ने जुर्म कबूला था। पुलिस ने बताया कि सभी आरोपियों के खिलाफ पर्याप्त सबूत हैं, जो अदालत में रखे जाएंगे। इससे पहले दोनों ही राजा की हत्या में शामिल होने की बात कबूली थी।



## आरजी कर की भयावह घटना के 10 महीने बाद फिर हुई वारदात

# विवाह का प्रस्ताव ठुकराने पर कोलकाता के लॉ कॉलेज में छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म, 3 गिरफ्तार



एजेंसी ▶▶कोलकाता

कोलकाता पुलिस ने साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज के एक पूर्व और दो मौजूदा छात्रों सहित तीन लोगों को कथित सामूहिक दुष्कर्म के मामले में गिरफ्तार किया है। घटना कथित तौर पर कस्बा में कॉलेज परिसर में हुई थी।

घटना 25 जून को शाम 7.30 बजे से 10.50 बजे के बीच हुई। गिरफ्तार किए गए तीन लोगों में दो मौजूदा छात्र हैं और तीसरा एक पूर्व छात्र है। आरोपी के वकील आजम खान ने बताया कि सामूहिक दुष्कर्म का आरोप है। महिला ने आरोप लगाया है कि कॉलेज परिसर में उसके साथ कुकर्म किया गया। कोर्ट ने मंगलवार, 1 जुलाई तक पुलिस हिरासत दी है। पीड़ित की शिकायत के बाद कस्बा पुलिस स्टेशन ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपियों में 31 साल के मोनोजीत मिश्रा (कॉलेज के पूर्व इकाई अध्यक्ष), 19 साल के जैब अहमद और 20 साल के प्रमित मुखर्जी (प्रमित मुखोपाध्याय) शामिल हैं। दो आरोपियों मोनोजीत और अहमद को 26 जून की शाम को कोलकाता में तालबगान क्रॉसिंग के पास सिद्धार्थ शंकर शिशु रॉय उद्यान के सामने से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के समय उनके मोबाइल फोन जब्त कर लिए गए। तीसरे आरोपी प्रमित को 27 जून को सुबह 12.30 बजे उनके घर से गिरफ्तार किया गया और उनका मोबाइल फोन भी जब्त कर लिया गया। गौर हो कि यह भयावह घटना शहर के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में एक जूनियर डॉक्टर के साथ हुए दुष्कर्म और हत्या के 10 महीने बाद हुई है। ▶▶ पढ़ें पेज 07भी

### मुख्य आरोपी तृणमूल छात्र परिषद का पूर्व अध्यक्ष

मुख्य आरोपी मनोजीत मिश्रा है, जो खुद इस कॉलेज से 2022 में लॉ की पढ़ाई पूरी कर चुका है। अब अलीपुर कोर्ट में वकील के तौर पर प्रैक्टिस करता है। वह तृणमूल छात्र परिषद का पूर्व अध्यक्ष रह चुका है और दक्षिण कोलकाता विंग का संगठन सचिव भी रहा है। कॉलेज में उसका प्रभाव इतना था कि उसे अस्थायी नॉन-टीचिंग स्टाफ के तौर पर भी 45 दिनों की अवधि के लिए नियुक्त किया गया था।



### पुलिस ने क्या कहा?

### छात्रा का मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा

पुलिस ने बताया कि तीनों आरोपी उसे शिक्षण संस्थान के अंदर एक कमरे में ले गए और उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। छात्रा ने कस्बा पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई और तीनों आरोपियों को गुरुवार को हिरासत में लिया गया। फिलहाल मामला प्रारंभिक चरण में है। छात्रा का मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है। आरोपियों को शुक्रवार को अदालत में पेश किया गया।



मुख्य आरोपी मोनोजीत मिश्रा

### वीडियो बनाकर दी धमकी मूकदर्शक बना रहा गार्ड

पीड़िता का आरोप है कि मनोजीत ने रेप के दौरान उसका वीडियो बनाया और धमकी दी कि अगर उसने किसी को कुछ बताया तो वह वीडियो सार्वजनिक कर देगा। जब उसने वहां से निकलने की कोशिश की, तो उस पर हॉकी स्टिक से हमला करने की कोशिश भी की गई। उसने कहा कि उसे घबराहट और सांस लेने में तकलीफ होने लगी, लेकिन किसी ने उसकी मदद नहीं की। कॉलेज का मुख्य गेट बंद कर दिया गया था और गार्ड भी मूकदर्शक बना रहा। छात्रा ने आरोपियों से अस्पताल ले जाने के लिए कहा, लेकिन उन्होंने कोई मदद नहीं की। पीड़िता ने लिखा कि मुझे न्याय चाहिए।

## नरसिंहपुर जिला अस्पताल में नर्सिंग छात्रा की दिनदहाड़े हत्या



# अंदर इंतजार में बैठा था आरोपी छात्रा के आते ही काट दी गर्दन



हत्या की वजह साफ नहीं, परिजनों की मांग -हत्यारे को फांसी दो

हरिभूमि न्यूज ▶▶नरसिंहपुर

नरसिंहपुर जिला अस्पताल में एक युवक ने नर्सिंग छात्रा की गला रेतकर हत्या कर दी। वह ट्रेनिंग के लिए अस्पताल पहुंची थी। इमरजेंसी वार्ड के बाहर एक काली शर्ट पहने युवक ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। घटना शुक्रवार दोपहर 3 बजे की है। छात्रा की पहचान सांकल रोड स्थित पटेल वार्ड गली में रहने वाले हीरालाल चौधरी की बेटी संध्या चौधरी (18) के रूप में हुई है। चौधरी सब्जी बेचते हैं।

पुलिस ने आरोपी को शाम को हिरासत में ले लिया। आरोपी का नाम संजय कोष्ठी बताया जा रहा है। अभी हत्या की वजह सामने नहीं आई है। शुरुआती जांच में प्रेम-प्रसंग या रंजिश की आशंका जताई जा रही है, लेकिन अधिकारी फिलहाल जांच पूरी होने तक कुछ ▶▶ शेष पेज 4 पर

### नर्सिंग ऑफिसर को भी धमकाया

अस्पताल में नर्सिंग ऑफिसर नलिन भी उस वक्त वहीं मौजूद थे। नलिन ने बताया कि काले रंग की शर्ट पहने एक युवक आया था। आते ही वह कुर्सी पर बैठी लड़की के पीटने लगा। मैंने उसे रोकने की कोशिश की और मना किया, तो उसने मुझे भी धमकी दी। कहा कि बीच में मत बोलो नहीं तो तुम्हें भी मार दूंगा। घायल छात्रा को तुरंत इलाज के लिए इमरजेंसी वार्ड में भर्ती किया गया, लेकिन ज्यादा खून बह जाने से कुछ ही देर बाद उसकी मौत हो गई।

## गुना में दूषित पानी से हाहाकार

# गांव के 47 लोग बीमार दो महिलाओं की मौत

स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

जिले के बमोरी क्षेत्र की मुहाल कॉलोनी में गुरुवार शाम अचानक बीमारी का ऐसा प्रकोप फैला गया। उल्टी-दस्त की शिकायत के साथ एक के बाद एक ग्रामीण बीमार पड़ते चले गए। देखते ही देखते यह संख्या 24 से ऊपर पहुंच गई, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं।

गंभीर हालात में कई मरीजों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया, जबकि कुछ को निजी अस्पतालों में भर्ती कराना पड़ा। अभी तक 47 लोगों की सूची तैयार की गई है जो बीमार हुए हैं। इस बीमारी की चपेट एक महिला उर्मिला बाई की मौत हो गई है, जबकि तीन-चार दिन पहले एक अन्य बुजुर्ग की भी मौत हुई थी। गांव में अचानक बड़ी संख्या में लोगों के बीमार होने के बाद प्रशासन हरकत में आया। स्वास्थ्य विभाग की टीम को तत्काल गांव भेजा गया, जहां उन्होंने पानी ▶▶ शेष पेज 4 पर



## गुजरात हाईकोर्ट की सुनवाई का वीडियो वायरल

# शर्मनाक...! टॉयलेट सीट पर बैठे हुए ही जज के सामने पेश हुआ शख्स

*वाकया हाईकोर्ट के जस्टिस निर्जर एस देसाई की सुनवाई के दौरान हुआ*

एजेंसी ▶▶अहमदाबाद

गुजरात हाईकोर्ट में वर्चुअल हियरिंग का सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया है। इसमें एक शख्य टॉयलेट से जज के सामने पेश हो गया। यह घटना 20 जून की बताई जा रही है। इससे पहले एक शख्स ऑनलाइन हियरिंग सिगरेट पीते हुए कैद हुआ था। यह वाकया हाईकोर्ट के जस्टिस ▶▶ शेष पेज 4 पर



### दूसरी बार ऐसा मामला

यह पहली बार नहीं है जब ऐसा हुआ है। यह दूसरा मामला है इससे पहले अप्रैल में भी ऐसी घटना सामने आई थी। तब भी अप्रैल में एक शख्स गुजरात हाई कोर्ट की सुनवाई के दौरान कैमरे पर सिगरेट पीता दिखा था। अदालत ने उस पर 50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया था।

## डेढ़ दर्जन जिलों में झमाझम, नर्मदापुरम जिले में 24 घंटे में गिरा सबसे ज्यादा 68 मिमी पानी

# हरदा, देवास और झाबुआ में अति भारी 'बारिश'

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

प्रदेश में बारिश के तीन मजबूत सिस्टम सक्रिय होने से पूरे प्रदेश में तेज बारिश का दौर जारी है। शुक्रवार को भी दिन के समय अधिकतर जिलों में तेज बारिश रिकार्ड की गई है। शनिवार को भी 11 जिलों में तेज बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। दरअसल उत्तर-पूर्वी हिस्से में एक चक्रवात है तो दक्षिणी हिस्से से द्रोणिका भी गुजर रही है। इस वजह से शुक्रवार सुबह से भोपाल और मऊगंज में बारिश हुई। तेज बारिश और हवा से भोपाल में 1100 क्वार्टर मंदिर के ▶▶ शेष पेज 4 पर



हरदा में पुल-पुलिया उफान पर

### सबसे ज्यादा नर्मदापुरम में हुई बारिश

पिछले 24 घंटे में नर्मदापुरम जिले में सबसे ज्यादा औसत 68 मिमी पानी गिर गया। खंडवा में 50 मिमी, उज्जैन में 48 मिमी, रतलाम में 45 मिमी, जबलपुर में 43 मिमी, टीकमगढ़ में 33 मिमी, सागर में 30 मिमी, छतरपुर के खजुराहो में 33 मिमी, छिंदवाड़ा में 30 मिमी, भोपाल-गुना में 25-25 मिली मीटर बारिश हुई। हरदा के ▶▶ शेष पेज 4 पर ▶▶ पढ़ें पेज 03 भी

## खबर संक्षेप



### दुर्घटना से बचाव, गोवंश को लगाए रेडियम बेल्ट

**संतनगर।** वर्षों से गो सेवा गोरक्षा क्षेत्र में काम कर रही श्री राधा कृष्णा गो सेवा संवर्धन सोसाइटी के गोसेवक कार्यकर्ताओं ने हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बारिश के आते ही रोड पर बैठने वाले गोवंश को वाहनों से दुर्घटना से बचाव के लिए, एवं मार्ग पर बैठे और चलते फिरते गोवंश से वाहन चालकों को बचाव के लिए रेडियम बेल्ट लगाने का अभियान चलाया। अभियान की शुरुवात संत नगर मुख्य मार्ग से की गई, जो मुख्य मार्गों सहित भोपाल के अन्य मुख्य मार्गों पर भी अभियान चलाया जाएगा, ताकि मुख्य मार्ग पर दुर्घटनाओं से गोवंश एवं वाहन चालकों का बचाव हो सके। अभियान में,जीतू कटारिया, पवन विश्वकर्मा, संजय अहिरवार, धर्मेंद्र यादव, बाला यादव, रवि यादव ने अपना सहयोग प्रदान किया।

### इंडिगो की जबलपुर उड़ान एक जुलाई से बंद होगी

**संतनगर।** इंडिगो एयरवेज द्वारा आगामी एक जुलाई से शेड्यूल में परिवर्तन किया जा रहा है, जिसमें तीन महीने पहले ही शुरू की गई जबलपुर उड़ान को बंद किया जा रहा है। इसके अलावा भी कुछ उड़ानों में परिवर्तन किया गया है। मालूम हो कि यह उड़ान सप्ताह में तीन दिन जबलपुर से मंगलवार, गुरुवार और शनिवार उड़ान शाम को 6:55 बजे जबलपुर से भोपाल आकर शाम 7:15 बजे जबलपुर के लिए रवाना होती थी। बताया जाता है कि जबलपुर रूट पर पर्याप्त पैसेंजर न मिलने के कारण इसे एक जुलाई से बंद किया जा रहा है। इसके अलावा बेंगलुरू और पर रायपुर उड़ानों में भी परिवर्तन हुआ है।

### कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पटेल का मनाया जन्मदिन



**औबेदुल्लागंज।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता द्वारका पटेल का जन्मदिन शुक्रवार को बड़े धूमधाम से मनाया गया। वरिष्ठ कांग्रेस नेता संजय सिंह चौहान, हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष कांग्रेस पार्षद राजेश खटीक, वरिष्ठ आदिवासी नेता विनोद इरपाजे, भोजपुर विधान सभा अध्यक्ष युवक प्रत्यासी यशवंत किर, पूर्व जिला अध्यक्ष आशीष गौर, सरपंच संघ अध्यक्ष राजू मेहरा, युवा नेता पंकज नागरानी, मोनी नागर, परवेज खान, राजा राजपूत, राजाराम यादव, रेवा शंकर राय, उत्तम यादव, दुर्गेश यादव, डॉ. नंदू नागर, मनोज खटीक, मनोज नागर, सुदर्शन हाजली, परवेज खान आदि ने बधाई दी।

### विरोधी के बाद भी दोस्त नजर आते हैं तीन नेता



**औबेदुल्लागंज।** यह चमत्कार है या दिखावा तीनों नेता एक दूसरे के विरोधी होते हुए भी जब सार्वजनिक स्थल पर मिलते हैं तो तीनों गहरे दोस्त नजर आते हैं। नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि सोनू चौकसे, नगर परिषद उपाध्यक्ष पति बागिश अग्रवाल, वार्ड 2 के पार्षद पति नरेश सेठी ये तीनों खुशी से मिलते हैं और चर्चा करते हैं। इस पर भाजपा नेता ने तंज कसते हुए कहा कि आखिर असलियत क्या है?

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 2716 | | |
| दिन: | 256 | 31 | 344 |
| रात: | 224 | 88 | 350 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 568 | 94 | 356 |
| रात: | 255 | 24 | 400 |

# जीएसटी के नाम पर करोड़ों का फर्जीवाड़ा करने वाला जालसाज रांची से गिरफ्तार

## ईओडब्ल्यू आरोपी को रिमांड पर लेकर कर रही पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



ईओडब्ल्यू ने जीएसटी में इनपुट टैक्स क्रेडिट के नाम पर करोड़ों का फर्जीवाड़ा करने वाले एक जालसाज को रांची से गिरफ्तार किया है। आरोपी विनोद कुमार सहाय उर्फ एनके खरे फर्जी दस्तावेजों से बोगस फर्म बनाकर फर्जीवाड़ा करता था। इसके बाद कागजों में खरीदी-बिक्री दिखाकर इनपुट टैक्स क्रेडिट लेता था। पूछताछ में पता चला है कि उसने सरकार को 34 करोड़ रुपए की राजस्व हानि पहुंचाई है।

ईओडब्ल्यू ने शुक्रवार को उसे जबलपुर जिला अदालत में पेश किया है। इसके बाद उसे कोर्ट ने 2 जुलाई तक की रिमांड पर सौंप दिया है। आरोपी ने पूछताछ में स्वीकार किया कि उसने जबलपुर, भोपाल और इंदौर में बड़े पैमाने पर जीएसटी धोखाधड़ी की है। उसके गिरोह ने लोगों को लोन का झांसा देकर पहले उनके दस्तावेज हासिल किए इसके बाद फर्जी फर्म बनाकर करोड़ों रुपए के इनपुट टैक्स क्रेडिट का अवैध हस्तांतरण कर सरकार को राजस्व का नुकसान पहुंचाया। वाणिज्य कर विभाग, जबलपुर के सहायक आयुक्त की रिपोर्ट में धोखाधड़ी का खुलासा हुआ था। आरोपी ने जो बोगस फर्में बनाई जांच में खुलासा हुआ कि इन पंजीकृत पतों पर कोई वास्तविक व्यवसायिक गतिविधि संचालित नहीं हो रही। ये फर्में केवल कागजों पर मौजूद थी।

### लोन दिलाने के बहाने लोगों को जाल में फंसाया

पकड़े गए मुख्य आरोपी विनोद कुमार सहाय उर्फ एनके खरे ने वर्ष 2019-2020 के दौरान जबलपुर में प्रताप सिंह लोधी, दीनदयाल लोधी, रविकांत सिंह सहित कई लोगों से संपर्क किया। वहीं लोगों को यह कहकर अपने जाल में फंसाया कि लोन के लिए जीएसटी पंजीकरण आवश्यक है। इस बहाने से, उसने उनसे उनके आधार कार्ड, पैन कार्ड, फोटो, बैंक खाता स्टेटमेंट, कृषि भूमि से संबंधित दस्तावेज हासिल कर लिए। इन दस्तावेजों का उपयोग कर आरोपी ने फर्जीवाड़े का अंजाम दिया। ईओडब्ल्यू इसके साथ शामिल अन्य लोगों को भी

# दसवीं की छात्रा ने फांसी लगाकर दी जान

## नहीं मिला सुसाइड नोट, माता-पिता और दादा की मौत के बाद डिप्रेशन में थी छात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रातीबड़ थाना क्षेत्र स्थित सुरभि कॉलोनी में दसवीं कक्षा की छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसकी लाश परिजन ने फांसी के फंदे पर लटकी देख पुलिस को सूचना दी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, लेकिन सुसाइड नोट नहीं मिला। सुसाइड नोट नहीं मिलने से आत्महत्या के कारण स्पष्ट नहीं हो सके है। प्रारंभिक पूछताछ में यह बात सामने आई कि माता-पिता और दादा की मौत के बाद से वह डिप्रेशन में थी।

पुलिस के अनुसार भूमिका पिता स्वर्गीय कमलेश भौसले (15) सुरभि कॉलोनी में रहती थी और दसवीं कक्षा में पढ़ती थी। उसका एक छोटा भाई भी है। मां ने घरेलू विवाद में वर्ष 20216-17 में उसकी मां ने केरोसिन छिड़ककर आग लगा ली थी। पिता की वर्ष 2018 हार्ट अटैक से मौत हो गई। दादा कंपनी एसएएफ में कंपनी कमांडर थे। वे भूमिका और पोते की परवरिश कर रहे थे। माता-पिता की मौत के बाद से भूमिका गुमशुम रहने लगी थी। वर्ष 2023 में दादा का बीमारी से निधन हो गया। अब परवरिश का जिम्मा दादी के हाथ था। दादा की पेंशन से घर खर्च चलता था। दादी ने बताया कि भूमिका ने गुरुवार रात करीब 9 बजे उसने कमरे में फांसी लगा ली। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने भूमिका का शव पीएम कराने के बाद शव परिजन को सौंप दिया गया है।

### एआईजी की कार को टक्कर मारने वाले का नहीं लगा सुराग

**भोपाल।** हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित चार इमली में बंगले के बाहर खड़े एआईजी के शासकीय वाहन को टक्कर मारने वाले वाहन का सुराग नहीं लगा है। पुलिस ने उनके शासकीय ड्राइवर की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार आरक्षक दिलीप धुर्वे (32) बरखेड़ी में रहते हैं और विशेष शाखा में आरक्षक हैं। उन्होंने बताया कि वह एआईजी विजय वाधवानी का शासकीय वाहन चलाते हैं। 25 जून की शाम करीब 7 बजे वह उन्होंने एआईजी विजय को आफिस से उनके बंगले डीएन 1/3 चार इमली में छोड़ा और बंगले के बाहर सड़क किनारे शासकीय वाहन खड़ा कर दिया। इसके बाद अपने घर चला गया था। गुरुवार सुबह एआईजी विजय ने उन्हें कॉल कर बताया कि रात करीब 2 से 3 बजे के बीच शासकीय वाहन को किसी अज्ञात चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दी थी।

## सड़क पर लगने लगा था जाम, देर रात पुलिस ने क्रेन से हटवाया

# बालमपुर घाटी पर दो ट्रक में आमने सामने की भिड़ंत, ड्राइवर की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सूखीसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित बालमपुर घाटी पर गुरुवार रात करीब 9 बजे दो ट्रकों की आमने सामने की भिड़ंत हो गई। इस हादसे में एक ट्रक ड्राइवर ट्रक के कैबिन में फंस गया, जबकि दूसरे ट्रक का ड्राइवर ट्रक छोड़कर भाग निकला। ग्रामीणों और राहगीरों ने कैबिन में फंसे ट्रक ड्राइवर को बाहर निकाला और इलाज के लिए अस्पताल भेजा था। वहां पता चला कि उसकी मौत हो चुकी है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस टक्कर मारने वाले ट्रक ड्राइवर पर मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार बृजेश सिंह पिता मंगल सिंह आदिवासी (25) गांव खिरिया, थाना उदयपुरा, जिला रायसेन का था। वह ट्रक ड्राइवर था और मंगलवार शाम मंडीदीप से ट्रक में पुट्ठा भरकर विदिशा जाने के लिए निकला था। सूखीसेवनिया के गांव बालमपुर पहुंचते ही घाटी के पास विदिशा की तरफ से आ रहे ट्रक से उसके ट्रक की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। बृजेश का ट्रक ड्राइवर साइड से रफ्तार में टकराया था। टक्कर लगने से कैबिन बुरी तरह से चिपट गया और बृजेश कैबिन में फंस गया। उसे सिर में दांई तरफ गंभीर चोट थी।

ग्रामीणों ने कैबिन में फंसे ट्रक ड्राइवर को बाहर निकाला और इलाज के लिए अस्पताल भेजा



### ग्रामीणों ने संभाला मोर्चा

घटना की जानकारी मिलते बालमपुर गांव के ग्रामीण और राहगीर ने ट्रक में फंसे बृजेश को बाहर निकाला। इसके बाद एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद बृजेश को मृत घोषित कर दिया। एएसआई बीएल कटारे ने बताया कि हादसे की सूचना थोड़ी देरी से मिली थी। जब वह पहुंचे तो ट्रक पलटा हुआ था और वहां से गुजरने वाले वाहनों को निकलने में दिक्कत हो रही थी। जाम की स्थिति बन रही थी। रात में क्रेन की मदद से ट्रक हटवाकर यातयात को सुचारू किया गया।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत



कोहेफिजा थाना क्षेत्र स्थित हलालपुर ईसाई कब्रिस्तान के पास बैरागढ़ से लौट रहे बाइक सवार युवकों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद दोनों को अस्पताल ले जाया गया। वहां इलाज के दौरान बुधवार-गुरवार की दरमियानी रात एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हुआ है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे देख रही है, ताकि टक्कर मारने वाहन का पता लगाया जा सके। पुलिस के अनुसार आसिफ शेख (28) गांधी नगर में रहता था और प्राइवेट काम करता था। गत 23 जून की शाम करीब पौने 4 बजे वह अपने साथी के साथ बैरागढ़ से भोपाल आ रहा था। ईसाई कब्रिस्तान हलालपुर पहुंचते ही उसकी बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में आसिफ और उसके साथी को गंभीर चोट आई थी। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, वहां बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात आसिफ की मौत हो गई। उसका साथी प्राइवेट अस्पताल में भर्ती है। पुलिस का कहना है कि घायल से अभी संपर्क नहीं हो सका है।

# पुलिस ने चार वाहन चोरों को गिरफ्तार कर 6 बाइक जब्त की

जब्त बइक की कीमत करीब 2 लाख 30 हजार रुपए बताई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप



औद्योगिक नगर में वाहन चैकिंग के दौरान पुलिस ने वाहन चोरों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 4 चोरों को गिरफ्तार कर 6 बाइक जब्त की है, जिसकी कीमत करीब 2 लाख 30 हजार रुपए बताई गई है। एसडीओपी शीला सुराना ने बताया कि बीते दिनों अलग-अलग स्थानों से बाइक चोरी की शिकायत मिली थी।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक पंकज कुमार पांडेय के निदेशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुसे के मार्गदर्शन में कार्रवाई की। आरोपी अमित उर्फ मुन्ना भेड़ा पिता अशोक तोमर खिडिया मोहल्ला, लक्ष्मीनारायण पिता खुमान सिंह छोटाखेड़ा कोलार रोड भोपाल, आकाश उर्फ अक्कू तोमर पिता बने सिंह अमरावत कला भोपाल और मोनू पिता अंतर सिंह तोमर निवासी कजलीखेड़ा जिला भोपाल को गिरफ्तार किया है।

आरोपी अमित उर्फ मुन्ना भेड़ा तोमर थाना मंडीदीप का निगरानी बदमाश है, उसके विरुद्ध पूर्व से थाने में 19 अपराध दर्ज हैं, जो लगातार फरार था। थाना औबेदुल्लागंज, थाना हरदा, थाना बैतुल, थाना बागसेवनिया, थाना कोलार रोड, थाना बुदनी, थाना रातीबड़ एवं जीआरपी में ग्रहभेदन, चोरी, मारपीट, गाली-गलोज, धमकी, डकेती की योजना, दुष्कर्म, आर्म्स एक्ट, आबकारी एक्ट सहित कुल 30 अपराध कायम हैं। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया वहां से जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी मंडीदीप रंजीत सराठे, सउनि वरुण सक्सेना, हुकुम सिह, कुंदन पवार, दिलीप यादव नितिन, राजेन्द्र ढोके, आरक्षक शिशुपाल सिंह, आरक्षक सूरज की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## पूजा कर रही बुजुर्ग के कपड़े में दीप से लगी आग, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अशोका गार्डन थाना क्षेत्र स्थित सुभाष कॉलोनी में आग से झुलसने के कारण 74 साल की बुजुर्ग की मौत हो गई। वे पूजा करते समय दीप से झुलस गई थी। घटना गत 18 जून की रात करीब 8 बजे की है। दीप से कपड़ों में आग लगने के बाद बुरी तरह से झुलसी बुजुर्ग को परिजन ने एम्स में भर्ती कराया गया था। वहां इलाज के दौरान बीती रात उनकी मौत हो गई।

पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार शिवकली मिश्रा पति शिव कुमार मिश्रा (74) सी-85, सुभाष नगर अशोका गार्डन में रहती थी। परिजन ने बताया कि गत 18 जून की रात करीब आठ बजे वह घर में पूजा कर रही थी। तभी दीपक से कपड़ों में आग लगने से वह झुलस गई। परिजन ने आग बुझाने के बाद हमीदिया अस्पताल पहुंचाया था। वहां से एम्स ले आए। एम्स में इलाज के दौरान गुरुवार रात करीब पौने दो बजे उनकी मौत हो गई।

## बाइक सवार पिता-पुत्री को कार ने मारी टक्कर

### बाइक पर पीछे बैठी बेटी को गंभीर चोट आई

**भोपाल।** कटारा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित सेज कॉलेज के सामने तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार पिता-पुत्री को टक्कर मार दी। हादसे में पिता को मामूली चोट आई है, जबकि पीछे बैठी पुत्री गंभीर रूप से घायल हुई है। उसका निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। टक्कर मारने के बाद कार का ड्राइवर मौके से भाग निकला। पुलिस ने अज्ञात कार चालक पर प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार 52 साल के देवेंद्र मेश्राम, इन्द्रा नगर मंडीदीप रायसेन में रहते हैं और प्राइवेट काम करते हैं। गुरुवार को उनकी 22 साल की बेटी मोना मेश्राम की परीक्षा थी। सेंटर सेज यूनिवर्सिटी में होने के कारण वह मंडीदीप से बाइक से बेटे को पेपर दिलाने के लिए निकले थे। पिता-पुत्री सेज यूनिवर्सिटी के सामने दोपहर करीब साढ़े 12 बजे पहुंचे। मुख्य सड़क पर ब्रेकर होने के कारण देवेंद्र ने बाइक की रफ्तार कम की, तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। बाइक में पीछे से टक्कर लगने के बाद वे और बेटी सड़क पर गिर गए, जबकि कार वाला तेजी से कार चलाकर मौके से भाग निकला। इस हादसे में देवेंद्र को मामूली चोट थी, लेकिन बेटी मोना मेश्राम को सिर, पैर, कमर में व घुटने में चोट आई है। उसका निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

## भोपाल स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल ने बिछुड़े नाबालिग बालक को अपने संरक्षण में लिया

**भोपाल।** भोपाल मंडल द्वारा यात्रियों की सुरक्षा एवं सहायता के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी के तहत शुक्रवार को भोपाल स्टेशन पर रेल सुरक्षा बल के सतर्क जवानों ने एक नाबालिग बालक को सुरक्षित संरक्षण प्रदान कर मिसाल पेश की। भोपाल स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 1 पर तैनात प्रधान आरक्षक राकेश को एक 12 वर्षीय बालक अकेला मिला।

बालक से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम निशांत राजपूत पुत्र खमानु प्रताप राजपूत, निवासी आर्य नगर, अकबरपुर, उत्तर प्रदेश बताया। बालक ने बताया कि वह अपने चाचा के साथ यात्रा कर रहा था और भीड़-भाड़ में बिछड़ गया। इसके बाद बालक को रेल सुरक्षा बल पोस्ट भोपाल लाया गया। जहां उपनिरीक्षक संध्या चौधरी द्वारा बालक से विस्तार से पूछताछ कर आवश्यक जानकारी संकलित की गई। मामले की सूचना बाल कल्याण समिति के सदस्य धनीराम पवार को दी गई। उनके निर्देशानुसार बालक को आवश्यक चिकित्सकीय परीक्षण उपरांत ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के तहत नित्य सेवा सोसाइटी, चांदबड़, भोपाल को सुपुर्द किया गया।



## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दलित बस्तियों में कराया सहभोज

**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में ग्वालियर उच्च न्यायालय में डॉ. भीमराव आंबेडकर की मूर्ति लगाने की मांग को लेकर कांग्रेस ने संविधान सत्याग्रह शुरू किया है। इसी कड़ी में नगर में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दीपेश मीना के नेतृत्व में वार्ड 10 में सहभोज का आयोजन किया गया। इसमें दलित, आदिवासी, पिछड़ा और सामान्य वर्ग के लोगों ने एक साथ बैठकर भोजन किया।

कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण से हुई। युवक कांग्रेस अध्यक्ष झुम्मक पाल ने कहा कि यह संविधान बचाओ आंदोलन है। भाजपा सरकार बाबा साहेब आंबेडकर का अपमान कर रही है। समाज में छुआछूत और भेदभाव फैलाया जा रहा है। कांग्रेस ने हमेशा सभी को बराबरी का दर्जा दिया है। ग्वालियर खंडपीठ में अंबेडकर की मूर्ति लगनी थी, लेकिन सरकार ने अब तक नहीं लगाई। इसी के विरोध में प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के नेतृत्व में पूरे मध्यप्रदेश में संविधान सत्याग्रह चलाया जा रहा है।

## चंद्रा देवी रोशन कर गईं दो जिंदगियां

**संतनगर।** संत हिरदाराम नगर, भोपाल निवासी चन्दा देवी मेंघानी का देहावसान गुरुवार को हो गया। दिवंगत चंद्रा देवी के पुत्र प्रकाश मेंघानी ने अपनी माता की आंखें सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय को दान में दे दी हैं। दिवंगत प्राणी के नेत्र अब दो जरूरतमंद दृष्टिबाधित व्यक्तियों को प्रत्यारोपित किए जाएंगे। सेवा सदन अस्पताल ने अभी तक 2,238 दृष्टिबाधित लोगों को निःशुल्क नेत्र प्रत्यारोपित कर नेत्र ज्योति प्रदान की है। प्रबंधन ट्रस्टी ए.सी. साधवानी ने दिवंगत की आत्मा की षांति के लिए प्रार्थना तथा परिवार जन के प्रति स्वजन के नेत्रों का दान करवाने पर कृतज्ञता प्रकट की है।



## धोखाधड़ी के दोषी को तीन वर्ष की सजा

विधिक संवाददाता ▶▶ भोपाल

फर्जी दस्तावेज तैयार कर धोखाधड़ी कर मध्यप्रदेश राज्य सरकारी आवास संघ मर्यादित सहकार भवन नार्थ टीटी नगर भोपाल से 120 लाख रुपए ऋण प्राप्त कर ठगी करने वाले आरोपी रमेश पटेल को न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी तनुश्री शिवहरे ने भादसं 1860 की धारा-406 और 420 सहपठित धारा 34 के अंतर्गत दोषी ठहराते हुए 3 वर्ष के सश्रम कारावास और 20,000 रुपए के अर्थदण्ड से दंडित किया है।

उक्त प्रकरण में शासन द्वारा की ओर से सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी रचना चिडार द्वारा पैरवी की गई है। आरोपी रमेश पटेल ने घटना दिनांक 16 अगस्त 1999 से 10 मार्च 2000 तक स्वजन गृह निर्माण संस्था मर्यादित भोपाल के अध्यक्ष पद पर होते हुए मध्यप्रदेश राज्य सरकारी आवास संघ मर्यादित सहकार भवन नार्थ टीटी नगर भोपाल से खसरा क्रमांक 261/01 रकबा 16 एकड़ की भूमि को अपने नाम और स्वत्व की बताकर कूटरचित अनुबंध निष्पादित कर संस्था व आवास संघ के साथ धोखधड़ी की थी।

## अतिक्रमण में टूटी दुकानों के मालिकों से मिले पटवा और एसड़ीएम, कहा-

# योजनाबद्ध तरीके से सभी प्रभावित दुकानदारों को पक्की सुव्यवस्थित और स्थाई दुकानें जल्द उपलब्ध कराएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नगर में शुक्रवार को रेस्ट हाउस में विधायक सुरेंद्र पटवा एवं एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव ने नगर परिषद द्वारा हटाई गई दुकानों के मालिकों से मिले। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण हटाने की कर्रवाई से प्रभावित किसी भी व्यापारी को अकेला नहीं छोड़ा जाएगा। हम उनके साथ हैं। योजनाबद्ध ढंग से सभी प्रभावित दुकानदारों को पक्की, सुव्यवस्थित और स्थायी दुकानें उपलब्ध कराएंगे, ताकि भविष्य में उन्हें दोबारा परेशानी का सामना न करना पड़े।हम यह भी सुनिश्चित करेंगे कि उनका व्यवसाय पहले से अधिक सशक्त और सुरक्षित हो। इसी दिशा में हम निरंतर कार्य कर रहे हैं।





### बैठक में ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर नरेंद्र शर्मा, नगर परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी चौकसे, उपाध्यक्ष नमीता अग्रवाल, पार्षद भारती सेठी, सना ममनून, हेमलता चौरसिया, सुजीत यादव, सुनील शेरिया, मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, मीडिया प्रभारी पंकज कोठारी, सोनू चौकसे, दीपू परमार, मनोज चौरसिया, माधव यादव, रविंद्र विजयवर्गीय, राजेंद्र गुड्डू साहू, जीतू नंदवंशी, पुरुषोत्तम शर्मा, गजेंद्र नागर, कांता पटेल सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### आप सब दुकान के मालिक बनेंगे

इस अवसर पर विधायक पटवा ने कहा कि नगर को सुंदर और स्वच्छ बनाने के लिए हम और आप मिलकर प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि नगर में 1800 करोड़ का रेलवे प्लांट आने और तामोट में बड़ा उद्योग क्षेत्र बनने से औबेदुल्लागंज का व्यापार दिनों दिन बढ़ेगा। इसीलिए आप सब दुकान के मालिक बने और अच्छा व्यापार करें। पटवा ने कहा कि औबेदुल्लागंज के विकास के लिए 8 करोड रुपए मुख्यमंत्री मोहन यादव ने दिए हैं। फुटपाथ, नाली और डिवाइडर बनाए जाएंगे।

### दुकानों का प्लान आपके पास पहुंचेगा

इस अवसर पर एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव ने कहा आप सभी दुकानदार की सहमति से अतिक्रमण हटा है। आप सभी दुकानदारों को दुकान का मालिक बनाने की योजना बनी है, शीघ्र आपके दुकानों का प्लान आपके पास पहुंचेगा। इस अवसर पर नगर परिषद नवनियुक्त सीएमओ किरन रहंगडाले ने कहा कि नगर परिषद की योजना की जानकारी लेने और आपकी सुख सुविधा के लिए नगर परिषद सदैव तत्पर है।

पार्श्वनाथ जैन मंदिर में हुए प्रवचन

## व्यक्ति की नहीं, गुणों की पूजा करो: निराकुल सागर महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

पार्श्वनाथ जैन मंदिर में शुक्रवार को मुनिश्री निराकुल सागर महाराज ने प्रवचन देते हुए कहा कि जो विनयवाण हो, आस्थावान हो, आज्ञाकारी हो, श्रद्धावान हो, कल्याणकारी हो, एक वही सच्चा शिष्य है, जो गुणों से लबालब भरा हो, ज्ञान ध्यान तप में लीन हो, व्यक्ति का सम्मान नहीं है, व्यक्ति में जो चारित्र की गुरुता है, वही पूज्य है। पूजा योग्य बनना है तो चारित्र धारण करो, व्यक्ति की नहीं गुणों की पूजा करो।

पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में मुनिश्री निराकुल सागर महाराज ने शुद्ध चंदन षष्ठी विधान कराया। इस विधान में समाज अध्यक्ष सुनील, डॉ. मीना जैन, संभव जैन, तरुण जैन, एलसी जैन, पुष्पा जैन, पूर्व अध्यक्ष सुनील वर्धमान, विनय जैन आदि ने विधान में शामिल हुए। मुनिश्री निराकुल सागर महाराज ने इस विधान की महिमा समझाई। इस अवसर पर मुनिश्री अजय सागर महाराज, तत्वार्थ छुल्लक महाराज उपस्थित रहे। पार्श्वनाथ जैन मंदिर में मुनिश्री के प्रवचन सुनने के लिए बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।



10 रथ में सवार होकर नगर भ्रमण पर निकले भगवान...



11 सफेद कैनवास पर क्रेयॉन्स वर्क से सजाए धार के बाजार...





एक साथ चालीस दुकानों पर जांच से मचा हड़कंप

## रंगदारी पर उतरे पीडीएस दुकानदार, कंट्रोलर को जांच करने से रोका, बुलाना पड़ी पुलिस

**पुलिस** बुलाने के बाद हुई दुकान की जांच, 1 क्विंटल 60 किलो अधिक मिला चावल

**एकमुश्त** राशन में मिल रही गड़बड़ियों के बाद दुकानदारों की रंगदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जून, जुलाई और अगस्त महीने का एकमुश्त राशन बांटने के मामले में राजधानी के पीडीएस दुकानदार गड़बड़ी कर रहे हैं। कैंची छोला स्थित दुकान नंबर-248 में राशन के बदले पैसे देने के मामले का खुलासा होने के बाद शहरभर की दुकानों में जांच की गई, जहां उपभोक्ताओं से ठगी का खुलासा हो रहा है। शुक्रवार को जिला आपूर्ति नियंत्रक चंद्रभान सिंह जादौन एएसओ अशोक सत्यार्थी और जेएसओ वसुंधरा पेंड्रो बुधवारा स्थित दुकान नंबर-58 पहुंचे, तो वहां दुकानदार फरहान उपभोक्ताओं को राशन नहीं बांट रहा था, कंट्रोलर ने जब पीओएस मशीन उठाई तो दुकानदार उनके साथ बदसलूकी करने लगा।



### उपभोक्ताओं के भी दर्ज किए बयान

जिसको लेकर कंट्रोलर को पुलिस बुलाकर जांच करना पड़ी। जांच में यहां चावल, शक्कर और नमक का अधिक स्टॉक मिला है। पुलिस की मौजूदगी में जब जांच शुरू की तो दुकानदार हंगामा करने लगा। इस दौरान उसने कई लोगों से पीओएस मशीन में अंगूठा लगवाकर राशन नहीं दिया था। जिसको लेकर उपभोक्ताओं के बयान भी दर्ज किए गए हैं। इधर, पास स्थित दुकान नंबर-53 पर पीडीएस दुकानदार चावल का स्टॉक नहीं होने से गेहूं बांट रहा था। टीम ने यहां भीड़ नहीं लगाने और नियम से राशन बांटने की हिदायत दी।

### जुलाई में भी मिलेगा तीन महीने का राशन

*राशन दुकानों पर उपभोक्ताओं की भीड़ को देखते हुए कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह के निर्देश पर जिला आपूर्ति नियंत्रक ने जुलाई माह में भी तीन महीने का एकमुश्त राशन देने के आदेश जारी किए हैं। कंट्रोलर ने सभी बीपीएल उपभोक्ताओं से ईकेवायसी कराने की बात कही है। जिन परिवारों के सभी सदस्यों की ईकेवायसी है, वह अपनी पसंद की दुकान से भी राशन ले सकेंगे।*

### आनंद नगर में भी मिली गड़बड़ी

जिला आपूर्ति नियंत्रक की टीम शुक्रवार को आनंद नगर की उपकार प्राथमिक सहकारी उपभोक्ता भंडार पहुंची, जहां राशन बांटा जा रहा था। जांच करने पर यहां 12 क्विंटल 66 मिलो गेहूं क्विंटल कम और पौने चार क्विंटल फोर्टिफाइड चावल अधिक मिला।

### कैंची छोला की दुकान एक किमी दूर अटैच

कैंची छोला स्थित दुकान नंबर-248 को सस्पेंड करने के साथ दुकान पर अटैच 1980 उपभोक्ताओं को गुलमर्ग प्राथमिक सहकारी उपभोक्ता भंडार की दुकान नंबर-33 पर अटैच कर दिया गया है। जिससे उपभोक्ताओं को राशन लेने के लिए एक किलोमीटर दूर जाना पड़ेगा।

### जारी रहेगी जांच और कार्रवाई

जिले की पीडीएस दुकानों से करीब साढ़े तीन लाख परिवारों को तीन महीने का एकमुश्त राशन दिया जा रहा है। जिसके तहत कहीं कोई गड़बड़ी न हो, इसके लिए सभी एएसओ और जेएसओ को सभी दुकानों की जांच और कार्रवाई करने की हिदायत दी गई है।

**चंद्रभान सिंह जादौन**, जिला आपूर्ति नियंत्रक

---

20 रुपए फीस में ऑनलाइन बन रहे फर्जी प्रमाण-पत्र

## जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र में मिली गड़बड़ी, फर्जी वेबसाइट से हो रहे जारी




**भोपाल।** शहर के लोगों को सावधान होने की जरूरत है, ऐसे में अगर आपने किसी दलाल से जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाया है, तो उसके क्यूआर कोड से जांच कर ली जाए, हो सकता है, वह फर्जी हो। दरअसल नगर निगम के जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रार दफ्तर ने फर्जी वेबसाइट से जारी किए जा रहे एक प्रमाण पत्र को जब्त किया है। जांच करने पर फर्जी होने की पुष्टि के बाद रजिस्ट्रार सत्यप्रकाश बड़गैया ने गोविंदपुरा पुलिस को एफआईआर के लिए पत्र भेजा है। शुक्रवार को कोलार निवासी आरती नामक एक महिला बेटे शिवांग भमिक का जन्म प्रमाण पत्र में संशोधन कराने पहुंची थी, उसने विशाल प्रजापति को जब प्रमाण पत्र दिया तो उसने उसे सरकारी वेबसाइट पर स्कैन कर जांचा, जिसमें फर्जी वेबसाइट खुल गई। प्रमाण पत्र भी असली लग रहा था। जब पोर्टल पर स्कैन किया तो एक साइट खुली, जो बिलकुल सरकारी लग रही थी। लेकिन सरकारी रिकार्ड में उसका नाम कहीं दर्ज नहीं था। काफी जांच-पड़ताल पर पता चला कि यह फर्जी वेबसाइट है। इसके बाद शिकायत थाना गोविंदपुरा में की गई।

- निगम ने गोविंदपुरा थाने में दर्ज करवाई एफआईआर

### सर्टिफिकेट पर रजिस्ट्रार के हूबहू डिजिटल सिग्नेचर

फर्जी प्रमाण पत्र पकड़ में आने के बाद यह भी सामने आया कि प्रमाण पत्र में रजिस्ट्रार के हुबहू डिजिटल साइन हैं। नगर निगम के जन्म-मृत्यु प्रमाण शाखा के रजिस्ट्रार सत्यप्रकाश बड़गैया ने बताया कि भारत सरकार की वेबसाइट और फर्जी पोर्टल को चैक करने पर पता चला कि किसी साइबर एक्सपर्ट ने इसे तैयार किया है। इसमें खास बात यह है कि प्रमाण पत्र बनवाने के लिए कोई कागजात भी नहीं मांगे जा रहे। बल्कि 20 रूपए ऑनलाइन जमा करते ही प्रमाण पत्र जारी हो रहा है।

---

उफ्फ ये **बारिश...**

## भोपाल में बिगड़ा ट्रैफिक, पुराना शहर लबालब इंदौर-देवास रोड पर जाम ने ली एक की जान

*यूं तो बारिश की अभी शुरुआत है, लेकिन निगम और ट्रैफिक के दावों की पोल खुलती नजर आ रही है। चॉक सीवेज और नालों में कचरे की वजह से गुरुवार देर शाम हुई तेज बारिश ने अल्पना तिराहे से लेकर नादरा बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन तक कोहराम मचा दिया। वहीं, अरेरा कॉलोनी के 1100 क्वार्टर इलाके में एक पेड़ बीच सड़क पर आ गिरा। इधर, शुक्रवार को भारत टॉकीज क्षेत्र में सुबह जाम लग गया, जिससे हजारों वाहन एक घंटे तक फंसे रहे। वहीं, इंदौर देवास रोड पर भी कई किलोमीटर तक जाम लगने से कार में फंसे एक व्यक्ति की कार्डियक अरेस्ट से मौत हो गई। हालांकि मृतक के बेटे ने उन्हें कार से निकालने का काफी प्रयास किया, लेकिन जाम की वजह से वह उन्हें निकाल नहीं पाया।*

### भारत टॉकीज के पास एक घंटे जाम में फंसे रहे एक हजार से अधिक वाहन, राहगीर हुए परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल। भारत टॉकीज से नादरा बस स्टैंड रोड़ पर शुक्रवार को लंबा जाम लगा। इस जाम में सैकड़ों वाहन जाम में फंसे रहे। इसके चलते ऑफिस जाने वाले लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। सुबह 11 बजे के करीब बड़ा जाम लग गया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में लोग अपने ऑफिस जाने के लिए वाहनों से निकल आए। वहीं ट्रैफिक पुलिस की लचर व्यवस्था के कारण करीब एक घंटे तक एक हजार के करीब वाहन इस लंबे जाम में फंसकर रह गए। इस जाम का कारण ट्रैफिक के बढ़ते दबाव को बताया गया है।

#### पुराने शहर में चल रहा मेट्रो का काम, उस पर हो गई भारी बारिश

दरअसल, अल्पना टॉकीज, भोपाल स्टेशन के पास और पुल बोगदा के यहां पर मेट्रो का काम चल रहा है। इसके चलते कई जगह पर यातायात में बदलाव किया गया, जिससे सड़कों पर दवाब देखने को मिल रहा है। इसके अलावा शुक्रवार रात को बारिश के कारण यहां सड़कें पानी में डूब गई थी। इसके चलते आए दिन जाम के हालत बन रहे हैं। इसको लेकर ट्रैफिक पुलिस के अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। हालांकि यातायात पुलिस के अधिकारियों का कहना है कि जहां पर जाम के हालत बन रहे हैं। वहां पर अतिरिक्त बल तैनात किया जाएगा, जिससे यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो सके।

### भोपाल स्टेशन पर पार्सल कार्यालय डूबा, 200 से अधिक पार्सल की लोडिंग-डिलीवरी अटकी



गुरुवार देर रात हुई बारिश की वजह से भोपाल रेलवे स्टेशन स्थित पार्सल कार्यालय में ढाई फीट पानी भर गया। इसके चलते पार्सल बुकिंग और डिलीवरी की पूरी व्यवस्था चरमरा गई है। जानकारी के मुताबिक, तीन मुख्य बुकिंग काउंटर पूरी तरह बंद हैं। इसके चलते बुकिंग कराने वाले लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। तो कर्मचारी भी इसके चलते परेशान होते रहे। सुबह से शाम चार बजे तक ऐसे ही पानी भरा रहा। इसके बाद वाटर पंप से पानी निकाला गया। मंडल के प्रवक्ता नवल अग्रवाल ने बताया कि पानी निकल दिया गया है। सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त कर ली गई हैं।

#### पास ही बनाए अस्थाई बुकिंग काउंटर से चला रहे काम

स्टोर रूम, बुकिंग काउंटर और डिलीवरी शेड तीनों में पानी भर गया है। इस कारण करीब 200 से अधिक पार्सल अब तक लोड नहीं किए जा सके हैं। पार्सल विभाग ने पास ही स्थित एक अन्य कार्यालय को अस्थायी बुकिंग काउंटर बनाया है। वहीं डिलीवरी के लिए एक अलग शेड में नया काउंटर खोला है, लेकिन संसाधन सीमित होने से यह नाकाफी है। रेल अफसरों ने बताया जलभराव का कारण पार्सल कार्यालय के पास की नाली का जाम होना है, जिसकी वजह से बारिश का पानी निकासी नहीं पा सका और पूरा ऑफिस इसकी चपेट में आ गया।

### दस जर्जर मकान कराए जाएंगे खाली 1550 को नोटिस

शहर में 1550 मकान जर्जर हो चुके हैं। इन्हें नगर निगम ने हाल ही में चिंहित किया है। इनमें से 10 अति जर्जर हैं, जिन्हें खाली करवाना जरूरी है। निगम के यांत्रिक विभाग ने सभी को नोटिस जारी कर दिए हैं। यांत्रिक विभाग के एसई सुबोध जैन के मुताबिक अति जर्जर भवनों को जल्द ही खाली करवाने के प्रयास किए जा रहे हैं। नगर निगम के सभी 21 जोन में यांत्रिक विभाग की टीमों ने जर्जर मकानों को चिंहित कर रिपोर्ट पेश कर दी है। जिसके तहत शहर में करीब 1550 मकान जर्जर हैं। इनमें से 10 ऐसे मकानों को भी चिंहित किया है, जो खतरनाक स्थिति में हैं। सभी को यांत्रिक विभाग ने नोटिस थमा दिए हैं। इन अति जर्जर मकानों को खाली कराने की प्रक्रिया शुरु कर दी गई है।



#### खंडरनुमा मकान में युवक की मौत से सबक

बुधवार को ओल्ड एमएलए रेस्ट क्वार्टर के पास एक जर्जर भवन में दबने से एक युवक की मौत हो गई। युवक अवैध रूप से यहां रह रहा था, जबकि इन क्वार्टर को गिराया जाना था। ऐसे में हादसा हो गया। वहीं जवाहर चौक स्थित आस्था हॉस्पिटल के सामने एक दीवार ढहने से एक व्यक्ति घायल हो गया। इन हादसों से सबक लेते हुए नगर निगम ने शहर के अति जर्जर भवनों को खाली करवाने के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

### घबराहट के बाद कार में फंसे किसान की मौत

*सड़क की जर्जर हालत और बेतरतीब निर्माण कार्य के चलते इंदौर-देवास के बीच हाईवे पर लगातार हालात बद से बदतर हो रहे हैं। जाम से निकलने के बाद लोगों को टोल पर भी लम्बे समय तक कतारों में रुकना पड़ रहा है। इस जाम में इंदौर के बिजलपुर निवासी एक व्यक्ति की कार्डियक अरेस्ट से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि 62 वर्षीय किसान कमल पांचाल उनकी बहन की तेरहवीं कार्यक्रम में शामिल होने के लिए परिवार सहित देवास आ रहे थे। इस दौरान कार अर्जुन बड़ौदा के पास जाम में फंस गई। जाम के दौरान उन्हें घबराहट हुई, जिसके बाद उनके पुत्र ने कार निकालने के काफी प्रयास किए, परन्तु वे नहीं निकल पाए। करीब डेढ़ घंटे बाद वे जाम से निकलकर अपने पिता को लेकर देवास के निजी अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।*



---





*__भोपाल।__ भारतीय सेना ने शुक्रवार को एनडीआरएफ और एसडीआरएफ के साथ मिलकर एक मॉक ड्रिल आयोजित की। इस दौरान आपदा में फंसे लोगों को निकालने का लाइव डेमोस्ट्रेशन दिया गया। यह मॉक ड्रिल बड़ा तालाब स्थित थ्री इएमई सेंटर खानूगांव में हुई। इसके माध्यम से किसी भी प्रकार की आपदा से लोगों को बचाने के लिए चलाए जाने वाले रेस्क्यू ऑपरेशन का प्रदर्शन दिखाया गया। लाइव डेमोंस्ट्रेशन के दौरान स्टेट डिजास्टर रिस्पांस फोर्स की टीम ने बाढ़ प्रभावित इलाकों की तरह पानी में फंसे लोगों को सुरक्षित निकालने का अभ्यास किया। मॉक ड्रिल में यह भी बताया गया कि किस तरह से आपदा के समय ज्वाइंट ऑपरेशन चलाया जा सकता है। वहीं रेस्क्यू ऑपरेशन में इस्तेमाल की जाने वाली सभी तरह की बोट्स, सेफ्टी बोट, और रेस्क्यू बोट को शामिल किया गया।*



डूबते व्यक्ति को बचाकर स्ट्रेचर पर ले जाते जवान।

### मॉक ड्रिल के जरिए आपदा की घड़ी में लोगों को सुरक्षित निकालने का प्रदर्शन

## सेना ने एनडीआरएफ और एसडीआरएफ के साथ मिलकर दिया बोट क्लब पर रेस्क्यू ऑपरेशन का लाइव डेमोस्ट्रेशन



किनरे पर लाकर फर्स्ट एड दिया गया।



**गहरे पानी में डूब रहे युवक को बचाने का डेमो**

*इस दौरान एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम ने एक डेमो दिया जिसमें बोट के जरिए तालाब में डूब रहे एक युवक को बचाया गया। इस दौरान सेना, एनडीआरएफ और एसडीआएफ सहित रेस्क्यू ऑपरेशन से जुड़ी अन्य एजेंसियों का तालमेल देखने को मिला। रेस्क्यू टीम के सदस्यों ने पहले तालाब में डूब रहे युवक की लोकेशन ट्रैक की। इसके बाद बोट में सवार होकर बीच तालाब में पहुंचे और रेस्क्यू ऑपरेशन को अंजाम दिया। युवक को बचाने के दौरान यह भी दिखाया गया कि रेस्क्यू टीम के सदस्य इस तरह की परिस्थितियों में कैसे वायरलेस, मोबाइल सहित अन्य उपकरणों के जरिए एक दूसरे के संपर्क में रहेंगे। मॉकड्रिल के समापन में एसडीआरएफ से जुड़े अधिकारियों ने कहा कि यह एक ज्वॉइंट ऑपरेशन था, जिसमें दिखा गया कि सेना और आपदा प्रबंधन से जुड़ी एजेंसियों की हर संभावित आपदा से जुड़ी पुख्ता तैयारी है।*

# कार्यालय नगर पालिक निगम, (यांत्रिकी विभाग) भोपाल

// निविदा आमंत्रण सूचना //

क्रमांक 762/यां/वि/2025 भोपाल, दिनांक - 27/06/2025

निम्न कार्य हेतु म.प्र. लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण website https://www.mptenders.gov.in पर है।

| क्र. | निविदा क्र. | कार्य का संक्षिप्त विवरण | अनुमानित लागत (रू. में) | निविदा क्रय करने की अंतिम दिनांक | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD _384427_2 | CONSTRUCTION OF HALL AND OTHER CIVIL WORKS AT AMRAPALI BUDDHA VIHAR WARD 25 ZONE 21 second call | 4,23,669/- | 02 jul 2025 | 05:30 PM |
| 2 | 2025_UAD _433193_1 | DEVLOPMENT OF BOUNDARY WALL CONSTRUCTION OF ROOMS AND OTHER WORKS AT BEEL KHEDA GOV. SCHOOL WARD 26 ZONE 21 | 27,30,440/- | 25 jul 2025 | 05:30 PM |
| 3 | 2025_UAD _433048_1 | CONSTRUCTION OF TOILET PAINTING BOUNDARY WALL, AND REPAIRING OF OLD CLASSROOMS SHED STAGE AND HALL AT GIRLS HIGHER SECONARY SCHOOL NEHRU NAGAR W/29 Z/08 | 25,42,371/- | 25 jul 2025 | 05:30 PM |
| 4 | 2025_UAD _433121_1 | FALSE CIELING WATER PROOFING FLOORING PAVING BLOCK SHED AND ELECTRIC WORK AT RAJIV GANDHI MACHNA COLONY SCHOOL W-46 Z-08 | 16,94,894/- | 25 jul 2025 | 05:30 PM |
| 5 | 2025_UAD _433166_1 | WATER PROOFING WORK SHED AND OTHER REPAIR WORKS AT GOVT. SCHOOL 25 BATTALION WARD 25 ZONE 21 | 5,63,578/- | 10 jul 2025 | 05:30 PM |
| 6 | 2025_UAD _433141_1 | CONSTRUCTION OF SHED, PAVER BLOCKS, TOILET REPAIR AND WATER PROOFING WORK AT SARDAR VALLBH BHAI PATEL SCHOOL, SEVNIYA GOND WARD 26 ZONE 21 | 8,94,824/- | 10 jul 2025 | 05:30 PM |

नोट - संशोधन केवल वेबसाईट पर ही देखे जा सकेंगे समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं होंगे।

नि.क्र. : 1868/025/026

कार्यपालन यंत्री (सिविल)
नगर निगम, भोपाल



केनरा बैंक Canara Bank
भारत सरकार का उपक्रम A Govt. of India Undertaking
सिंडिकेट Syndicate

क्षेत्रीय कार्यालय : तृतीय ब्लॉक, पांचवी मंजिल, पर्यावास भवन, जेल रोड, अरेरा हिल्स, भोपाल

**विषयः वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (जिसे आगे अधिनियम कहा जाएगा) की धारा 13 (8) के अंतर्गत मोचन के अधिकार का प्रयोग करने के लिए सूचना**

अधोहस्ताक्षरी, केनरा बैंक, संबंधित शाखा, क्षेत्रीय कार्यालय,भोपाल (सुरक्षित ऋणदाता) के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते, अधिनियम के तहत नियुक्त, अधिनियम की धारा 13 (8) के साथ सरफेसी नियमों के नियम 8 (6) के तहत, आप सभी को निम्नानुसार यह नोटिस जारी करते हैं:

जैसा कि आप सभी जानते हैं कि सुरक्षित ऋणदाता ने अधिनियम की धारा 13 (2) के तहत, नीचे उल्लेखित ऋणीयों को, उक्त सूचना की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर नीचे उल्लेखित राशि और उस पर ब्याज का भुगतान करने की मांग करते हुए, नीचे उल्लेखित दिनांक को मांग सूचना जारी किया था।

चूंकि, ऋणी/फर्म, बंधककर्ता और जमानतदार उपरोक्त मांग सूचना में उल्लेखित राशि चुकाने में विफल रहे है, इसलिए अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत प्राधिकृत अधिकारी ने नीचे उल्लेखित कब्जे की सूचना में वर्णित सुरक्षित संपत्तियों का सांकेतिक/भौतिक कब्जा ले लिया था। इसके अलावा, उक्त सांकेतिक/भौतिक कब्जे की सूचना को नीचे उल्लेखित समाचार पत्रों में नीचे उल्लेखित दिनांक को विधिवत प्रकाशित किया गया था।

सरफेसी अधिनियम, 2002 के प्रावधानों को सरफेसी नियमों के नियम 8 (6) के साथ पालन करने के लिए, आप सभी को इस सूचना की प्राप्ति से 30 दिनों के भीतर सुरक्षित लेनदार के कब्जे में सुरक्षित परिसंपत्तियों को भुनाने और पुनः प्राप्त करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें नीचे उल्लेखित देयताओं और बाद के ब्याज, लागतों और खर्चों को पूरी तरह से चुकाना शामिल है, ऐसा न करने पर अधिनियम के तहत नीलामी सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जाएगा, जिसमें सुरक्षित परिसंपत्तियों को बेचने के लिए नीचे उल्लेखित निम्नलिखित तरीकों में से एक को निर्दिष्ट किया जाएगाः

1.समान सुरक्षित परिसंपत्तियों से निपटने वाले या परिसंपत्तियों को खरीदने में अन्यथा रुचि रखने वाले व्यक्तियों से उद्धरण प्राप्त करके; या
2. जनता से निविदाएं आमंत्रित करके, या
3. ई-नीलामी मोड के माध्यम से सार्वजनिक नीलामी आयोजित करके; या
4. निजी संधि द्वारा।

अधिनियम की धारा 13 (8) के अनुसार, आप समाचार पत्रों में बिक्री सूचना के प्रकाशन की दिनांक से पहले किसी भी समय सुरक्षित परिसंपत्तियों को भुनाने के हकदार हैं, ऐसा न करने पर अधिनियम की धारा 13 (8) के अनुसार बंधक संपत्ति को भुनाने का आपका अधिकार समाप्त हो जाएगा।

यह विषय अधिनियम/या लागू किसी अन्य कानून के तहत सुरक्षित ऋणदाता को उपलब्ध किसी भी अन्य अधिकार के प्रति पूर्वाग्रह के बिना है।

| खाते/ऋणी/जमानतदार का नाम | बकाया राशि | मांग सूचना दिनांक / कब्जा दिनांक | समाचार पत्र का नाम एवं प्रकाशन दिनांक |
|---|---|---|---|
| **केनरा बैंक, एम.पी. नगर शाखा, भोपाल** | | | |
| ऋणीः **श्री अर्जुन सिंह चौहान C/o विजय सिंह चौहान,** फ्लैट नंबर 601 निर्मलम, होशंगाबाद रोड, आशिमा रॉयल सिटी, बाघमुगालिया, भोपाल म.प्र.-462043 सहन ऋणीः **श्रीमती विशाखा चौहान पत्नि अर्जुन सिंह चौहान,** मकान नंबर 87 शिक्षक कांग्रेस कॉलोनी पानी की टंकी के पास बागमुगलिया हुजूर, भोपाल, म.प्र.-462043 | ₹ 17,97,462/- + ब्याज एवं अन्य खर्चे | 02.04.2025 / 13.06.2025 | दैनिक जागरण (हिन्दी समाचार पत्र) हितवाद (अंग्रेजी समाचार पत्र) प्रकाशन 18.06.2025 |

दिनांक : 29-06-2025 प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक


## शेरवुड कॉलेज के 156वें स्थापना दिवस पर धनखड़ ने कहा

# भारत संभावनाओं वाला देश नहीं रहा अब इसे साकार करने वाला देश बना

एजेंसी ▶▶ नैनीताल

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को 3 दिनी नैनीताल प्रवास के अंतिम दिन नगर के ऐतिहासिक एवं प्रतिष्ठित शेरवुड कॉलेज के 156वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारत अब संभावनाओं वाला नहीं, बल्कि संभावनाओं को साकार करने वाला राष्ट्र है।युवाओं से राष्ट्र, समाज और मानवता के लिए कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अपने लक्ष्य को केवल व्यक्तिगत लाभ तक सीमित नहीं रखना चाहिए, बल्कि उसे व्यापक बनाकर समाज और देश के लिए समर्पित करना चाहिए। उन्होंने स्मरण कराया कि इतिहास केवल उन्हें याद रखता है जिन्होंने दूसरों के लिए जीवन जिया हो।



### शिक्षा लोकतंत्र की रीढ़

*उन्होंने कहा कि भारत की सांस्कृतिक गहराई 5000 वर्षों की है और उसे बिना शर्त पूर्ण राष्ट्रवाद की आवश्यकता है। शिक्षा को लोकतंत्र की रीढ़ बताते हुए उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा केवल विशेषाधिकार नहीं, एक समतुल्य साधन है जो समाज में समानता स्थापित करता है।*

### भारत सबसे तेज गति से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना

उपराष्ट्रपति ने भारत को अब संभावनाओं वाला नहीं, बल्कि संभावनाओं को साकार करने वाला राष्ट्र बताया। उन्होंने बीते दशक को भारत के लिए आर्थिक प्रगति, वैश्विक स्तर पर पहचान और अधोसंरचना विकास का दशक बताया। उन्होंने कहा कि भारत अब सबसे तेज गति से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बन चुका है।

### स्वयं परिवर्तन करें

*उन्होंने शेरवुड कॉलेज के पूर्व छात्रों-मेजर सोमनाथ शर्मा और फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ सहित अनेक विभूतियों का स्मरण किया। उन्होंने कहा अब हमें परिवर्तन का अनुसरण नहीं, बल्कि आवश्यकता के अनुसार स्वयं परिवर्तन गढ़ना चाहिए।*


### नाम परिवर्तन

मैं, अर्चना चौधरी पत्नी मनीष कुमार और काव्या वर्मा (पुराना नाम) की माँ, निवासी मकान नं 189 रीगल होम्स खजूरी कलां रोड, अवधपुरी भोपाल म.प्र. ने अपनी बेटी का नाम बदलकर पाखी (नया नाम) रख लिया है। भविष्य में सभी उपयोग और उद्देश्यों के लिए उसे इसी नाम से जाना जाएगा।


# विधायक कश्मीर सिंह सोहल का निधन

**तरन तारन।** पंजाब की तरन तारन विधानसभा सीट के विधायक कश्मीर सिंह सोहल का निधन हो गया है। वे कैंसर से पीड़ित थे और अमृतसर के ही एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। गंभीर बीमारी से लंबी लड़ाई के बाद शुक्रवार को जिंदगी की जंग हार गए। उनका 66 की उम्र में निधन हुआ है।


**मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम**
कार्यालय परियोजना यंत्री
संभाग क्र.-1, भदभदा रोड, भोपाल

क्र./930, 931/तशा/प.यं./2025 दिनांक : 26.06.2025

**प्रेस विज्ञप्ति**

इस कार्यालय द्वारा अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त कोतवाली कार्यालय भोपाल में निर्माण/रेनोवेशन/मरम्मत कार्य तथा थाना ईंटखेड़ी जिला भोपाल में अर्द्धशहरी पुलिस थाना भवन का निर्माण कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा क्रमांक 2025_MPPHC_433493_1, 2025_MPPHC_433494_1 **दिनांक 10.07.2025 समय अपरान्ह 17:00 बजे तक** खरीदे जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/120852/2025 परियोजना यंत्री



**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म मेसर्स डी. के. कंस्ट्रक्शनस् भोपाल की रचना में निम्नानुसार परिवर्तन किए गए है- डीड दिनॉक 01/04/2022 से श्री ओम प्रकाश गर्ग पिता श्री नंद किशोर गर्ग फर्म में दिनॉक 01/04/2022 से सम्मलित एवं श्री नीरज गोयल पिता श्री पी. डी. गोयल दिनॉक 01/04/2022 से पृथक हुए। फर्म में श्री डी. के. गोयल, श्री ईशू गोयल एवं श्री ओम प्रकाश गर्ग भागीदार है।

मेसर्स
डी. के. कंस्ट्रक्शनस्
डी. के. गोयल भागीदार
डी. के. 24 कैरेट बावडिया कला, भोपाल


## जैकेट का शेष...

### रतलाम में आए 30,402...

यहां विकास के सभी क्षेत्रों में नवाचार हो रहे हैं। हर क्षेत्र में निवेश का अच्छा माहौल बना है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के औद्योगिक विकास का यह कारवां रूकेगा नहीं, बल्कि अब और तेज गति से आगे बढ़ेगा। रतलाम पहले सेव, साड़ियों और सोने के लिए जाना जाता था, लेकिन अब यही रतलाम स्किल, स्केल और स्टार्टअप्स के लिए जाना जाएगा।

### हाईकोर्ट ने गोविंदपुरा...

है। लिहाजा, लोकायुक्त तहसीलदार की संपत्ति की जांच करे। इसके जरिए यह पता लगाए कि तहसीदार के पास आय से अधिक संपत्ति है या नहीं? हाईकोर्ट ने इस मामले को महज गोविंदपुरा तहसीलदार तक सीमित न रखते हुए प्रदेश भर के तहसीलदारों के कामकाज में कसावट की आवश्यकता रेखांकित कर दी। इसके अंतर्गत एडीएम के आदेश के बाद हर हाल में 30 दिन के भीतर कार्रवाई सुनिश्चित करने की व्यवस्था दे दी। गौर हो कि तहसीलदार ने अतिक्रमण हटाने के आदेश को 11 महीने तक टाल दिया था। कोर्ट ने तहसीलदार दिलीप कुमार चौरसिया से सख्त लहजे में कहा-तुम्हें हम उदाहरण बनाएंगे।

## पेज एक का शेष...

### भीड़ में फंसने से 600 ...

चुनौतियां आईं। इस अव्यवस्था के कारण बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं को चिकित्सा सहायता की जरूरत पड़ी, जिनमें से 600 से ज्यादा लोगों का पुरी मेडिकल कॉलेज में इलाज किया गया। गनीमत रही कि भगदड़ की स्थिति नहीं बनी और किसी की जान नहीं गई। ओडिशा के मंत्री मुकेश महालिंग ने कहा कि ये घटनाएं संभवतः बहुत अधिक गर्मी और उमस के कारण हुई हैं। उन्होंने कहा कि मौसम की स्थिति के कारण एक या दो श्रद्धालु बेहोश हो गए, लेकिन बचाव दल ने तुरंत उन्हें अस्पताल पहुंचाया। महालिंग ने कहा कि मंदिर के पास प्राइमरी हेल्थ सेंटर स्थापित किए गए हैं और उन्होंने आश्वासन दिया कि पानी और ग्लूकोज की व्यवस्था की गई है।

### अंदर इंतजार में बैठा था ...

भी कहने से बच रहे हैं। छात्रा की हत्या की सूचना पर अस्पताल पहुंचे परिजन ने वहां चक्काजाम कर दिया। उनकी मांग थी कि आरोपी को गिरफ्तार कर फांसी दी जाए। उसका घर भी गिराया जाए। परिजनों ने शाम 7.30 बजे चक्काजाम खत्म किया। एएसपी संदीप भूरिया के मुताबिक कोशिश करेंगे फास्ट ट्रैक कोर्ट में मामला जाए। अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था की भी जांच की जाएगी। जिम्मेदारों पर कार्रवाई होगी। डीएसपी मनोज गुप्ता ने बताया कि 18 वर्षीय छात्रा मां-बाप की इकलौती बेटी थी।

### गांव के 47 लोग...

के स्त्रोतों की जांच शुरू की और सैंपल भी लिए। शुरुआती अनुमान में बीमारी का कारण दूषित पेयजल को माना जा रहा है। बड़ी बात ये है कि स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारियों ने किसी भी मौत से साफ इंकार कर दिया। जो मौतें हुई हैं उन्हें उन्होंने सामान्य मौतें बताईं। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से कॉलोनी में सप्लाई हो रहा पानी गंदा आ रहा था, लेकिन शिकायतों के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। जब एक के बाद एक लोग बीमार होने लगे तो मामला गंभीर हो गया।

### शर्मनाक...! टॉयलेट ...

निर्जर एस देसाई की सुनवाई के दौरान हुआ। जब आरोपी शख्स हाईकोर्ट की कार्रवाई में जुड़ा। उस वक्त पर दूसरे पक्ष भी जुड़े हुए थे। जस्टिस निर्जर एस देसाई एक मामले की सुनवाई कर रहे थे। इस में सरमद बैटरी नाम से एक शख्स ने लॉग इन किया था। जो गले में ब्लूटूथ ईयरफोन लगाए दिख रहा है। वह कुछ दूरी पर फोन रखे हुए देख रहा है। वीडियो में दिख रहे फ्लश से पता चलता है कि वह टॉयलेट सीट पर बैठा है। यह शख्स एफआईआर रद्द कराने के लिए दायर की गई एक याचिका में एक प्रतिवादी के रूप में पेश हुआ था। वह क्रिमिनल केस में शिकायतकर्ता था। दोनों पक्षों में समझौते के बाद अदालत ने एफआईआर रद्द कर दी गई थी।

### हरदा, देवास और...

पास एक पेड़ टूटकर सड़क पर गिर गया। मौसम विभाग ने अगले कुछ घंटे के दौरान मुरैना, श्योपुर, शिवपुरी, हरदा, ग्वालियर, अशोकनगर, दतिया, सीहोर, रीवा, सिंगरौली, टीकमगढ़, निवाड़ी में बिजली के साथ मध्यम गरज के साथ बौछारें पड़ने की संभावना जताई है। साथ ही भिंड, गुना, राजगढ़, शाजापुर, भोपाल, विदिशा, रायसेन, देवास, इंदौर, बैतूल में भी बारिश का अलर्ट जारी किया है।

**भिंड को छोड़ पूरे प्रदेश में गिरा पानीः** पिछले 24 घंटे के दौरान भिंड को छोड़ पूरे प्रदेश में आंधी-बारिश का दौर रहा। प्रदेश में 380 जगहों पर बारिश दर्ज की गई। हरदा, देवास और झाबुआ में अति भारी बारिश दर्ज की गई। वहीं, राजगढ़, धार, मंदसौर, रतलाम, सीहोर, रायसेन, खरगोन, इंदौर, उज्जैन, गुना, सागर, जबलपुर, छिंदवाड़ा, उमरिया और सीधी जिलों में भारी बारिश हुई है।

### सबसे ज्यादा नर्मदापुरम ...

खिरकिया में सबसे ज्यादा 132 मिमी पानी गिरा है। मौसम वैज्ञानिक वेदप्रकाश सिंह का कहना है कि बारिश का मजबूत सिस्टम होने की वजह से पूरे प्रदेश में तेज बारिश का अनुमान लगाया जा रहा है। अगले तीन दिनों तक बारिश का दौर जारी रहेगा।


हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644



### नाम परिवर्तन

मैं आशीष कुमार मालवीय पुत्र गोविंद प्रसाद, पता- हाउस नं. 235, वॉर्ड नं. 15, एसबीआई बैंक के पास रेहटी तह. रेहटी,जिला सीहोर, (म.प्र.)- 466446 मेरी 10वी की मार्कशीट मे मेरा नाम आशीष कुमार मालवीय पिता का नाम गोविंद प्रसाद मालवीय दर्ज है, जबकि मेरा सही नाम आशीष कुमार मालवीय पिता का नाम गोविंद प्रसाद है। आधार कार्ड मे भी यही नाम दर्ज है। भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

### नाम परिवर्तन

मैं पिंकी देवी पत्नी श्री संजय पाल सिंह निवासी ग्राम नथुवाला पोस्ट शमशेरगढ़ तहसील देहरादून जिला देहरादून उत्तराखंड 248008 मेरे पति आर्मी नंबर 4092215P रिकॉर्ड पेपर में मेरा नाम पिंकेय देवी (Pinkey Devi) अंकित है। मेरे आधार कार्ड ,पैन कार्ड ,एवं सभी दस्तावेजों में मेरा नाम पिंकी देवी(Pinki Devi) सही एवं सत्य है, यह की पिंकेय देवी एवं पिंकी देवी दोनों नाम मेरे स्वयं के है भविष्य में जो भी आपत्ति आती है उसके लिए स्वयं जिम्मेदार रहूंगी मुझे पिंकी देवी(Pinki Devi) के नाम से जाना व पहचाना जावे। शपथ पत्र क्रमांक BF 444338

### नाम परिवर्तन

मैं आजाद सिंह गेहलोत पुत्र श्री कमल सिंह आयु 42 वर्ष निवासी-म.न.-01, रसलपुर, पोस्ट-चाकरोद, तहसील- शुजालपुर, जिला शाजापुर, म.प्र.। मेरे पुत्र के शासकीय अशासकीय दस्तावेजों मे उसका नाम व सरनेम हर्षवर्धन सिंह गेहलोत (HARSHVARDHAN SINGH GEHLOT) पुत्र श्री आजाद सिंह गेहलोत (AZAD SINGH GEHLOT) जो सही एवं सत्य है।। मेरे पुत्र के आधार कार्ड से उसका नाम त्रुटिवश हर्ष मेवाड़ा (HARSH MEWADA) पुत्र श्री आजाद सिंह (AZAD SINGH) दर्ज हो गया है। अतः भविष्य में सभी शासकीय/ अशासकीय दस्तावेजो मे मेरे पुत्र को हर्षवर्धन सिंह गेहलोत (HARSHVARDHAN SINGH GEHLOT) पुत्र श्री आजाद सिंह गेहलोत (AZAD SINGH GEHLOT) के नाम से जाना व पहचाना जावे । शपथ पत्र क्रमांक CV 048815


## राशिफल

**मेष** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहें हैं।

**वृष** कारोबार से आय में वृद्धि होगी। मानसिक तनाव ये परेशान हो सकते हैं। खर्चों की अधिकता एवं आय में कमी से चिन्तित रहेंगे।

**मिथुन** कारोबार में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों में सफलता मिलेगी। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**कर्क** क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। कारोबार में सुधार होगा। भाग-दौड़ की अधिकता रहेगी। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी।

**सिंह** सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। वाणी में सौम्यता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता में कमी भी आ सकती है। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे।

**कन्या** शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। खर्च की अधिकता से परेशान हो सकते हैं।

**तुला** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में कमी एवं खर्चों में वृद्धि की स्थिति हो सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मन में प्रसन्नता के भाव रहेंगे।

**वृश्चिक** कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। वाणी में कठोरता का प्रभाव रहेगा। बातचीत में सन्तुलित रहें।

**धनु** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन कष्टमय रहेगा।

**मकर** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु परिवार में सामन्जस्य बनाये रखने के प्रयास करें। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में वृद्धि होगी।

**कुंभ** परिवार का साथ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में कुछ कठिनाइयां आ सकती हैं। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों में कठिनाइयां आ सकती हैं।

**मीन** परिश्रम अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। मन में नकारात्मकता का प्रभाव रहेगा। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में सफलता मिलेगी।


### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक



छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी,धातु का पतलापन,शुगर,बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330
R- 23/06/25 to 18/08/25 not 22,29/06/25= 06,10,13,20,27/07/25 =03,09,10,15,16,17,18/08/25

हरिभूमि
आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार,जाहिर सूचना
@ Rs.1200/-
साइज (फिक्स) 12X4 cm
अन्य साईज में
@ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2025 से लागू

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी
भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

गाँधी पी.आर. महाविद्यालय
(अल्पसंख्यक संस्थान) ऑन लाईन प्रकिया से मुक्त बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय से संबद्ध
*DIRECT ADMISSION
Admission Procedure According to MP Higher Education Guideline 2022-23



UG COURSE
B.A., BCA, BBA, B.P.E.S., B.Sc., B.Lib B.Com (Economics/Computer/Hon's)
PG COURSE
M.A : Hindi, English. Maths, Economics History, Political Science, Sociology & Social Work
M.Sc : Zoology, Botany, Chemistry, Physics, Computer Science, Microbiology & Biotechnology
M.Com : Accounts & Management
B.Ed. : Bachelor of Education (Online Counselling)
DIPLOMA COURSE
P.G.D.Y.S : PG Diploma In Yogic Science
P.G.D.C.A. : PG Diploma in Computer Appcation
D.El.Ed. : Diploma in Elementary Education
www.gandhiprcollege.com, principal@gandhiprcollege.com
Mob. 9827208070, 9425346230
9893194695, 9981291288, 7828186626
डी-1, दानिश नगर, होशंगाबाद रोड, आशिमा मॉल के पास, भोपाल


प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईटः- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644



नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल


## शब्द पहेली - 5911



**बाएँ से दाए-**

1.जानकारी-4
4.मांसाहार का उलट-4
8.'जुम्मा चुम्मा दे दे' गीत वाली फिल्म-2
9.कायाकल्प-5
10.पिता के छोटे भाई-2
13.कहानी लिखने वाला-5
15.नाम रखना-5
17.बेवक्त,अकाल-5
20.प्रयास,कोशिश-5
23.टोंटी,नलका-2
24.कामदेव,पुष्कर-2,3
25.डर,भय-4
28.शोर-शराबा-4
29.बेवफा,व्यभिचारी-4

**ऊपर से नीचे**

2.बिंदु,बिंदी,शून्य-2
3.गोलाकार-3
4.सम्मिलित होना-3,2
5.घाटा,नुकसान-2
6.मूर्ख,बेवकूफ-4
7.बिना कारण,बेवजह-4
11.राजा की पत्नी-2
12.वहम,संदेह-2
14.दुर्घटना-3
16.खाना बनाने की जगह,किचन-3
17.एकाएक, सहसा-4
18.अलमस्त-2
19.कमल ककड़ी, कमल डंडी-3,2
20.आरामदायी-5
21.सम्मान-2
22.भलमानसता-4
26.सद्,अच्छा-2
27.मृत्यु, प्रारब्ध, न्याय निर्णय-2

### शब्द पहेली -5910 का हल



## सूडोकु नवताल - 5921

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | | | 9 | 6 | | |
| | | | | | | 1 | 4 | |
| | | | 2 | 8 | | | | |
| | | | 8 | | | | 5 | 2 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| 1 | 4 | | | | 3 | | | |
| | | | | 4 | 1 | | | |
| | 2 | 5 | | | | | | |
| | | 3 | 7 | | | | | 4 |

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5920 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |

यहां से 500 से 600 किलोमीटर दूर इलाकों में जाता है आम

# करोंद मंडी में रोजाना 20 से 30 ट्रक आम की आवक हर रोज बिकता है 4 करोड़ रुपए से अधिक का आम

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल





राजधानी के करोंद स्थित थोक फल मंडी में इन दिनों फलों का राजा कहे जाने वाले आम की बंपर 20 से 30 ट्रक की रोजाना आवक है, जो वैरायटी और क्वालिटीनुसार 10 रुपए से 65 रुपए किलो तक के थोक भाव पर बिकता है। फल व्यापारियों की माने तो करोंद फल मंडी से आम की सप्लाई 500 से 600 किलो मीटर दूर शहरी और ग्रामीण इलाकों में होती है।

मंडी में हो रही आवक के अनुमान से बताया जा रहा है कि थोक फल मंडी में हर रोज 4 करोड़ रुपए से अधिक का आम बिकता है। फल व्यापारी साजिद मौलाना ने बताया कि मंडी में बादाम 50 से 65 रुपए, तोतापरी 25 से 30 रुपए, दशहरी 10 से 25 रुपए , लंगड़ा 20 से 40 रुपए, चौसा 40 से 50 रुपए और सफेदा आम 40 से 50 रुपए प्रति किलो थोक भाव पर बिक रहा है। इसकी आवक 20 से 30 ट्रक (एक ट्रक में 15 से 16 टन आम) रोजाना की है जो स्थानीय बाजारों के अलावा बासौदा, विदिशा, होशंगाबाद, इटारसी, बड़वानी सहित आसपास के सुदूर 500 से 600 किलो मीटर के क्षेत्रों में जाता है। फल व्यापारी साजिद मौलाना के अनुसार मंडी आम की बंपर आवक है। जितना आम आता है हर रोज बिक जाता है। थोक फल विक्रेता संघ के अध्यक्ष कमल शेजवार बताते हैं कि आंध्रप्रदेश से बादाम , बैंगलुरू से तोतापरी, उत्तरप्रदेश से लंगड़ा और दशहरी, गुजरात के केसर आम के अलावा महाराष्ट्र और लोकल आम की आवक है। उन्होंने अनुसार दुनियाभर में आम की 1500 से ज्यादा किस्में है, लेकिन स्वाद और सेहत लिए के हिसाब से सर्वाधिक डिमांड बादाम, तोतापरी, सिंदूरी, हापुस , दशहरी, लंगड़ा , सफेदा और केसर की खूब होती है।

## पीएनजी ज्वेलर्स ने किया हल्के आभूषण सेगमेंट में प्रवेश

**नई दिल्ली।** पीएनजी ज्वेलर्स ने पुणे में अपने समकालीन सब-ब्रांड लाइट स्टाइल बाय पीएनजी के शुरू करने की घोषणा की। यह लांच पीएनजी के विकास में एक महत्वपूर्ण कदम है क्योंकि यह हर रोज पहनने के लिए हल्के, डिजाइन-फॉरवर्ड आकर्षक आभूषणों के माध्यम से आभूषण खरीदारों की अगली पीढ़ी से जुड़ता है। 18 कैरेट और 22 कैरेट सोने में तैयार लाइट स्टाइल 25-40 वर्ष की आधुनिक, स्टाइल के प्रति सजग महिलाओं के लिए तैयार किया गया है। कंपनी ने पुणे के खराडी और वाकड में लाइट स्टाइल के दो स्टोर शुरू किए जाएंगे, जिनका उद्घाटन प्रसिद्ध अभिनेत्री सई ताम्हण करके हाथों से किया जाएगा।

## बीईएमएल के अध्यक्ष ने रखी बिलासपुर में केंद्रीय वेयरहाउसिंग केंद्र की आधारशिला

एजेंसी ▶▶ बिलासपुर

मध्य भारत में अपनी औद्योगिक उपस्थिति को मजबूत करने की एक बड़ी पहल के तहत, बीईएमएल लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक शांतनु रॉय ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देवसाय से रायपुर में मुलाकात की और राज्य में बीईएमएल की बढ़ती भागीदारी पर चर्चा की।

इस दौरान राज्य में बीईएमएल की बढ़ती भागीदारी और अधोसंरचना, रक्षा एवं खनन क्षेत्रों में भविष्य की सहयोग संभावनाओं पर चर्चा की। । छत्तीसगढ़ सरकार ने बीईएमएल को अत्याधुनिक खनन उपकरण निर्माण इकाई की स्थापना के लिए 100 एकड़ भूमि आवंटित की थी। आगामी सुविधा मध्य भारत के खनिज समृद्ध क्षेत्र में उन्नत और स्वदेशी रूप से विकसित खनन मशीनरी की बढ़ती मांग को पूरा करेगी। बीईएमएल ने बिलासपुर में एक आधुनिक केंद्रीय वेयरहाउसिंग केंद्र की आधारशिला भी रखी है। यह सुविधा एक प्रमुख लॉजिस्टिक्स हब के रूप में विकसित होगी, जो बीईएमएल के प्रमुख क्षेत्रों रक्षा, रेल और मेट्रो, तथा खनन और निर्माण में आपूर्ति श्रृंखला की दक्षता और सेवा वितरण को उल्लेखनीय रूप से बेहतर बनाएगी। इस अवसर पर दक्षिण पूर्वी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक हरीश दुहान, बीईएमएल लिमिटेड के निदेशक (वित्त) अनिल जेरथ तथा निदेशक (खनन एवं निर्माण) संजय सोम सहित दोनों संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

# खाद्य तेलों के लिए मानक पैकेजिंग नियम को दोबारा लागू करने का आग्रह

एजेंसी. नई ▶▶ दिल्ली

सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सी) ने सरकार से आम उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए खाद्य तेलों के वास्ते मानक (स्टैण्डर्ड) पैकेजिंग नियम को दोबारा प्रभावी बनाने का आग्रह किया है।

एसोसिएशन के अनुसार लीगल मैट्रोलॉजी (पैकेज्ड कॉमोडिटीज) रूल्स, 2011 में पहले अनुसूची 2 भी शामिल थी जिसमें कुछ खास उत्पादों की पैकिंग के लिए वजन, माप एवं संस्था की मानक मात्रा निर्धारित की गई थी लेकिन वर्ष 2022 में किए गए संशोधन के बाद इसमें से अनुसूची 2 को हटा दिया गया।

### बाजार में 800 ग्राम, 810 ग्राम एवं 870 ग्राम जैसी पैकिंग की भरमार

*इसके फलस्वरूप खाद्य तेलों के पैकर्स को अपनी मर्जी से पैकिंग का स्तर निर्धारित करने की स्वतंत्रता मिल गई और इसका दाम भी अलग-अलग नियत किया जाने लगा।इसके चलते उपभोक्ता में भ्रम की स्थिति पैदा होने लगी। बाजार में खाद्य तेलों की 800 ग्राम, 810 ग्राम एवं 870 ग्राम जैसी पैकिंग की भरमार हो गई। इससे उपभोक्ता असमंजस में फंस गए हैं और कीमतों में तुलना का ताना-बाना छिन्न-भिन्न हो गया है। ये पैक साइज ऊपर से देखने में समान लगते हैं और इसके लेवल पर कोई विशेष जानकारी भी नहीं होती है जबकि इसमें खाद्य तेल की मात्रा मानक स्तर से कम होती है। दरअसल आमतौर पर खाद्य तेलों की बिक्री उच्चतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) से कम दाम पर की जाती है इसलिए खरीदारों को तुलना करने में कठिनाई होती है। एसोसिएशन के मुताबिक उपरोक्त कारणों से बाजार में असमान प्रतिस्पर्धा बढ़ गई है और खाद्य तेल के विक्रेता अनुचित कारोबार की प्रक्रिया अपनाकर ग्राहकों को नुकसान पहुंचाते हैं। यह स्थिति उद्योग एवं उपभोक्ताओं के लिए सही नहीं है।*

## डीएस ग्रुप की पल्स कैंडी बनी 750 करोड़ की उपभोक्ता ब्रांड

**नई दिल्ली।** एफएमसीजी समूहों में से एक धर्मपाल सत्यपाल ग्रुप (डीएस ग्रुप) ने अपनी लोकप्रिय ब्रांड पल्स को लेकर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि की घोषणा की है। वित्त वर्ष 2024-25 में पल्स कैंडी ने उपभोक्ता मूल्य पर 750 करोड़ रुपए से अधिक की बिक्री दर्ज की है, यानी एक साल में 750 करोड़ पल्स कैंडीज बिकीं जिससे यह भारत की सबसे ज़्यादा वितरित हार्ड बॉयल्ड कैंडी बन गई है। यह उपलब्धि पिछले 9 वर्षों से पल्स की मज़बूत मार्केट लीडरशिप और उपभोक्ताओं के बीच इसकी स्थायी लोकप्रियता को दर्शाती है।


**कार्यालय नगर पालिक निगम, रिसाली (छ.ग.)**

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

क्र./लो.क.वि./2025/488 रिसाली, दिनांक 26/06/2025

नगर पालिक निगम, रिसाली की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | कार्य का विवरण | सिस्टम टेंडर क्र. | अनुमानित लागत (लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | PUMPING ARRANGEMENT FOR SEWAGE OF TALPURI AREA TO EXISTING PUMPING STATION OF BSP. | 170888 | 18587180.00 | 15-07-2025 |

(नोट :- ई-टेण्डर में ऑफलाईन धरोहर राशि एवं शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदाकार की निविदा अमान्य किया जावेगा तथा दर को नहीं खोला जावेगा।)

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञाप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम, रिसाली



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड नर्मदापुरम**

पुलिस कन्ट्रोल रूम के सामने, पिपरिया रोड

दूरभाष क्रमांक 07574-252571, (फेक्स) 07574-253119, Email address- eephedhos@mp.nic.in

// निविदा आमंत्रण सूचना //

निम्नलिखित कार्य की निविदाएँ ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल http://mptenders.gov.in पर नर्मदापुरम जिले के विकासखंड सोहागपुर के ग्राम चीचली, पथरई, परसवाडा एवं जिजवाडा में 'जल जीवन मिशन' अंतर्गत नलजल योजनाओं के शेष कार्यों (बैलेंस वर्क) के क्रियान्वयन के तहत, आरसीसी उच्च स्तरीय टंकी, आरसीसी सम्पवेल कम पम्प हाउस निर्माण/आरसीसी फ्रेम्ड ब्रिक मेसोनरी पंप हाउस निर्माण, मोटर पंप स्थापना, पोईप लाईन बिछाना, घरेलु नल कनेक्शन, विद्युत संयोजन इत्यादि कार्य तथा समस्त सामग्री एवं लेबर सहित योजनाओं की टेस्टिंग, कमीशनिंग, 90 दिवस तक ट्रायल रन कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

| निविदा क्रमांक व दिनांक | सिस्टम क्रमांक | विकासखण्ड का नाम | ग्रामों की संख्या | ग्राम का नाम | निविदा की कुल लागत (रूपये में) | धरोहर राशि (रूपये में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्यपूर्ण करने की समयावधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 08/25-26 दिनांक 24.06.2025 | 2025_PHED_432856_1 | सोहागपुर | 4 | 1.चीचली 2.पथरई 3.परवाडा 4.जिजवाडा | 6876000/- | 68760/- | 10000/- | 180 दिवस वर्षा ऋतु सहित | नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली |

| | |
|---|---|
| ऑनलाईन निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि | 08.07.2025 17.00 बजे तक |
| ऑनलाईन निविदा दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 08.07.2025 17.00 बजे तक |
| ऑनलाईन निविदा दर खोलने की तिथि | 09.07.2025 17.00 बजे से |

G-14875/25 " स्वच्छता ही सेवा "

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड नर्मदापुरम


## मप्र पर्यटन विभाग और स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी के बीच एमओयू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मध्यप्रदेश को फिल्म निर्माण और क्रिएटिव उद्योग के लिए एक आकर्षक गंतव्य के रूप में विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी (एसजीएसयू) और मध्य प्रदेश पर्यटन विभाग के बीच एक महत्वपूर्ण एमओयू का आदान-प्रदान किया गया। इस समझौते का उद्देश्य राज्य में फिल्म प्रोडक्शन, मीडिया शिक्षा, स्किल डेवलपमेंट, और युवाओं के लिए रोजगार सृजन के नए अवसरों को बढ़ावा देना है। एमओयू के माध्यम से युवाओं को फिल्म निर्माण, स्क्रिप्ट राइटिंग, कैमरा ऑपरेशन, एडिटिंग, और प्रोडक्शन मैनेजमेंट जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे वे तेजी से बढ़ती क्रिएटिव इंडस्ट्री में सफल करियर बना सकें। इस अवसर पर मुख्यमंत्री मोहन यादव, पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर, नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, पर्यटन विभाग के प्रमुख सचिव शिव शेखर शुक्ला, ग्रामीण विकास विभाग की प्रमुख सचिव दीपाली रस्तोगी की विशेष उपस्थिति रही। स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी की ओर से कुलपति डॉ. विजय सिंह, रजिस्ट्रार डॉ. सीतेश सिन्हा, विश्वरंग फाउंडेशन सीईओ विकास अवस्थी एवं अन्य वरिष्ठ प्रतिनिधियों की उपस्थिति ने इस साझेदारी को और सशक्त बनाया।

## जियोब्लैकरॉक ब्रोकिंग को 'ब्रोकरेज बिजनेस' के लिए सेबी की मंजूरी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

जियो ब्लैकरॉक ब्रोकिंग प्राइवेट लिमिटेड (जियोब्लैकरॉक ब्रोकिंग) को भारत में ब्रोकरेज फर्म के रूप में काम करने के लिए, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) से मंजूरी मिल गई है। जियोब्लैकरॉक ब्रोकिंग, भारतीय निवेशकों के लिए सस्ती, पारदर्शी और प्रौद्योगिकी-संचालित एग्जीक्यूशन कैपेबिलिटी खड़ी करना चाहता है। जियो ब्लैकरॉक इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है जियोब्लैकरॉक ब्रोकिंग। हाल ही में जियो ब्लैकरॉक एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड और जियो ब्लैकरॉक इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स को म्यूचुअल फंड मार्किट में उतरने और निवेश सलाहकार के तौर पर काम शुरू करने की नियामकीय मंजूरियों मिली थी। अब ब्रोकिंग लाइसेंस की प्राप्ति से जियो ब्लैकरॉक संयुक्त उद्यम भारत के लोगों को व्यापक निवेश सॉल्युशंस दे सकेगा। जियो ब्लैकरॉक इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और सीईओ मार्क पिलग्रिम ने कहाकि जियोब्लैकरॉक ब्रोकिंग को सेबी की मंजूरी मिलने से हम बेहद खुश है। अब हम भारत को 'बचतकर्ताओं के देश' से 'निवेशकों के देश' में बदलने में मदद कर पाएंगे। जियोब्लैकरॉक इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स के साथ, हम खुदरा निवेशकों को व्यक्तिगत सलाह दे सकेंगे। ब्रोकरेज बिजनेस के साथ, हम निवेशकों के लिए एक एग्जीक्यूशन प्लेटफॉर्म भी लाएंगे। जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और सीईओ हितेश सेठिया ने कहा कि ये हमारे लिए रोमांचक समय है।

### खबर संक्षेप

#### जेएसडब्ल्यू ने किया एक्जो नोबेल का अधिग्रहण

**मुंबई।** जेएसडब्ल्यू पेंट्स लिमिटेड ने एक्जो नोबेल एनवी और उसके सहयोगियों से एक्जो नोबेल इंडिया लिमिटेड में 74.76 फीसदी तक हिस्सेदारी हासिल करने के लिए निर्णायक समझौता किया। शेयर खरीद समझौते के तहत अधिकतम हस्तांतरण मूल्य 8,986 करोड़ तक होगा, जो कुछ समापन समायोजनों पर निर्भर करेगा। प्रस्तावित हस्तांतरण भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग से अनुमोदन और एएनआईएल के सार्वजनिक शेयरधारकों के लिए अनिवार्य निविदा प्रस्ताव के पूरा होने पर निर्भर होगा।

#### पाइन लैब्स ने दाखिल किया ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस

**मुंबई** पाइन लैब्स लिमिटेड ने भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्डके पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस दाखिल किया है। इस प्रस्ताव में दो भाग शामिल हैं पहला 92,600 करोड़ तक के इक्विटी शेयरों का नया निर्गम और दूसरा 1,47,822,225 इक्विटी शेयरों तक की बिक्री। 31 दिसंबर 2024 को समाप्त नौ महीनों की अवधि में पाइन लैब्स ने अपने प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से कुल 7,531.05 बिलियन का ग्रॉस ट्रांजैक्शन वैल्यू और 3.97 बिलियन लेनदेन प्रोसेस किए।

#### लॉरिट्ज नुडसेन ने लांच किया प्रॉडक्ट पोर्टफोलियो

**नई दिल्ली।** प्रमुख कंपनी लॉरिट्ज नुडसेन इलेक्ट्रिकल एंड ऑटोमेशन ने अपने इतिहास का सबसे बड़ा प्रॉडक्ट पोर्टफोलियो लांच किया। यह कदम भारत के प्रमुख औद्योगिक क्लस्टर्स और विकास गलियारों को आधुनिक तकनीकों से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस अभियान के तहत कंपनी देश के 30 औद्योगिक शहरों में जाकर स्थानीय नेतृत्व, हितधारकों और सहयोगियों से संवाद करेगी। इसका उद्देश्य भारत के विनिर्माण और बुनियादी ढांचे के केंद्रों में तकनीकी अपनाने की गति को बढ़ाना है।

#### सिडार टैक्सटाइल का आईपीओ 30 को खुलेगा

**मुंबई।** सिडार टेक्सटाइल लिमिटेड ने अपना प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम सोमवार, 30 जून 2025 को खोलने जा रही है। कंपनी का लक्ष्य 60.90 करोड़ (ऊपरी प्राइस बैंड पर) जुटाना है। शेयर एनएसई इमर्जी प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध किए जाएंगे। इस इश्यू में कुल 43,50,000 इक्विटी शेयर शामिल हैं, जिनका फेस वैल्यू 10 रुपए है और प्राइस बैंड 130 से 140 रुपए प्रति शेयर रखा गया है। एंकर बोली प्रक्रिया 27 जून 2025 खुली और इश्यू 2 जुलाई 2025 को बंद होगा।

### बिजनेस न्यूज

#### राधारमण में सोशल मीडिया की लत और शिक्षा पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित




**भोपाल ।** राधारमण ग्रुप के अंतर्गत संचालित राधारमण इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस में कम्प्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के छठवें सेमेस्टर के छात्रों के लिए इंडियन सोसाइटी फॉर ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट भोपाल चैप्टर द्वारा एक अंतरमहाविद्यालयीन निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता का विषय था सोशल मीडिया की लत शिक्षा और विकास को कैसे प्रभावित करती है? इस प्रतियोगिता में कम्प्यूटर साइंस ब्रांच के बी.टेक द्वितीय, चतुर्थ एवं षष्ठम सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। छात्रों की प्रतिभा को देखते हुए निर्णायक मंडल द्वारा चुने गए विजेताओं को आईएसटीडी द्वारा 21 जून को अरेरा क्लब में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में सम्मानित किया गया। छात्र नंदलाल राठौर (बी.टेक, सीएसई 6वें सेमेस्टर) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि अमन शर्मा (सीएसई 6वें सेमेस्टर) ने द्वितीय स्थान और गौरी क्षीरसागर (सीएसई 6वें सेमेस्टर) ने तृतीय स्थान अर्जित किया। इसके अतिरिक्त आयुषी सटपूते (सीएसई 6वें सेमेस्टर) को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। सभी प्रतिभागियों को आईएसटीडी भोपाल चैप्टर की ओर से सहभागिता प्रमाणपत्र भी प्रदान किए गए। राधारमण ग्रुप के चेयरमैन आरआर सक्सेना ने इस उपलब्धि पर छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के समग्र विकास में सहायक होती हैं और उनमें समसामयिक विषयों पर सोचने, लिखने और अभिव्यक्त करने की क्षमता को बढ़ावा देती हैं।

#### एलएनसीटी ग्रुप और लिंक्डइन लर्निंग के बीच साझेदारी



**भोपाल।** एलएनसीटी समूह ने लिंक्डइन लर्निंग के साथ एक ऐतिहासिक साझेदारी की घोषणा की है, जिससे यह मध्य भारत का पहला ऐसा समूह बन गया है जो अपने छात्रों को वैश्विक विशेषज्ञों द्वारा डिजाइन किए गए विश्वस्तरीय ऑनलाइन कोर्स की सुविधा उपलब्ध कराएगा।यह साझेदारी एलएनसीटी छात्रों को तकनीक, बिज़नेस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सॉफ्ट स्किल्स सहित 16,000 से अधिक कोर्सेज तक पहुंच प्रदान करेगी, जिससे छात्रों का स्किलिंग, अपस्किलिंग और री-स्किलिंग सुनिश्चित किया जा सकेगा। एलएनसीटी समूह अब चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी, चितकारा यूनिवर्सिटी, गीतम यूनिवर्सिटी, फ्लेम यूनिवर्सिटी और जैन यूनिवर्सिटी जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों की सूची में शामिल हो गया है, जिन्होंने लिंक्डइन लर्निंग के माध्यम से अपने छात्रों को नवीनतम कौशल प्रदान करने की पहल की है। इस अवसर पर डॉ. अनुपम चौकसे, चांसलर, जेएनसीटी प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी ने कहाकि यह साझेदारी एलएनसीटी छात्रों को वैश्विक स्तर की शिक्षा और नवीनतम टेक्नोलॉजी में दक्षता प्रदान करेगी। जिससे वे इंडस्ट्री के लिए पूरी तरह तैयार हो सकेंगे। आंचल चोपड़ा (रीजनल मैनेजर),अनुप मेनन (अकाउंट डायरेक्टर) और अमित मुखर्जी (सीनियर कस्टमर सक्सेस मैनेजर), लिंक्डइन लर्निंग की टीम ने छात्रों को इस प्लेटफॉर्म के लाभों के बारे में बताया और विभिन्न विश्वविद्यालयों की केस स्टडीज़ प्रस्तुत कीं। डॉ. एनके थापक, कुलपति, एलएनसीटी यूनिवर्सिटी ने कहाकि हम अपने छात्रों के लिए स्किल डेवलपमेंट का एक विशाल सागर लेकर आए हैं। लिंक्डइन लर्निंग उन्हें निरंतर सीखने और आत्म-प्रस्तुति के प्लेटफॉर्म से जोड़कर भविष्य के लिए तैयार बनाएगा

#### पीएनबी ने ऋण समाधानों के एमएसएमई पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत किया

**नई दिल्ली।** पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने भारत के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र के लिए प्रमुख वित्तीय भागीदार/पार्टनर के रूप में अपनी स्थिति को और सुदृढ़ किया है। एमएसएमई को भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ के रूप में मान्यता देते हुए पीएनबी ने रणनीतिक रूप से एक व्यापक एमएसएमई बैंकिंग पारिस्थितिकी तंत्र विकसित किया है जो पारंपरिक संबंध बैंकिंग के साथ अत्याधुनिक डिजिटल समाधानों को जोड़ता है, जो प्रत्येक उद्यमी के सपने के लिए सुलभ ऋण सुनिश्चित करता है। इस अवसर पर अपने व्याख्यान में, पीएनबी के एमडी और सीईओ अशोक चंद्र ने कहा कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम हमारी अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। एमएसएमई नवाचार, रोजगार सृजन और सामुदायिक विकास की रीढ़ हैं और इसके एक विश्वसनीय बैंकिंग पार्टनर के रूप में, इसकी सफलता को उड़ान देना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। ग्राहक अपनी निकटतम पीएनबी शाखा में जाकर, पीएनबी वन ऐप का उपयोग करके या बैंक की समर्पित हेल्पलाइन पर संपर्क करके भी इन विशेष पेशकशों की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

#### फ्रेओ ने शुरू की अनोखी पहल हेल्थ इंश्योरेंस को समझाने की मुहिम

**नई दिल्ली।** इंश्योरेंस अवेयरनेस डे 28 जून को है। इस मौके पर फ्रेओ ने बीमा को बेचने से पहले समझाने की पहल की है। 3 से 5 करोड़ से ज्यादा भारतीयों के लिए क्रेडिट को आसान बनाने के बाद अब फ्रेओ ने उठाया है अगला बड़ा कदम हेल्थ इंश्योरेंस को हर भारतीय के लिए समझने लायक और अपनाने लायक बनाना। फ्रेओ के सीईओ और सह-संस्थापक कुणाल वर्मा कहते हैं भारत में ज़्यादातर बीमा प्लेटफॉर्म और ब्रांड सिर्फ बीमा बेचने की दौड़ में लगे हैं। लेकिन सवाल ये है क्या लोगों को सही में पता है कि उन्होंने क्या खरीदा, बीमा बेचना ज़रूरी हैए लेकिन उससे कहीं ज़रूरी है लोगों को इसे समझाना।


**न्यायालय नायब तहसीलदार, बैरागढ़ चीचली वृत्त तहसील कोलार, भोपाल म.प्र.**

प्रकरण क्र. PS/444/0760/8652/25

// इश्तहार //

आवेदक सुरेन्द्र कुशवाह आ. दीनदयाल कुशवाह निवासी गांधी गंज, मऊरानीपुर द्वारा ग्राम अकबपुर स्थित खसरा नंबर 71 क्षेत्रफल 1000 वर्गफिट अर्थात 92.93 वर्गमीटर का विक्रयपत्र / फौती / वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएवं आवेदक के उपरोक्त आवेदन के संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो इस इश्तहार के जारी होने के दिनांक 11/07/2025 के भीतर इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।

अति. तहसीलदार
तहसील कोलार, भोपाल



**न्यायालय नायब तहसीलदार, बैरागढ़ चीचली वृत्त तहसील कोलार, भोपाल म.प्र.**

प्रकरण क्र. PS/444/860/8649/25

// इश्तहार //

आवेदक राकेश कुशवाह आ. कन्नूलाल कुशवाह निवासी 14/15 बंगला, डीके 2, द्वारा ग्राम चीचली स्थित खसरा नंबर 72 क्षेत्रफल 1000 वर्गफिट अर्थात 92.93 वर्गमीटर का विक्रयपत्र / फौती / वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएवं आवेदक के उपरोक्त आवेदन के संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो इस इश्तहार के जारी होने के दिनांक 11/07/2025 के भीतर इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।

अति. तहसीलदार
तहसील कोलार, भोपाल



**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, (मुख्यालय) नगरीय पुलिस भोपाल**

क्रमांक/पु.उपा./न.पु./भो/रनि/निविदा/393/25 दिनांकः- 23/06/2025

// ई-निविदा सूचना //

"मध्यप्रदेश भण्डार क्रय नियम तथा सेवा उपार्जन नियम 2015 यथा संसोधित 2022" के नियमानुसार नगरीय पुलिस भोपाल क्षेत्रांतर्गत कार्य का विवरण में दर्शाये गये कार्य को कराये जाने के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

| क्र. | कार्य का विवरण | निविदा शुल्क | अनुमानित व्यय राशि (जीएसटी सहित) | ईएमडी |
|---|---|---|---|---|
| 1. | थाना कोलार रोड में बिसरा कक्ष का निर्माण कार्य | 1,000/- | 4,99,894/- | 15,000/- |

1. निविदा पुलिस उपायुक्त, (मुख्यालय) नगरीय पुलित्त भोपाल म.प्र. के नाम से बेवसाईट www.mptenders.gov.in पर ऑन लाईन जमा की जावेंगी ।
2. निविदा शुल्क ऑनलाईन जमा करना अनिवार्य है। ईएमडी में पात्रतानुसार छूट प्राप्त की जा सकेगी।
3. म.प्र. पुलिस की वेबसाइट www.mppolice.gov.in एवं www.mptenders.gov.in से निविदा प्रपत्र एवं विस्तृत जानकारी डाउनलोड की जा सकती है। साथ ही निविदा के संबंध में रक्षित निरीक्षक कार्यालय, पुराना कंट्रोल रूम से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

शेड्यूल-

| | |
|---|---|
| निविदा पब्लिकेशन दिनांक | दिनांक 24/06/2025 के 10.00 बजे |
| निविदा डाउनलोड करने की दिनांक | दिनांक 24/06/2025 के 10.00 बजे से |
| निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक | दिनांक 14/07/2025 के 17.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की दिनांक | दिनांक 15/07/2025 के 17.00 बजे |
| प्रिबिड मीटिंग | दिनांक 01/07/2025 के 12.00 बजे |
| प्रिबिड मीटिंग एवं निविदा खोले जाने का स्थान | पुराना पुलिस कंट्रोल रूप भोपाल |

G-14871/25 " स्वच्छता ही सेवा "

पुलिस उपायुक्त, (मुख्यालय)
नगरीय पुलिस, भोपाल



**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, (मुख्यालय) नगरीय पुलिस भोपाल**

क्रमांक/पु.उपा./न.पु./भो/रनि/निविदा/400/25 दिनांकः- 23/06/2025

// ई-निविदा सूचना //

"मध्यप्रदेश भण्डार क्रय नियम तथा सेवा उपार्जन नियम 2015 यथा संसोधित 2022" के नियमानुसार नगरीय पुलिस भोपाल क्षेत्रांतर्गत कार्य का विवरण में दर्शाये गये कार्य को कराये जाने के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

| क्र. | कार्य का विवरण | निविदा शुल्क | अनुमानित व्यय राशि (जीएसटी सहित) | ईएमडी |
|---|---|---|---|---|
| 1. | थाना कोतवाली में बिसरा कक्ष का निर्माण कार्य | 1,000/- | 4,99,894/- | 15,000/- |

1. निविदा पुलिस उपायुक्त, (मुख्यालय) नगरीय पुलित्त भोपाल म.प्र. के नाम से बेवसाईट www.mptenders.gov.in पर ऑन लाईन जमा की जावेंगी ।
2. निविदा शुल्क ऑनलाईन जमा करना अनिवार्य है। ईएमडी में पात्रतानुसार छूट प्राप्त की जा सकेगी।
3. म.प्र. पुलिस की वेबसाइट www.mppolice.gov.in एवं www.mptenders.gov.in से निविदा प्रपत्र एवं विस्तृत जानकारी डाउनलोड की जा सकती है। साथ ही निविदा के संबंध में रक्षित निरीक्षक कार्यालय, पुराना कंट्रोल रूम से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

शेड्यूल-

| | |
|---|---|
| निविदा पब्लिकेशन दिनांक | दिनांक 24/06/2025 के 15.00 बजे |
| निविदा डाउनलोड करने की दिनांक | दिनांक 24/06/2025 के 15.00 बजे से |
| निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक | दिनांक 15/07/2025 के 17.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की दिनांक | दिनांक 16/07/2025 के 17.00 बजे |
| प्रिबिड मीटिंग | दिनांक 01/07/2025 के 12.00 बजे |
| प्रिबिड मीटिंग एवं निविदा खोले जाने का स्थान | पुराना पुलिस कंट्रोल रूप भोपाल |

G-14863/25 " स्वच्छता ही सेवा "

पुलिस उपायुक्त, (मुख्यालय)
नगरीय पुलिस, भोपाल

## चिंतन

# संविधान में समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष तत्व पहले से ही

संविधान की प्रस्तावना में वर्ष 1976 में आपातकाल के दौरान 42वें संशोधन के जरिये जोड़े गए शब्द 'समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष' को लेकर एक बार फिर से बहस गर्म है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के महासचिव दत्तात्रेय होसबोले ने एक बार फिर से संघ राग छेड़ा है कि चूंकि आपातकाल के दौरान संविधान संशोधन के जरिये समाजवादी व धर्मनिरपेक्ष शब्द जोड़े गए हैं, इसलिए मूल प्रस्तावना में ये शब्द प्रासंगिक हैं या नहीं, इस पर सार्वजनिक बहस होनी चाहिए। इसके बाद से देश में विपक्ष की ओर से सियासत तेज है और कांग्रेस समेत दूसरे विपक्षी दल के नेता संघ पर हमलावर हैं। राजनीति अपनी जगह है, लेकिन संविधान की मूल प्रस्तावना से समाजवादी व धर्मनिरपेक्ष शब्द को हटाने को लेकर बार-बार मांग के पीछे की सोच भारतीय दृष्टिकोण की द्योतक नहीं है, वर्ष 2025 में ऐसी बहस ही प्रासंगिक नहीं है। भारत संस्कृति और प्रकृति से समावेशी और समाजवादी है। भारतीय सनातन चिंतन में गहरे रूप से समाजवाद की अवधारणा सभी एक समान हैं, सर्वे भवन्तु सुखिनः और वसुधैव कुटुंबकम के रूप में निहित है। संविधान के मूल अधिकारों में सबके समान अधिकारों, सामाजिक व आर्थिक समानता व जनकल्याण की बात वर्णित हैं। संविधान में जोड़े गए शब्द समाजवादी का तात्पर्य उस समय राष्ट्रीयकरण अथवा साम्यवाद से नहीं था। संविधान वास्तव में कल्याणकारी राज्य के प्रति राज्य (देश) की प्रतिबद्धता और समान अवसर की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यही बात समाजवादी शब्द के भाव में भी निरूपित है। इसी तरह धर्मनिरपेक्ष शब्द तो संविधान की आत्मा में पहले से ही है। इसको संविधान के अनुच्छेद 25 से 28 में देश के सभी नागरिकों को धार्मिक स्वतंत्रता, पूजा अर्चना और धर्म के पालन की स्वाधीनता के जरिए व्यक्त किया गया है। प्रस्तावना में धर्मनिरपेक्ष शब्द को जोड़ कर इस विचारधारा को मजबूत किया गया था। भारत कभी धर्मप्रधान देश रहा ही नहीं है, समावेशी संस्कृति प्रधान देश रहा है। सुप्रीम कोर्ट भी कह चुका है कि हिंदुत्व जीवनशैली है और इसकी मूल प्रकृति समाजवादी व धर्मनिरपेक्षता ही है। केशवानंद भारती बनाम केरल राज्य और एसआर बोम्मई बनाम भारत संघ मामलों में सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि धर्मनिरपेक्षता वास्तव में संविधान की एक बुनियादी विशेषता है। डॉ. भीमराव आंबेडकर लिखित संविधान के दर्शन में पहले से ही समाजवादी और धर्मनिरपेक्षता का स्पष्ट उल्लेख हुए बिना न्याय, समानता, स्वाधीनता और भाईचारे का विचार निहित है। इन दोनों शब्द के जुड़ने के बाद से संविधान की भावना के दुरूपयोग की संभावना खत्म हो जाती है। आपातकाल में यह शब्द जोड़े गए, केवल इसी आधार पर इस पर सार्वजनिक बहस की मांग का कोई औचित्य नहीं है। आपातकाल देश के लिए काला दिन था और वह हमेशा रहेगा। राष्ट्र दुबारा ऐसी स्थिति में न पहुंचे, इसलिए इसे याद रखना जरूरी है। वर्ष 2020 में सुप्रीम कोर्ट ने समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष शब्दों को हटाने संबंधी याचिकाओं को यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि लगभग 44 वर्षों के बाद इस संविधान संशोधन को चुनौती देने का कोई वैध कारण या औचित्य नहीं है। इन दोनों शब्दों ने देश में व्यापक स्वीकृति प्राप्त कर ली है और इनके अर्थ हम भारत के लोग बिना किसी संदेह के समझते हैं। अनुच्छेद 368 संविधान में संशोधन की अनुमति देता है; संशोधन की शक्ति संसद के पास है, इसलिए हमें किसी भी तरह के संशोधन को संसद के विवेक पर छोड़ देना चाहिए।

## सियासत
बाल मुकुन्द ओझा



# देश में तीसरे मोर्चे की सुगबुगाहट शुरू

देश में तीसरे मोर्चे की सुगबुगाहट एक बार फिर शुरू हो गई है। गैर कांग्रेस और गैर भाजपा मोर्चे की पैरवी करते हुए कुछ नेताओं को तीसरे मोर्चे की याद सताने लगी है। विशेषकर आम आदमी पार्टी, नगीना से सांसद चंद्रशेखर रावण की आज़ाद समाज पार्टी, स्वामी प्रसाद मौर्य का लोक मोर्चा और इंडियन नेशनल लोकदल जैसी राजनीतिक पार्टियों ने मौजूदा स्थितियों में तीसरे मोर्चे की वकालत की है। आम आदमी पार्टी ने इंडिया ब्लॉक से अलग होकर तीसरे मोर्चे की पहल की है। दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी ने तीसरे मोर्चे के गठन की जरूरत के संकेत दिए हैं। आतिशी ने हाल ही में बयान दिया कि विपक्ष को अब कांग्रेस से हटकर विकल्प तलाशने की जरूरत है। इस बयान ने विपक्ष के भीतर तीसरे मोर्चे की संभावना को नया बल दे दिया है। एनडीए और इंडिया गठबंधन से दूरी बनाकर चल रही निर्गुट पार्टियां अपना वजूद बनाये रखने के लिए जी-तोड़ प्रयास में जुटी हैं। कुछ क्षेत्रीय क्षत्रप भी तीसरे मोर्चे के गठन में अपनी रुचि दिखा रहे है। देश में वर्तमान में एनडीए और इंडिया नाम से दो सियासी मोर्चे वजूद में हैं। केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सत्तारूढ़ है। जहां तक राज्यों की बात है, उत्तर भारत के हिंदी भाषी राज्यों में जहां एनडीए सत्ता पर काबिज है वहीं दक्षिण के राज्यों में इंडिया गठबंधन सत्तारूढ़ है। उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छतीसगढ़, हरियाणा, गुजरात, राजस्थान, बिहार, महाराष्ट्र, असम, त्रिपुरा, आंध्रा और दिल्ली आदि राज्यों में एनडीए या यूं कहे भगवा दल का परचम फहरा रहा है। इंडिया गठबंधन की बात करें तो कर्नाटक, हिमाचल, तेलंगाना, तमिलनाडू, केरल, बंगाल में इंडिया काबिज है।

हालांकि इंडिया में रहने के बावजूद बंगाल में टीएमसी और केरल में कम्युनिस्ट अपने बलबूते पर राज कर रहे हैं। पंजाब में राज करने वाली आम आदमी पार्टी इंडिया गठबंधन से अलग होकर अब तीसरे मोर्चे की कवायद कर रही है। देश में बहुत सी ऐसी पार्टियां भी हैं जो दोनों प्रमुख मोर्चों में शामिल नहीं होकर स्वतंत्र रूप से कार्य कर रही हैं। ये पार्टियां अपने-अपने राज्यों में सत्तारूढ़ रह चुकी है और अब स्वतंत्र रूप से अपनी गतिविधियों को अंजाम दे रही हैं। इनमें यूपी में बहुजन समाज पार्टी, पंजाब में अकाली दल, हरियाणा में इंडियन नेशनल लोकदल, आंध्रा में जगन मोहन रेड्डी की पार्टी, राजस्थान में हनुमान बेनीवाल की रालोपा, तेलंगाना में केसीआर की पार्टी, उड़ीसा में बीजू जनता दल शामिल हैं। इन्हें हम निर्गुट पार्टियां भी कह सकते हैं। एक बहुजन समाज पार्टी है जिसने अकेले चलो का नारा बुलंद किया है, मगर तीसरा मोर्चा बनाने की कोई पहल नहीं की है। तेलंगाना में सत्ता गंवाने वाली क्षेत्रीय पार्टी बीआरएस के नेता के. चंद्रशेखर राव ने कभी तीसरा मोर्चा बनाने की वकालत जोर-शोर से की थी, मगर करारी हार के बाद वे भी अब अलग-थलग पड़े हैं। एनडीए और इंडिया गठबंधन से दूरी बनाकर चल रही निर्गुट पार्टियां अपना वजूद बनाये रखने के लिए प्रयासरत हैं। निर्गुट पार्टियों में से एक बसपा सुप्रीमो मायावती का कहना है कि सियासी पार्टियां उनकी पार्टी के बारे में कोई बेवजह बयानबाजी न करें। पता नहीं भविष्य में कब किसको किसी की जरूरत पड़ जाये, तब उन्हें किसी शर्मिंदगी का सामना नहीं करना पड़े। देश की लगभग 62 राजनीतिक पार्टियों ने दोनों गठबंधनों में शिरकत की है। इनमें 26 पार्टियां इंडिया और 36 पार्टियां एनडीए के झंडे के नीचे हैं। देश में एनडीए और इंडिया गठबंधन के अलावा एक दर्जन ऐसी पार्टियां हैं जिनका लगभग एक सौ लोकसभा सीटों पर खासा दबदबा है। ये पार्टिया किसी गुट विशेष में नहीं हैं और स्वयं की अलग पहचान बनाये हुए हैं। उड़ीसा में बीजू जनता दल, आंध्रा में वाईएसआर कांग्रेस और तेलंगाना में बीआरएस विधान सभा चुनाव हारकर सत्ताच्युत हो चुकी है। निर्गुट पार्टियां किसी गठबंधन में नहीं है मगर अपने अपने राज्य में इनका दबदबा है। विशेष रूप से उड़ीसा, आंध्र और तेलंगाना की पार्टियां इनमें शामिल है। अन्य प्रदेशों की निर्गुट पार्टिया भी कभी न कभी सत्ता पर काबिज रही है। अकाली दल और इनेलो के नेता मुख्यमंत्री के पद पर रहे है। इनमें कई पार्टिया कभी एनडीए की सहयोगी रही है। हाल ही पंजाब और गुजरात में विधानसभा उप चुनाव जीतने के बाद उसका हौसला बुलंद है। आप, ईनेलो, टीएमसी, बीजू जनता दल, केसीआर और जगन रेड्डी की पार्टियां, वामपंथी पार्टियां,अकाली दल और बहुजन समाज पार्टी को मिलाकर तीसरा मोर्चा बनाया जा सकता है। आप नेता अरविन्द केजरीवाल प्रयास करें तो तीसरा मोर्चा वजूद में आ सकता है। उन्हीं की पार्टी की नेता आतिशी ने इसके संकेत भी दे दिए हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# भारत में सहकारिता का अमृतकाल



विश्लेषण
प्रो. कन्हैया त्रिपाठी

**सहकारिता समितियों को उनकी क्षमता का अहसास कराने में मदद करने के लिए ढांचागत निर्माण सहकारिता मंत्री अमित शाह ने जब से शुरू किया है, सहकारी क्षेत्र में कार्यरत लोगों में अत्यधिक उत्साह देखने को मिल रहा है। अमित शाह का यह स्वप्न लम्बे समय से था कि हम भारत में सहकारिता क्षेत्र का भरपूर विकास करके उन लोगों को विकास की मुख्य धारा में सम्मिलित करें जो अभी भी किन्हीं कारणों से विकास की धारा से वंचित रहे हैं। सहकारिता के सिद्धांत दरअसल सबकी उन्नति व सबके विकास में विश्वास करता है। सहकारिता मंत्रालय अपने सात सार्वभौमिक रूप से स्वीकृत सहकारिता सिद्धांतों का पालन करते हुए भारत की जन-स्थिति में सुधार की पहल कर रहा है।**

भारत का यह अमृतकाल है। इस काल की अर्जित उपलब्धियां आने वाले समय में भारतीय जनता को गर्व से भर देंगी। अमृत काल जीवंत भारत हेतु सहकार से समृद्धि की यात्रा है। भारत में सहकारिता आंदोलन आज़ादी से भी पहले जारी था। ऐसा मानते हैं कि यह सहकारिता आन्दोलन सवा सौ साल पुराना है। भारत में नरेंद्र मोदी सरकार आने के बाद इसका विशेष मंत्रालय बना, जिसका मुख्य जनादेश 'सहयोग से समृद्धि' की दृष्टि को साकार करना है।

देश में सहकारिता आंदोलन को मजबूत करना है। जमीनी स्तर तक इसकी पहुंच को विस्तारित करना है। सहकारिता आधारित आर्थिक विकास मॉडल को बढ़ावा देना है और साथ-साथ उपयुक्त नीति, कानूनी और संस्थागत निर्माण करना है। सहकारिता समितियों को उनकी क्षमता का अहसास कराने में मदद करने के लिए ढांचागत निर्माण सहकारिता मंत्री अमित शाह ने जब से शुरू किया है, सहकारी क्षेत्र में कार्यरत लोगों में अत्यधिक उत्साह देखने को मिल रहा है। मंत्री अमित शाह का यह स्वप्न बहुत लम्बे समय से था कि हम भारत में एक बार सहकारिता क्षेत्र का भरपूर विकास करके उन लोगों को विकास की मुख्य धारा में सम्मिलित करें जो अभी भी किन्हीं कारणों से विकास की धारा से वंचित रहे हैं। सहकारिता के सिद्धांत दरअसल सबकी उन्नति व सबके विकास में विश्वास करता है। इसीलिए हम देखते हैं कि सहकारिता मंत्रालय अपने सात सार्वभौमिक रूप से स्वीकृत सहकारिता सिद्धांतों का पालन करते हुए भारत की जन-स्थिति में सुधार की पहल कर रहा है। यथा खुली और स्वैच्छिक सदस्यता का इसमें भरपूर प्रावधान है। लोकतांत्रिक सदस्य नियंत्रण के साथ सदस्यों की आर्थिक भागीदारी उनकी स्वायत्तता और स्वतंत्रता को स्थापित करके चल रहा है। व्यापक शिक्षा, प्रशिक्षण और सूचना पर बल देने की प्रतिबद्धता है। सहकारिता समितियों के बीच सहयोग और समुदाय के लिए चिंता भी इसके सैद्धांतिक पहलू हैं।

अब जब से भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमृत काल के पंच प्रण को जनमानस में रखा है, तब से सहकारिता के स्वरूप में और सघन विकसित भारतोन्नति को सहयोग मिल रहा है। 15 अगस्त, 2022 को स्वतंत्रता दिवस पर अपने भाषण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए अमृत काल आह्वान के पंच प्रण कुछ इस प्रकार थे- विकसित भारत का लक्ष्य, औपनिवेशिक मानसिकता के किसी भी निशान को हटा दें। अपनी जड़ों पर गर्व करें। एकता यानी राष्ट्रीय एकीकरण की भावना और नागरिकों में कर्तव्य की भावना। यह वे प्रण हैं जिससे सच में भारत की छवि बदली जा सकती है। सहकारिता के लिए यह सब सूत्र हैं क्योंकि पंच प्रण से सबके साथ विकास व समृद्धि की नई परिभाषा रची जा सकती है और सबके आत्म गौरव को सुरक्षित व संरक्षित किया जा सकता है। विश्व स्तर पर सहकारिता के विविध प्रयत्न पर भारत के सहकारिता मंत्री अमित शाह की नज़र रहती है। वह चाहते हैं कि भारतीय नागरिक चाहे वह गरीब हो, दलित हों, दमित हों, महिलाएं हों या दिव्यांगजन हों, सबको सहकारिता का लाभ मिले। सहकारिता की भावना से सभी आगे बढ़ें। सहकारिता से सभी एक दूसरे के लिए कार्य करें क्योंकि अमित शाह की दृष्टि में परमार्थ का कार्य ही तो सहकारिता का कार्य है। एक-दूसरे का




सहयोग ही तो परमार्थ का कार्य है। सहकारिता का कार्य है। यह वर्ष अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष है। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के उद्घाटन कार्यक्रम का अभिभाषण स्मरण आ रहा है। इस अभिभाषण में अमित शाह ने कहा था कि अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के दौरान सहकारिता के विस्तार, इस क्षेत्र में शुचिता लाने, सहकारी संस्थाओं को समृद्ध बनाने, कई नए क्षेत्रों में सहकारिता की पहुंच बढ़ाने और भारत के हर व्यक्ति को किसी न किसी प्रकार से सहकारिता से जोड़ने की दिशा में आगे बढ़ने के प्रयास किए जाएंगे। यह एक बड़ी संकल्पना है कि भारत की 140 करोड़ वाली आबादी सहकारिता से जुड़े। सहकारिता को समझे। सहकारिता आन्दोलन में सम्मिलित हो। अमृतकाल में सहकारिता का अमृत-समय का हस्ताक्षर पूरे विश्व में भारत की ओर से अंकित करे। वस्तुतः आत्मनिर्भरता की दिशा में यह कार्य है। अमित शाह यह जानते हैं कि अमृत काल की अगर सबसे सुंदर व्याख्या कुछ है तो वह सहकारिता। सहकारिता के बगैर किसान आत्मनिर्भर नहीं बन सकेगा। समृद्ध नहीं बन सकेगा। नरेंद्र मोदी के 'सहकार से समृद्धि' के नारे को यदि जमीनी स्तर पर देखना है तो इसके लिए बड़े पैमाने पर आमजन को सहकारिता से जोड़ने की आवश्यकता है। यदि अमृत काल में भारत के 2047 के संकल्प को भी चरितार्थ करना है तो सहकारिता से किया जा सकता है। इसे एक विकसित भारत का मॉडल तैयार करने की कोशिश के रूप में हम समझ सकते हैं। अंतरराष्ट्रीय सहकारी गठबंधन-आईसीए की स्थापना 1895 में हुई थी। यह सहकारी समितियों का प्रतिनिधित्व करने वाला शीर्ष निकाय है। यह विश्व की सहकारी संस्थाओं को एकीकृत करता है और उनका प्रतिनिधित्व व देखरेख करता है। आईसीए सहकारी समितियों के लिए और उनके बारे में ज्ञान, विशेषज्ञता और समन्वित कार्रवाई के लिए एक वैश्विक आवाज़ और मंच प्रदान करने वाला संगठन है। सभी को यह ज्ञात है कि संयुक्त राष्ट्र ने 2025 को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष घोषित किया है। आधुनिक सहकारी आंदोलन की जन्मस्थली 'रॉचडेल म्यूज़ियम' में अंतरराष्ट्रीय सहकारी संगठन-आईसीए की सहकारी सांस्कृतिक विरासत कार्य समूह की बैठक होने वाली है।

संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 विशेष सेलीब्रेशन के ही तहत यह समूह 25 ऐतिहासिक सहकारी स्थलों का डिजिटल वर्ल्ड मैप लॉन्च करने की योजना बना चुका है। यह संगठन सांस्कृतिक व ऐतिहासिक महत्व वाले स्थलों की पहचान के लिए वैश्विक दिशा-निर्देश तैयार करने वाला है। खास बात यह है कि इस परियोजना का उद्देश्य सहकारी आंदोलन के महान अग्रदूतों, परिवर्तनकारियों व समर्पित लोगों की विरासत को उजागर करना और उस परंपरा को सम्मान देना है जिसने इस वैश्विक आंदोलन को जन्म दिया। अमित शाह की योजना है कि देश के सहकारिता आंदोलन को इस महान प्रदर्शनी में सम्मिलित किया जाए और भारतीय सहकारिता की दुंदुभी पूरे विश्व में बजे। देखा जाए तो सहकारिता की भारतीय यात्रा को उनकी सोच से अब प्रतिबिंबित करना ज़रूरी है क्योंकि अमित शाह के इरादे बहुत नेक हैं। उन्होंने सार्वजनिक रूप से और विभिन्न आयोजनों में इस बात पर जोर दिया कि सहकारिता आंदोलन की चर्चा इसकी विफलताओं तक सीमित नहीं रह सकती। इफको, कृभको, अमूल और नैफेड जैसी संस्थाओं ने सफलता की कई कहानियां गढ़ी हैं। देशभर के किसानों की मेहनत और सरकार की योजनाएं ही इस आंदोलन की असली रीढ़ हैं। सहकार से समृद्धि की इस बहुद्देशीय उल्लेखनीय उपलब्धि का देश को बहुत लाभ मिलने वाला है।

(लेखक केंद्रीय विश्वविद्यालय पंजाब में चेयर प्रोफेसर हैं। ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# बुढ़ापे को बनाएं सार्थक



संकलित
**दर्शन**

जीवन का संध्याकाल यानी, बुढ़ापा अधिकतर लोगों के लिए दुखदायी होता है। मानव जीवन का यह पड़ाव बहुत मुश्किलों भरा और चुनौतीपूर्ण बन जाता है। हर इंसान को इसे भोगना पड़ता ही है। बेहतर है हम अपने जीवन को अभी से बेहतर बनाएं तभी बुढ़ापे को सार्थक बना पाएंगे। लेकिन आमतौर पर ऐसा होता नहीं है। आप घड़ी के तीन कांटे देखना, सेकंड का कांटा बचपन का प्रतीक है जो बहुत तेज भागता है। मिनट का कांटा जवानी का प्रतीक है जो बचपन से थोडा धीरे चलता है लेकिन काम करता दिखता है। घंटे का कांटा बुढ़ापे का प्रतीक है जो चलता हुआ दिखता तो नहीं, लेकिन फिर भी चलता है। बचपन और जवानी तो जल्दी भागती है बुढ़ापा धीरे धीरे खिसकता है। जवानी को लाख बचाना चाहो पर वह बचती नहीं, लाख दवाएं खा लो कि, बबुढ़ापा ना आए लेकिन बुढ़ापा तो आता ही है। सफेद बाल काले कर सकते हो फिर भी बुढापा नहीं रुकता। प्लास्टिक सर्जरी भी करा लो तो भी बुढ़ापा निश्चित आएगा। परिवार में सुखी रहना है तो बुढ़ापे में बहू और बेटों के बीच ज्यादा हस्तक्षेप मत करो। ज्यादा हस्तक्षेप करने से परिवार के लोग टूटने लगते हैं और मन भी अशांत होने लगता है। बुढ़ापा यदि सुख से गुजारना है तो अपने घर को अपना घर न समझकर पड़ोसी का घर समझो। जो व्यवहार अपने पड़ोसी से करते हैं वही अपने बेटे-बहू से करो, समय पर भोजन मिले चुपचाप भोजन कर लो, बाकी समय हरि का भजन करो।

# पूजा-अर्चना और ईश्वर शरणागति



संकलित
**प्रेरणा**

बेशक मूर्तिपूजा का अपना महत्व है। लेकिन चित्रकारों ने कल्पना करके भगवान का जो चित्र बनाया और उस चित्र पर से चित्र लेकर जो फोटो छपे और हमारे घर आये, क्या केवल उस फोटो के पैर पकड़ के बैठना भगवान की शरण है? बिना किसी भावना के अपने स्वार्थ के लिए या केवल दिखावे के लिए, पूजा-अर्चना का कोई अर्थ है। हमें चिंतन करना चाहिए कि भगवान की किसी धातु से अथवा पत्थर से बनी हुई मूर्ति अथवा यरूसलेम में रखे हुए उस पत्थर को पकड़ के आलिंगन करके बैठना खुदा की शरण है क्या, भगवान की शरण है क्या? अगर मूर्ति के पैर पकड़ के बैठना या श्रीविग्रह के पैर पकड़ के बैठना ही भगवान की शरण है तो पकड़ ले पैर, छुट्टी हो जाय, कल्याण हो जाय। कई महान संत एकांत में अंतर्यामी ईश्वर से वार्ता, ईश्वर-चिंतन, ईश्वर-पुकार करते-करते शांत हो गये तो उन संत को मानो उस सच्चिदानंद ने, उस परमेश्वर ने, उस गुरुतत्त्व ने, जिसमें उनकी स्थिति हुई, यह स्फुरना दिया कि एक संकल्प उठता है और दूसरा उठने को है, इसके बीच की जो संकल्परहित स्थिति है, वह सच्चिदानंद है। उस सच्चिदानंद में विश्रांति करना ईश्वर की शरण है। सुख और दुःख चले जाते हैं फिर भी जो नहीं जाता, उसमें स्थिति करना- यह ईश्वर की शरण है। अनुकूलता में हर्ष होता है और प्रतिकूलता में शोक होता है। हर्ष-शोक, राग और द्वेष मति के धर्म होते हैं।

## सटाका




## आज की पाती

### हिंदी किसी भी भाषा की विरोधी नहीं

हिंदी भाषा में भारतीय संस्कृति एवं परम्परा की झलक मिलती है। हिंदी का विरोध समय समय हुआ ही है। देश के विभाजन के बाद देश की मुख्य समस्या राष्ट्र की भाषा के लिए वाद-विवाद हुए। अंततः हिंदी को राष्ट्र भाषा घोषित की गई। हाल ही में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन द्वारा हिंदी के खिलाफ दिए गए बयान पर गृहमंत्री अमित शाह ने जवाब देते हुए कहा कि भारतीय भाषा देश को तोड़ने का नही,बल्कि जोड़ने का सशक्त माध्यम है। उन्होनें कहा कि किसी भी देश की चेतना एवं अपनी संस्कृति की और आगे बढ़ने के लिए सरकार का संचालन मातृभाषा में ही करना चाहिए। हिंदी केवल भारत मे ही नही कई देशों में बोली जाती है। भारतीय हिंदी भाषी हर भाषा का का सम्मान करता है। देश मे अनेक भाषा बोली जाती है। और समझी भी जाती है लेकिन किसी भी राज्य की भाषा को किसी को ऐतराज नहीं है। *–कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## ट्रेंड

### भारत करेगा मेजबानी



यह प्रत्येक नागरिक के लिए बहुत गर्व का क्षण है, क्योंकि भारत को प्रतिष्ठित 2029 विश्व पुलिस और अग्निशमन खेलों के लिए मेजबान देश के रूप में नामित किया गया है। अहमदाबाद आयोजन स्थल रहेगा।
**- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### जय जगन्नाथ




श्री जगन्नाथ जी की रथ यात्रा के पावन अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं। महाप्रभु जगन्नाथ सभी को सुख, अच्छा स्वास्थ्य, शांति और समृद्धि प्रदान करें। सभी भक्तों को आध्यात्मिक रूप से समृद्ध यात्रा की शुभकामनाएं। जय जगन्नाथ !
**-राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**

### अशोक गहलोत की राजनीति



अशोक गहलोत अपने पुत्र का राजनीतिक करियर बनाने के लिए संजीवनी क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसाइटी प्रकरण में मेरा नाम घसीटकर मुझे कलंकित करने के प्रयास में बुरी तरह असफल रहे हैं। इससे स्वयं उनकी राजनीति पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा हो गया है।
**-गजेन्द्र सिंह शेखावत, केंद्रीय पर्यटन मंत्री**

### विशेष 'सेवा-पथ'



लोककल्याण की भावना ही सनातन धर्म की आत्मा है और यही भावना आज पुरी की पवित्र रथयात्रा में फिर प्रकट हुई। रथ यात्रा के दौरान आरएसएस के स्वयंसेवकों ने एम्बुलेंस के लिए विशेष 'सेवा-पथ' बनाया है।
**- धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री**

## करंट अफेयर

# सोशल मीडिया को जवाबदेह ठहराने के फैसले से सहमति



ब्राजील के उच्चतम न्यायालय ने सोशल मीडिया कंपनियों को उनके उपयोगकर्ताओं द्वारा की गईं पोस्ट के लिए उत्तरदायी ठहराने के निर्णय से संबंधित विवरण पर बृहस्पतिवार को सहमति जताई, जिसके साथ ही अगले कुछ सप्ताह में फैसले को लागू करने का रास्ता साफ हो गया। ब्राजील की शीर्ष अदालत में 8-3 के मत से पारित आदेश में गूगल, मेटा और टिकटॉक जैसी दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनियों को घृणास्पद भाषण, नस्लवाद और हिंसा को बढ़ावा देने वाली सामग्री पर सक्रिय रूप से निगरानी रखने और उसे हटाने के लिए कार्रवाई करने का आदेश दिया गया है। इस मामले से ब्राजील और अमेरिकी सरकार के बीच संबंध अस्थिर हो गए हैं। फैसले के आलोचकों ने चिंता व्यक्त की है कि अगर प्लेटफार्म पहले से ही ऐसी सामग्री हटा देते हैं तो अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता खतरे में पड़ सकती है। बृहस्पतिवार को न्यायालय द्वारा निर्णय प्रकाशित किए जाने के बाद, लोग गैर-कानूनी सामग्री डालने और पीड़ित द्वारा ध्यान में लाए जाने के बाद भी उसे हटाने से इनकार करने पर सोशल मीडिया कंपनियों पर मुकदमा कर सकेंगे। न्यायालय ने इस बारे में कोई ठोस नियम नहीं बनाए कि कौन सी सामग्री अवैध है।

## ऑफ बीट

# ममदानी की जीत से न्यूयॉर्क की राजनीति में आया भूचाल



न्यूयॉर्क के मेयर पद के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी का उम्मीदवार बनने के चुनाव में भारतीय-अमेरिकी जोहरान क्वामे ममदानी की जीत ने शहर की राजनीति को हिलाकर रख दिया है। भारतीय समुदाय के सदस्यों ने यह बात कही है। दूसरी ओर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ममदानी पर निशाना साधते हुए उन्हें 100 प्रतिशत पागल वामपंथी कहा है। मशहूर भारतीय फिल्म निर्माता मीरा नायर और भारतीय मूल के युगांडाई लेखक महमूद ममदानी के पुत्र 33 वर्षीय ममदानी को मंगलवार रात मेयर पद की उम्मीदवारी के लिए हुए डेमोक्रेटिक पार्टी के प्राइमरी चुनाव में विजयी घोषित किया गया। ट्रंप ने बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया मंच 'ट्रुथ सोशल' पर लिखा, "आखिरकार यह हो गया, डेमोक्रेटिक पार्टी ने हद पार कर दी। 100 प्रतिशत पागल वामपंथी जोहरान ममदानी ने डेमोक्रेटिक पार्टी के प्राइमरी चुनाव में जीत हासिल की और वह मेयर बनने की राह पर है। 'डिजिमेंटर्स' के सीईओ और मीडिया व राजनीति पर लंबे समय से नजर रखने वाले श्री श्रीनिवासन ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा कि ममदानी की जीत ने न्यूयॉर्क शहर की राजनीति को हिलाकर रख दिया है। श्रीनिवासन ने कहा, "यह घटनाक्रम आश्चर्यजनक रूप से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी लोगों का ध्यान खींच रहा है।


**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**
पर भेज सकते हैं।

## अहमदाबाद में श्री जगन्नाथ की रथयात्रा उल्लास के साथ शुरू

# भगवान को पहली बार गार्ड ऑफ ऑनर, मंगला आरती में शाह भी पहुंचे

### मुख्यमंत्री पटेल ने रथयात्रा की विधिवत शुरुआत की, पारंपरिक पाहिंद विधि का पालन कर रथ के सामने सोने की झाड़ू लगाई

एजेंसी ⏭ अहमदाबाद

भगवान श्री जगन्नाथ की 148वीं रथयात्रा पारंपरिक उल्लास और धार्मिक श्रद्धा के साथ शुरू हो चुकी है। इस खास मौके पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने श्रीजगन्नाथ मंदिर में मंगला आरती में परिवार समेत हिस्सा लिया और महाप्रभु के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने रथयात्रा की विधिवत शुरुआत की और पारंपरिक पाहिंद विधि का पालन करते हुए भगवान के रथ के सामने सोने की झाड़ू लगाकर यात्रा का शुभारंभ किया।भगवान जगन्नाथ को अहमदाबाद में ओडिशा के पुरी की तरह 'गार्ड ऑफ ऑनर' दिया गया। यह पहली बार किया गया है।



### यह दिव्य और अलौकिक अनुभव रहा



शाह ने मंगला आरती के बाद 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा कि रथयात्रा के पावन अवसर पर श्री जगन्नाथ मंदिर, अहमदाबाद की मंगला आरती में शामिल होना अपने आप में दिव्य और अलौकिक अनुभव होता है। महाप्रभु सभी पर अपना आशीर्वाद बनाए रखें। इसके पहले शाह ने देशवासियों को श्री जगन्नाथ रथयात्रा को लेकर शुभकामनाएं दीं।'एक्स' पर लिखा, जय जगन्नाथ! सभी को श्री जगन्नाथ रथयात्रा के पावन उत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं। श्री जगन्नाथ जी की रथयात्रा आस्था और विश्वास का अनूठा संगम है, जो बताती है कि भक्ति, संस्कृति और विरासत को एक साथ सहेजते हुए आगे बढ़ते रहना हमारे मूल में है।

**आज भगवान भक्त के घर पर जा रहे**

फिलहाल नगर नाथ जगन्नाथ शहर के भ्रमण पर निकल चुके हैं। पूरी साल भक्त भगवान के दर पर आते हैं, लेकिन आज का दिन ऐसा होता है जब भगवान भक्त के घर पर जाते हैं। करीब 16 किलोमीटर की ये यात्रा शाम 6 बजे तक संपन्न होगी। मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ है।

### *ममता ने दीघा के नवनिर्मित जगन्नाथ मंदिर से निकलने वाले पहली रथ यात्रा की शुरुआत की*

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को दीघा के समुद्र तटीय नगर में नवनिर्मित जगन्नाथ मंदिर से निकलने वाले पहले रथ यात्रा की शुरूआत की। 'जय जगन्नाथ' के जयघोष के बीच विदेशियों समेत हजारों श्रद्धालुओं के साथ भगवान जगन्नाथ और उनके भाई बलभद्र और देवी सुभद्रा के रथों की रस्सियांसहयोगियों के साथ मिलकर खींचीं। मुख्यमंत्री ने लाउडस्पीकर के माध्यम से श्रद्धालुओं से अपील की कि वे मुख्य मंदिर से निकलने वाली 750 मीटर लंबी रथयात्रा के दौरान रथों की रस्सियों को वहां लगाए अवरोधकों के पीछे से छू सकते हैं।



**सुनहरी झाड़ू से मार्ग को साफ किया**

*इससे पहले ममता ने दोपहर करीब दो बजे एक सुनहरे झाड़ू से तीन रथों के मार्ग को साफ़ किया और देवताओं की आरती भी उतारी। उन्होंने इस्कॉन से जुड़े विदेशी भक्तों के बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम को भी देखा।*

**मालवीय का ममता पर आरोप**

### वे उकसावे का काम कर रहीं

भाजपा नेता अमित मालवीय नेआरोप लगाया कि ममता बेखौफ हिंदू भावनाओं को कुचल रही हैं! मुर्शिदाबाद के सुती 1 ब्लॉक में मिठाई की दुकानों और राशन डीलरों को कथित तौर पर गाजा और पेरा की तैयारी और वितरण का काम सौंपा गया है।

**रथ यात्रा में उमड़ा भक्तों का सैलाब**

### साय ने की विश्व शांति की कामना

**रायपुर।** रथ यात्रा पर छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णु देव साय ने कहा कि मैं सभी लोगों को बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। मैं भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा से विश्व शांति की कामना करता हूं।

---

## खबर संक्षेप

### हाईवे पर खड़े लोगों को टैंकर ने रौंदा, 3 की मौत



**शाहजहांपुर।** यहां के मीरानपुर कटरा क्षेत्र में लखनऊ-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर बृहस्पतिवार रात टैंकर की टक्कर लगने से 3लोगों की मौत हो गई। मृतकों में 2लोग बाराबंकी जिले और एक रामपुर का रहने वाला था। हादसे में 4 लोग घायल हुए हैं। फीलनगर के पास कार सवार 5 लोग बाइक सवार 2 लोग से सड़क किनारे खड़े होकर बातचीत कर रहे थे।

### गैंगस्टर मंजीत के भांजे पर बरसाईं गोलियां

**नई दिल्ली।** यहां के बवाना इलाके में शुक्रवार सुबह एक शख्स की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान दीपक (43) के रूप में हुई है, जो गैंगस्टर मंजीत महाल का भांजा था। बाइक सवार अज्ञात लोगों ने दीपक पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाईं। इस दौरान दीपक की बेटी भी उसके साथ थी, जो घायल हुई है। पुलिस को गैंगवार की आशंका है।

### आसाराम की जमानत 7 जुलाई तक बढ़ी

**अहमदाबाद।** गुजरात हाई कोर्ट ने रेप केस मामले में आसाराम की अस्थायी जमानत को 7 जुलाई तक बढ़ा दिया। इस मामले में वह आजीवन कारावास की सजा काट रहा है। जस्टिस इलेश वोरा और संदीप भट्ट की खंडपीठ ने सुनवाई के दौरान आसाराम की अस्थायी जमानत को बढ़ा दिया, जो 30 जून को समाप्त हो रही है।

---

## कोलकाता में दरिंदगी पर भाजपा का टीएमसी पर बड़ा आरोप

### लॉ स्टूडेंट गैंगरेप के आरोपी का टीएमसी से संबंध मिला

# यहां जघन्य अपराध कम नहीं हो रहे बंगाल महिलाओं के लिए दुस्वप्न बना



एजेंसी ⏭ कोलकाता

पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में लॉ की एक छात्रा से कॉलेज में गैंगरेप की घटना सामने आने के बाद अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और विपक्षी भाजपा के बीच टकराव का एक नया दौर शुरू को गया है। भाजपा ने इस घटना में गिरफ्तार आरोपियों के टीएमसी के संबंध होने की बात कही है और पार्टी के दूसरे नंबर के नेता और सांसद अभिषेक बेनर्जी के साथ तस्वीरें भी साझा की हैं।

भाजपा के आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय और राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें पोस्ट कीं हैं, जिनमें एक आरोपी मनोजीत मिश्रा तृणमूल नेताओं अभिषेक, स्वास्थ्य मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य और मुख्यमंत्री की भाभी पार्षद कजरी बेनर्जी के साथ खड़ा नजर आ रहा है। मालवीय ने कहा कि आरजी कर का खौफ अभी भी कम नहीं हुआ है और फिर भी बंगाल में इस तरह के जघन्य अपराध रोजाना बढ़ रहे हैं। ममता के शासन में बंगाल महिलाओं के लिए दुःस्वप्न बन गया है।

### *भाजपा के आईटी सेल के प्रमुख मालवीय ने ममता सरकार पर साधा निशाना*

**टकराव का नया दौर हो गया शुरू**



**भंडारी ने भी ममता को सुनाई**

### बेनर्जी की सरकार आरोपियों के साथ खड़ी



भाजपा के प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कहा कि एक बार फिर ममता बेनर्जी की सरकार आरोपियों के साथ खड़ी दिख रही है! मनोजीत मिश्रा टीएमसी सदस्य है। चाहे वह आरजी कर बलात्कार और हत्या का मामला हो, जहां ममता बनर्जी ने पीड़िता के माता-पिता को चुप कराने की कोशिश की थी या अब, जब आरोपी टीएमसी सदस्य पाया गया है।

**भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मजूमदार बोले**

### राज्य के शैक्षणिक संस्थानों में छात्राएं सुरक्षित नहीं



बंगाल भाजपा अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने कहा कि सामूहिक दुष्कर्म की ये घटना दर्शाती है कि राज्य के शैक्षणिक संस्थानों में छात्राएं सुरक्षित नहीं हैं। उन्होंने कहा कि कोलकाता में यह घटना पिछले साल आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एक महिला प्रशिक्षु चिकित्सक के साथ दुष्कर्म और हत्या की घटना के बाद दूसरी बड़ी घटना है। आरजी कर अस्पताल की घटना के विरोध में देशभर में प्रदर्शन हुए थे। मजूमदार ने आरोप लगाया कि ममता के गृह विभाग का काम संभालने के बावजूद राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति बेहद 'खराब' है। कोलकाता के एक विधि महाविद्यालय में छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म की कथित घटना हुई और इससे यह साबित होता है कि राज्य में शैक्षणिक संस्थानों में छात्राएं सुरक्षित नहीं हैं। कालीगंज उपचुनाव के नतीजे से पहले बम विस्फोट में एक लड़की की मौत का भी जिक्र किया।

**सुवेंदु ने किया विरोध प्रदर्शन का ऐलान**

### सीएम ममता को इस्तीफा दे देना चाहिए



इस घटना पर पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि इस अपराध के सिलसिले में व्यापक पैमाने पर एक विरोध प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ममता को अपनी कुर्सी पर बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि कोलकाता पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी दीघा में हैं, जहां मुख्यमंत्री नवनिर्मित जगन्नाथ मंदिर से रथ यात्रा में भाग ले रही हैं।

### एनसीडब्ल्यू ने पुलिस को समय से जांच का निर्देश दिया



इस घटना पर राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने घटना को गंभीरता से लेते हुए कोलकाता पुलिस आयुक्त को पत्र लिखा और मामले में तत्काल व समयबद्ध जांच के निर्देश दिए। संस्था ने दक्षिण कोलकाता की घटना का स्वतः संज्ञान लिया है। एनसीडब्ल्यू ने कहा कि आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने पुलिस आयुक्त को पत्र लिखकर घटना पर चिंता जताई और त्वरित और समयबद्ध जांच के निर्देश दिए हैं।

**कोलकाता के मेयर ने इसे केवल गंभीर बताया**



कोलकाता के मेयर फिरहाद हकीम ने घटना को बेहद गंभीर बताया है और कहा कि वे पुलिस से पूरी रिपोर्ट मिलने के बाद ही सार्वजनिक बयान देंगे। अभी जांच की जा रही है।

---

**महाराष्ट्र में भाषा विवाद से 'नजदीकी' बढ़ी**

## हिंदी के विरोध में साथ आए उद्धव-राज,जनांदोलन होगा



एजेंसी ⏭ मुंबई

महाराष्ट्र में सियासी उबाल है और उबाल की वजह है भाषा विवाद। महाराष्ट्र सरकार ने हाल ही में आदेश जारी किया था, जिसमें मराठी और अंग्रेजी भाषा के स्कूलों में कक्षा एक से पांच तक तीसरी भाषा के रूप में हिंदी पढ़ाए जाने को अनिवार्य करने की बात थी। इस त्रिभाषा आदेश के खिलाफ राजनीतिक दलों ने मोर्चा खोल दिया है। शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) के प्रमुख राज ठाकरे ने इस फॉर्मूले को सिरे से खारिज कर दिया है। राज ठाकरे से मुलाकात कर महाराष्ट्र के शिक्षा मंत्री दादा भुसे ने इस विषय पर विस्तार से चर्चा भी की, लेकिन एमएनएस प्रमुख संतुष्ट नहीं हुए। राज ने त्रिभाषा फॉर्मूले के खिलाफ जनांदोलन का ऐलान कर दिया है। राज ने 5 जुलाई को गिरगांव चौपाटी से त्रिभाषा फॉर्मूले के विरोध में मार्च का ऐलान करते हुए कहा है कि इसमें कोई राजनीतिक बैनर नहीं होगा।

**महाराष्ट्र में हिंदी नहीं थोपी जा सकती**

उन्होंने यह भी कहा है कि देखना चाहता हूं कि कौन कौन मार्च में शामिल होता है? राज को इस मुद्दे पर उद्धव का भी साथ मिल गया है। राज को अपने चचेरे भाई उद्धव का भी साथ मिल गया है। उद्धव ने हिंदी भाषा को अनिवार्य किए जाने के खिलाफ आंदोलन को पूर्ण समर्थन का ऐलान कर दिया है। उन्होंने कहा है कि पूरी पार्टी उनके (राज ठाकरे के) समर्थन में खड़ी रहेगी। उद्धव ने इसे भाषाई आपातकाल बताते हुए मराठी लोगों से सभी राजनीतिक मतभेद भुलाकर एकजुट होने, उद्योग और खेल जगत की बड़ी हस्तियों से भी इसमें शामिल होने की अपील की है। उन्होंने यह भी कहा है कि कोई चाहे जितनी भी कोशिश कर ले, महाराष्ट्र में हिंदी थोपी नहीं जा सकती। राज और उद्धव दोनों ने इस मुद्दे पर आक्रामक रुख अपना लिया है तो उसके पीछे भी उनका अपना सियासी गणित है।

### ठाकरे ब्रदर्स को दिखा सियासी अवसर

उद्धव और राज दोनों को भाषा विवाद में अपने लिए सियासी मौका दिख रहा है। राज की सियासत का आधार ही मराठी भाषा को लेकर आक्रामक रुख रहा है। मराठी-गैर मराठी मुद्दे की बुनियाद पर एमएनएस की सियासी नींव मजबूत करने वाले राज ठाकरे की पार्टी हालिया महाराष्ट्र चुनाव में शून्य पर सिमट गई थी। इसके पीछे मराठी-गैर मराठी के मुद्दे का कमजोर पड़ना भी प्रमुख वजह बताया जाता है।

---

**बॉम्बे हाई कोर्ट से मां ने लगाई गुहार**

## मेरा बेटा तो नहीं रहा, कम से कम उसका स्पर्म ही दे दें

एजेंसी ⏭ मुंबई

बॉम्बे हाई कोर्ट ने एक अंतरिम आदेश में मुंबई के एक प्रजनन केंद्र को निर्देश दिया है कि वह एक मृत अविवाहित व्यक्ति के स्पर्म को तब तक सुरक्षित रखे, जब तक कि उसकी मां की याचिका पर सुनवाई पूरी न हो जाए। मृतक व्यक्ति की मां अपने वंश को आगे बढ़ाने के लिए अपने बेटे के वीर्य को उपयोग में लाना चाहती है लेकिन प्रजनन केंद्र ने अपने पास रखे मृत व्यक्ति के वीर्य को उसकी मां को देने से इनकार कर दिया था। इसके बाद महिला ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।



### कीमोथेरेपी के दौरान वीर्य को सुरक्षित रखने का विकल्प चुना

व्यक्ति ने सहमति पत्र में आग्रह किया था कि उसकी मृत्यु के बाद वीर्य को फेंक दिया जाए। व्यक्ति ने कैंसर के इलाज के तहत कीमोथेरेपी कराने के दौरान वीर्य को सुरक्षित रखने का विकल्प चुना था। मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस मनीष पितले की पीठ ने अब यह आदेश दिया है।

**भाजपा ने 3 राज्यों के संगठन चुनाव अधिकारियों की नियुक्ति की**

## रिजिजू को महाराष्ट्र, हर्ष को उत्तराखंड व प्रसाद को बंगाल चुनाव अधिकारी बनाया

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



भाजपा ने महाराष्ट्र, उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष चुनाव के लिए चुनाव अधिकारियों की घोषणा की। किरेन रिजिजू को महाराष्ट्र के लिए हर्ष मल्होत्रा को उत्तराखंड और रविशंकर प्रसाद को पश्चिम बंगाल के लिए नियुक्त किया गया। भाजपा जेपी नड्डा की जगह लेने के लिए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनाव की चल रही तैयारियों के बीच राज्यों में संगठन के चुनावों को संपन्न करवाने में जुटी है। कई राज्यों में पार्टी ने प्रदेश अध्यक्ष चुन लिए हैं। नड्डा 2020 की शुरुआत से ही शीर्ष पद पर हैं और सुचारू बदलाव के लिए उनका कार्यकाल बढ़ा दिया गया है। पार्टी के संविधान के अनुसार राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव तभी हो सकता है जब आधे राज्य अध्यक्षों और एक का चुनाव हो चुका हो। भारत के 36 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में से 14 में अध्यक्षों की नियुक्ति हो चुकी है। उत्तर प्रदेश, गुजरात, मध्य प्रदेश, कर्नाटक और तेलंगाना में नियुक्ति लंबित है।

---

# माता परमेश्वरी देवी के निधन पर केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव समेत कई नेताओं ने व्यक्त किया शोक

**कल एमडीयू के टैगोर सभागार में होगी श्रद्धांजलि सभा**

**स्मृति**



**रोहतक।** प्रदेश के पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु की माता परमेश्वरी देवी जी के निधन पर शुक्रवार को केंद्रीय मंत्री, राज्य सरकार के मंत्री, पूर्व मंत्री और प्रशासनिक अधिकारियों सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने गहरा दुख प्रकट किया है। केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र सिंह यादव सिंधु निवास पहुंचे और शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर संवेदना प्रकट की। उन्होंने दिवंगत परमेश्वरी देवी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। रविवार 29 जून को एमडीयू के टेगौर सभागार में परमेश्वरी देवी जी की श्रद्धाजंलि सभा आयोजित की जाएगी।

केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र सिंह यादव ने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिवार को इस क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। उन्होंने शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना देते हुए कहा कि परमेश्वरी देवी धार्मिक प्रवृत्ति की महिला थी। उन्होंने अपने परिवार को अच्छे संस्कार दिए।

कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने भी शोक प्रकट किया। कहा कि परमेश्वरी देवी एक आदर्श महिला थीं, जिन्होंने अपने जीवन में सेवा और संस्कारों को प्राथमिकता दी। उनका जाना समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। एक महिला के रूप में परमेश्वरी देवी जी ने अपनी भूमिका को पूरी गरिमा से निभाया। उन्होंने अपने परिवार को देश सेवा के लिए तैयार किया, यह उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि है।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कैप्टन अजय सिंह यादव भी शोक जताने पहुंचे और परिवार को सांत्वना दी। उन्होंने कहा कि मैं कैप्टन अभिमन्यु और उनके परिवार के दुख में बराबर का भागी हूं। परमेश्वरी देवी बहुत ही संस्कारी महिला थीं। जिन्होंने अपना जीवन जनकल्याण के कार्यों में लगाया।

पीजीआईएमएस के कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल ने माता परमेश्वरी देवी के निधन पर सिंधु भवन पहुंच कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि परमेश्वरी देवी का जीवन आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा है। उनके परिवार में जो मूल्यों की नींव है, वह उनके ही कारण है।

हरियाणा सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष कृष्ण कुमार ने भी माता परमेश्वरी देवी के निधन पर गहरा शोक जताया। उन्होंने कहा कि माताजी का जीवन सादगी, सेवा और श्रद्धा का प्रतीक था। परिवार ने एक मार्गदर्शक स्तंभ खो दिया है। उनकी कमी कभी पूरी नहीं हो पाएगी।

पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद ने माता परमेश्वरी देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने परिवार को दुख की घड़ी में शक्ति प्रदान करने के लिए प्रार्थना की। उन्होंने कहा माता परमेश्वरी देवी बहुत ही संस्कारी महिला थी। उन्होंने पूरे परिवार को एक साथ संजो कर रखा। उनके संस्कारों से ही परिवार हर क्षेत्र में कार्य कर रहा है।








### इन्होंने दी श्रद्धांजलि



हिसार सांसद जयप्रकाश, पूर्व सांसद स्वामी समुधानंद, पूर्व मंत्री कर्णदेव कम्बोज, पूर्व मंत्री कंवर पाल गुर्ज्जर, पूर्व विधायक पालम धर्मदेव सौलंकी, विधायक पानीपत प्रमोद विज, पूर्व विधायक छपरोली यूपी सहेंद्र रमाला, विधायक नांगल चौधरी मंजू चौधरी, पूर्व विधायक बाडढ़ा सुखविंद्र मांडी, पूर्व विधायक अमित सिहाग, पूर्व विधायक जसबीर मल्लोर, भाजपा नेता दिल्ली नंद राम बागड़ी, राष्ट्रीय सचिव बीजे वाईएन , भाजपा यूथ मोर्चा से सरदार तेजेंद्र बग्गा, पूर्व विधायक गुहला कुलवंत बाजीगर, पूर्व विधायक अरविंद खन्ना, ओएसडी टू सीएम वीरेंद्र बड़खालसा, ओएसडी टू सीएम राकेश संधू, चेयरमैन शुगर फेड़रेशन धर्मबीर डागर, सांसद सोनीपत सतपाल ब्रहमचारी, पूर्व विधायक महम बाली पहलवान, भाजपा नेता विशाल सेठ, रमेश मलिक हसनगढ़, सिरसा भाजपा नेता रोहताश जांगड़ा, गुरुग्राम से नवीन गोयल, वैश्य शिक्षण संस्थान के उप प्रधान दीपक जिंदल, भाजपा नेता भाग सिंह दमदमा, डॉ विनय, डॉ पुरषोतम, डॉ पीके शर्मा, डीजीपी हरियाणा शत्रूजीत कपूर, एडीजी हरियाणा वाई पूर्ण कुमार, एसपी रोहतक नरेंद्र बिजराणिया, सेवानिवृत एसपी द्रोणाचार्य अवार्डी अनूप दहिया, पूर्व उत्तर क्षेत्र प्रचारक रामेश्वर दास, पूर्व उत्तर क्षेत्र प्रचारक आरएसएस बनबीर, प्रांत प्रचारक सुरेंद्र पाल, आरएसएस से रविंद्र सक्सेना, महामंडलेश्वर विद्या स्वरूप, प्रचारक हिंदू धर्म गुरुग्राम आचार्या अरुण कृष्ण, सैनी सभा प्रधान अवनीश सैनी, चहल खाप प्रधान बलबीर चहल, खाप प्रधान पालम सुरेंद्र सौलंकी, किसान नेता गुरनाम सिंह चढूनी, राष्ट्रीय कवि संगम के अध्यक्ष जगदीश मित्तल, कर्नल ओपी सिंधु, कर्नल रोहित चौधरी, शहीद भगत सिंह का सुपोत्र यादवेंद्र सिंह संधू आदि पहुंचे।

**जयशंकर ने कांग्रेस पर कसा तंज**

# लोकतंत्र की दुहाई देने वालों ने आज तक आपातकाल पर नहीं मांगी माफी

*जयशंकर ने कहा कि आपातकाल इसलिए लगाया गया क्योंकि देश से पहले एक परिवार के हित को रखा गया। उस दौरान न लोकतंत्र बचा, न जनता की आवाज। लोग जेलों में बंद थे, देश डर में जी रहा था और परिवार सत्ता का मजा ले रहा था*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर कांग्रेस और गांधी परिवार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि आपातकाल इसलिए लगाया गया क्योंकि देश से पहले एक परिवार के हित को रखा गया। उस दौरान न लोकतंत्र बचा, न जनता की आवाज। लोग जेलों में बंद थे, देश डर में जी रहा था और परिवार सत्ता का मजा ले रहा था। जयशंकर ने कहा कि कुछ लोग आज संविधान की किताब हाथ में लेकर घूमते हैं, लेकिन दिल में उसका सम्मान नहीं करते। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि जो लोग आज लोकतंत्र की दुहाई देते हैं, वो आज तक आपातकाल पर माफी नहीं मांग सके।

## *आपातकाल से दुनिया में भारत की लोकतांत्रिक छवि को धक्का लगा*



### देश का मनोबल तोड़ने की साजिश

विदेश मंत्री ने कहा कि उस दौर में देश का मनोबल तोड़ने की साजिश हुई। जो राजनीति में थे, उन्हें पता था कि कभी भी गिरफ्तार किया जा सकता है। जो जेल गए, उन्हें नहीं पता था कि कब बाहर निकलेंगे। इतना डर और अन्याय शायद ही कभी देखा गया हो। जयशंकर ने कहा कि 'किस्सा कुर्सी का' फिल्म के नाम में ही उस वक्त की असलियत छिपी है। जब परिवार को देश से ऊपर रखा जाता है, तब ही आपातकाल जैसे काले अध्याय लिखे जाते हैं।

### आज देश पहले, परिवार नहीं

जयशंकर ने कहा कि कहा कि आज हालात बदल चुके हैं। आज देश का हित सबसे ऊपर रखा जाता है। जब शशि थरूर, सुप्रिया सुले, कनिमोझी, संजय झा, जय पांडा, रविशंकर प्रसाद और श्रीकांत शिंदे जैसे नेता विदेशों में एकजुट होकर भारत का पक्ष रखते हैं, आतंकवाद के खिलाफ आवाज उठाते हैं, तब दुनियाभर में भारत की तारीफ होती है। यही असली लोकतंत्र और देशभक्ति है।

### सत्ता बचाने के लिए आपातकाल थोपा

एस. जयशंकर ने कहा कि 1971 में मिली चुनावी जीत के कुछ साल बाद ही सरकार की लोकप्रियता गिरने लगी थी। भ्रष्टाचार और महंगाई बढ़ गई थी। गुजरात और बिहार में आंदोलन चल रहे थे। 'युवराज' के बिजनेस को लेकर सवाल उठ रहे थे। ऐसे में सरकार ने सत्ता बचाने के लिए आपातकाल थोप दिया।

### 2 साल में 5 बार संविधान से हुआ खिलवाड़

*विदेश मंत्री ने कहा कि आपातकाल के दौरान सिर्फ दो साल में 5 बार संविधान में संशोधन हुआ और 48 अध्यादेश लाए गए। 38वें संशोधन में आपातकाल को अदालत में चुनौती देने का अधिकार छीना गया, जबकि 42वें संशोधन में मौलिक अधिकार कमजोर कर दिए गए और न्यायपालिका की शक्ति सीमित की गई। जयशंकर ने बताया कि जब वह विदेश सेवा में नए थे, तब उनके सीनियर्स ने उन्हें बताया था कि दुनियाभर में भारत की 'मदर ऑफ डेमोक्रेसी' वाली छवि को गहरा धक्का लगा था। भारत की बहुत आलोचना हुई और भारतीय राजनयिकों के लिए हालात बेहद कठिन हो गए थे।*

### जयशंकर ने ईरानी समकक्ष अराघची से की बात

*विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने गुरुवार को ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराकची से बातचीत की। उन्होंने इस बातचीत की जानकारी एक ट्वीट के जरिए दी। जयशंकर ने बताया कि उन्होंने मौजूदा जटिल हालात पर ईरान का नजरिया जाना और उनकी सोच को समझा। इसके साथ ही उन्होंने इस बात के लिए ईरान का धन्यवाद किया कि उन्होंने भारतीय नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकालने में मदद की।*

---

## खबर संक्षेप

### असम में कुए से गैस रिसाव पूरी तरह रोका

**नई दिल्ली।** केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि तेल और प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) ने असम के शिवसागर जिले में अपने कच्चे तेल के कुए में 16 दिनों तक जारी गैस रिसाव के बाद हुए विस्फोट को सफलतापूर्वक रोक दिया है। इसे बिना किसी जानमाल की हानि के अंजाम दिया गया। यह विस्फोट 12 जून को शुरू हुआ था। ओएनजीसी ने शुक्रवार को 11:15 बजे कुआ आरडीएस 147ए के विस्फोट को सफलतापूर्वक रोक दिया है।



### पाक की स्वात नदी में एक ही परिवार के 18 लोग डूबे

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में स्वात नदी में बाढ़ में शुक्रवार को एक ही परिवार के अठारह सदस्य डूब गए। 4 लोगों के शव बरामद कर लिए गए हैं। रेस्क्यू 1122 के महानिदेशक शाह फहद ने कहा कि बचाव अभियान पांच अलग-अलग स्थानों पर चलाया जा रहा है। 80 कर्मी तलाशी अभियान में भाग ले रहे हैं। यह परिवार इस क्षेत्र में घूमने आए पर्यटकों के एक समूह का हिस्सा था और भारी बारिश के कारण नदी में बढ़ते पानी में फंस गया था। स्वात पाकिस्तान के खैबर-पख्तूनख्वा प्रांत के उत्तरी क्षेत्र में बहने वाली एक बारहमासी नदी है।



---

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रूसी समकक्ष बेलोसोव से की मुलाकात

# एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम और अन्य सैन्य उपकरणों की डिलीवरी पर की चर्चा

*रक्षा मंत्रालय ने बताया कि दोनों नेताओं ने वर्तमान भू-राजनीतिक स्थितियों, सीमा पार आतंकवाद और दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग के साथ कई विषयों पर चर्चा की। रूसी रक्षा मंत्री आंद्रेई बेलोसोव ने भारत-रूस के दीर्घकालिक संबंधों पर प्रकाश डाला*

एजेंसी ▶▶ किंगदाओ

चीन के किंगदाओ में हो रहे शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने रूसी समकक्ष आंद्रेई बेलोसोव से मुलाकात की।

इस दौरान दोनों नेताओं ने एस-400 सिस्टम की डिलीवरी, एसयू-30 एमकेआई के अपग्रेड और समय-सीमा में सैन्य हार्डवेयर की खरीद को लेकर बात की। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि दोनों नेताओं ने वर्तमान भू-राजनीतिक स्थितियों, सीमा पार आतंकवाद और दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग के साथ कई विषयों पर चर्चा की। रूसी रक्षा मंत्री आंद्रेई बेलोसोव ने भारत-रूस के दीर्घकालिक संबंधों पर प्रकाश डाला।

उन्होंने पहलगाम हमले को भयावह और कायराना आतंकवादी कृत्य बताते हुए भारत के साथ एकजुटता व्यक्त की। रूस ने भारत को आश्वासन दिया है कि वह एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम के बचे दो स्क्वाड्रनों को 2026-27 तक भारत को दे देगा। बता दें, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान इसी एयर डिफेंस सिस्टम ने पाकिस्तान को जमकर धूल चटाई थी। एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम के चौथे और पांचवें स्क्वाड्रन की डिलीवरी में रूस-यूक्रेन युद्ध की वजह से देरी हुई है।

1 रूस ने पहलगाम हमले को कायराना आतंकी कृत्य बताया

2 आधुनिक रक्षा क्षमताओं के उन्नयन पर भी हुई बातचीत



### एस-400 की खासियत

एस-400 के हर एक स्क्वाड्रन में दो मिसाइल बैटरियां होती हैं, जिनमें 128 मिसाइलें शामिल होती हैं। ये मिसाइलें 120, 200, 250 और 380 किमी. तक मार करने में सक्षम हैं। इसके साथ ही इसमें लंबी दूरी का रडार सिस्टम और हर मौसम में चलने वाले ट्रांस्पोर्ट व्हीकल भी होते हैं। भारतीय वायुसेना ने पहले तीन एस-400 स्क्वाड्रनों को चीन और पाकिस्तान को काउंटर करने के लिए उत्तर-पश्चिम और पूर्वी भारत में तैनात किया हुआ है।

### रक्षा उत्पादन बढ़ाने पर हुई चर्चा

रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यह दोनों देशों के नेताओं के बीच हाल ही में हुई सबसे महत्वपूर्ण बैठकों में से एक थी। इसमें रक्षा उत्पादन बढ़ाने को लेकर बात हुई। इसमें वायु रक्षा, हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों, आधुनिक क्षमताओं और हवाई प्लेटफार्मों के उन्नयन पर चर्चा हुई। बैठक में प्रमुख तौर पर एस-400 सिस्टम की आपूर्ति, एसयू-30 एमकेआई के विकास और समय सीमा में महत्वपूर्ण सैन्य हार्डवेयर की खरीद पर भी बात हुई।

### दोनों देश रक्षा सहयोग बढ़ाएंगे

*राजनाथ सिंह ने कहा कि उन्होंने और बेलोसोव ने दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग और रक्षा संबंधों को बढ़ाने पर चर्चा की। उन्होंने एक्स पर लिखा कि किंगदाओ में एससीओ रक्षा मंत्रियों की बैठक के दौरान रूस के रक्षा मंत्री आंद्रेई बेलोसोव से मिलकर खुशी हुई। हमने भारत-रूस रक्षा संबंधों को बढ़ाने पर गहन विचार-विमर्श किया।*

### 2018 में हुई थी डील

बता दें, 2018 में भारत-रूस के बीच 40 हजार करोड़ रुपये की डील पर हस्ताक्षर हुए थे, जिसके तहत भारत को एस-400 के 5 स्क्वाड्रन 2023 के आखिरी तक मिलने थे लेकिन अब तक भारत को सिर्फ 3 स्क्वाड्रन ही मिल पाए हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार चौथा स्क्वाड्रन अगले साल तक और पांचवां स्क्वाड्रन 2027 में मिल जाएगा।

---

### भारत ने चीन को सुझाए चार विकल्प

कैलाश मानसरोवर यात्रा शुरू करने पर जताई खुशी

## तनाव कम करने के साथ आपसी संबंध होंगे बेहतर



शंघाई सहयोग संगठन सम्मेलन के दौरान भारत ने चीन को संबंधों को बेहतर करने का फार्मूला सुझाया। भारत ने सीमा पर तनाव को कम करने के लिए चीन से चार योजनाओं पर ध्यान देने के लिए कहा। साथ ही छह साल बाद कैलाश मानसरोवर यात्रा शुरू करने पर खुशी जताई। सम्मेलन के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने समकक्ष चीनी रक्षा मंत्री एडमिरल डोंग जून से मुलाकात की। इस दौरान चीन को चार फार्मूलों पर काम करने के लिए कहा गया। इसमें पहला 2024 की विघटन योजना का पालन करना, दूसरा तनाव कम करने के लिए प्रयास, तीसरा सीमाओं पर सीमांकन और परिसीमन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रयास और चौथा मतभेदों को दूर करने और संबंधों में सुधार के लिए नई प्रक्रियाएं तैयार करने के लिए मौजूदा विशेष प्रतिनिधि स्तर के तंत्र का उपयोग करना शामिल है।

**चीन बोला संवाद तथा आपसी विश्वास को बढ़ा रहे**

#### मधुबनी पेंटिंग भेंट की

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक्स पर लिखा कि चीन के रक्षा मंत्री एडमिरल डॉन जून के साथ बातचीत की। हमने द्विपक्षीय संबंधों से संबंधित मुद्दों पर रचनात्मक और दूरदर्शी विचारों का आदान-प्रदान किया। इसके अलावा उन्होंने चीनी समकक्ष को बिहार की मधुबनी पेंटिंग भेंट की। बिहार के मिथिला क्षेत्र में बनी पेंटिंग की विशेषता चमकीले रंगों और विरोधाभासों या पैटर्न से भरे रेखा चित्र हैं। ये पेंटिंग अपने आदिवासी रूपांकनों और चमकीले मिट्टी के रंगों के उपयोग के कारण लोकप्रिय हैं। रक्षा मंत्री की मुलाकात के बाद चीन ने कहा कि भारत चीन के साथ कोई टकराव नहीं चाहता है और संवाद तथा आपसी विश्वास को बढ़ा रहा है।

#### भारत हमारी विदेश नीति का एक महत्वपूर्ण क्षेत्र: बेलारूस

बेलारूस के रक्षा मंत्री लेफ्टिनेंट जनरल विक्टर खेनिन ने कहा कि भारत के साथ सहयोग बेलारूस की विदेश नीति के महत्वपूर्ण क्षेत्रों में से एक है और द्विपक्षीय संबंध पारस्परिक लाभ और सम्मान के सिद्धांतों पर विकसित हो रहे हैं। उन्होंने भारतीय समकक्ष राजनाथ सिंह के साथ अपनी बैठक के दौरान यह बातें कहीं।



---

**आईओएनएस कार्य समूह की हुई बैठक**

## 13 सदस्य देशों ने क्षेत्रीय समुद्री सुरक्षा और सहयोग बढ़ाने पर जताई सहमति

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय नौसेना ने 24 से 25 जून, 2025 तक नई दिल्ली में समुद्री सुरक्षा पर हिंद महासागर नौसेना संगोष्ठी (आईओएनएस) कार्य समूह की बैठक का आयोजन किया। दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय समुद्री सुरक्षा ढांचे को सशक्त बनाने के लक्ष्य के साथ व्यापक विचार-विमर्श किया। 13 आईओएनएस सदस्य देशों के प्रतिनिधि-ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, फ्रांस, भारत, केन्या, मोजाम्बिक, ओमान, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, तंजानिया और




थाईलैंड हिंद महासागर (आईओआर) में क्षेत्रीय समुद्री सहयोग को बढ़ावा देने के लिए दृढ़ प्रतिबद्धता दोहराई और समकालीन समुद्री सुरक्षा चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने के उद्देश्य से बहुपक्षीय तंत्र की बढ़ती आवश्यकता पर बल दिया।

---

**आपातकालीन लैंडिंग के बाद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे में 12 दिनों से खड़ा**

## तिरुवनंतपुरम में खड़े एफ-35बी लड़ाकू विमान को ठीक करेंगे ब्रिटेन के इंजीनियर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बीते 12 दिनों से केरल के तिरुवनंतपुरम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर खड़े एफ-35बी लड़ाकू विमान में आई इंजीनियरिंग संबंधी गड़बड़ी को दूर करने के लिए जल्द ही ब्रिटेन के तीन दर्जन से अधिक इंजीनियरों की एक भारी भरकम टीम, विशेषज्ञों के साथ भारत पहुंचेगी। यह विमान इस महीने 14 जून को आपातकालीन लैंडिंग कर तिरुवनंतपुरम में उतरा था और उसके बाद यह उड़ान नहीं भर सका। वर्तमान में यह ब्रिटेन की नौसेना के एचएमएस प्रिंस ऑफ वेल्स कैरियर स्ट्राइक ग्रुप का हिस्सा है। संभवतः कम ईंधन की वजह से इसकी केरल के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपात लैंडिंग हुई थी। खराब मौसम की वजह से



यह विमान केरल तट से करीब 100 समुद्री मील की दूरी पर मौजूद ब्रिटेन के विमानवाहक युद्धपोत पर लैंड नहीं कर पाया था। एचएमएस प्रिंस ऑफ वेल्स पर मौजूद इंजीनियरों ने विमान के शुरुआती आकलन के बाद मामले में ब्रिटेन के इंजीनियरों का सहयोग लेने की आवश्यकता जताई। जिसके बाद ही ब्रिटेन से इंजीनियरों की टीम को भारत भेजने का फैसला लिया गया।

### हवाईअड्डे पर ही होगी मरम्मत

ब्रिटेन के उच्चायोग के प्रवक्ता ने बताया कि ब्रिटेन ने तिरुवनंतपुरम हवाई अड्डे पर एफ-35बी लड़ाकू विमान की मरम्मत करने का ऑफर स्वीकार कर लिया है। जिसके साथ ही अब विमान को हवाई अड्डे की मरम्मत और ओवरहॉल सुविधा (एमआरओ) की ओर ले जाया गया है। ब्रिटेन से इंजीनियरिंग के विशेषज्ञों के भारत पहुंचने के बाद इसे हैंगर में लाया जाएगा। जहां पर विशेषज्ञ उपकरणों के साथ विमान की व्यापक रूप से जांच-पड़ताल करेंगे। विमान की जांच-पड़ताल पूरी होने के बाद इसे दोबारा से ब्रिटेन अपने नौसैन्य अभियानों में शामिल करेगा। जमीनी स्तर पर मौजूद टीमें भारतीय अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में बनी हुई हैं। जिसमें मुख्य रूप से सुरक्षा उपायों पर खासतौर पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। टीम ने भारतीय अधिकारियों और तिरुवनंतपुरम हवाई अड्डे का निरंतर जरूरी सहयोग प्रदान करने के लिए धन्यवाद दिया है।

### पांचवीं पीढ़ी का लड़ाकू विमान

एफ-35बी पांचवीं पीढ़ी का एक लड़ाकू विमान है। जो कि छोटे रनवे से शॉर्ट टेकऑफ और वर्टिकल लैंडिंग की क्षमताओं से लैस है। यह जटिल सैन्य अड्डों और जहाजों से भी हवाई संचालन को आसानी से अंजाम दे सकता है। इसे दुनिया के सबसे उन्नत नौसैन्य लड़ाकू विमानों में से एक माना जाता है। विमान की कुल अनुमानित कीमत 110 मिलियन डॉलर है।

---

**साइबर गिरोह पर सीबीआई की कार्रवाई**

## मुंबई, अहमदाबाद में तलाशी, चार दिन की हिरासत में मुख्य सरगना

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने साइबर अपराधों के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई करते हुए एक अंतरराष्ट्रीय साइबर उगाही गिरोह के प्रमुख सदस्य को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई के तहत मुंबई और अहमदाबाद में समन्वित तलाशी अभियान चलाया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान प्रिंस जशवंतलाल आनंद के रूप में हुई है, जो इस जटिल अंतरराष्ट्रीय रैकेट का मास्टरमाइंड बताया जा रहा है। यह गिरोह विशेष रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका और कनाडा के



नागरिकों को निशाना बनाता था। यह गिरोह कानून प्रवर्तन और सरकारी अधिकारियों की पहचान का दुरुपयोग कर, फर्जी कानूनी धमकियां देकर और भयभीत कर पीड़ितों से पैसे वसूलता था। सीबीआई ने आनंद को चार दिन की हिरासत में लिया है, और आगे की पूछताछ जारी है।

---

**1960 में हुए समझौते के तहत गठित किए गए मध्यस्थता न्यायालय को बताया अवैध**

# सिंधु जल समझौते पर पाकिस्तान की नापाक मंशा पर भारत ने फेरा पानी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान के आतंकी इरादों को लेकर उसे सबक सिखाने के लिए भारत ने लगभग हर मोर्चे पर जोरदार ढंग से स्ट्राइक की है। इसी क्रम में शुक्रवार को पड़ोसी देश की सिंधु जल समझौते पर बनी हुई नापाक मंशा पर पूरी तरह से पानी फेरते हुए भारत ने वर्ष 1960 में हुए इस समझौते के तहत गठित किए गए मध्यस्थता न्यायालय को पूरी तरह से अवैध करार दिया है। यह जानकारी विदेश मंत्रालय ने अपने एक बयान के जरिए दी। जिसमें बताया कि भारत ने न केवल उक्त गठित किए गए मध्यस्थता न्यायालय को अवैध बताया है। बल्कि उसके द्वारा जम्मू-कश्मीर के किशनगंगा और रातले पनबिजली परियोजनाओं की क्षमता को लेकर जारी किए गए एक तथाकथित पूरक आदेश को भी सिरे से खारिज कर दिया गया है।

**भारत ने कभी भी इस तथाकथित न्यायालय के अस्तित्व को मान्यता प्रदान नहीं की**




**कभी अस्तित्व में ही नहीं था कोई न्यायालय**

मंत्रालय के मुताबिक, तथाकथित मध्यस्थता न्यायालय द्वारा 27 जून को भारत के केंद्रशासित प्रदेश के संबंध में एक आदेश पारित किया गया था। जिसे हमने अस्वीकार करते हुए खारिज कर दिया है। भारत ने कभी भी इस तथाकथित न्यायालय के अस्तित्व को मान्यता प्रदान नहीं की है। जिसके चलते हमारा मानना है कि इस मध्यस्थता न्यायालय का गठन सिंधु जल समझौते का उल्लंघन है और इसके सामने की गई कोई भी कार्रवाई या न्यायालय द्वारा लिया गया कोई भी निर्णय या आदेश वैध नहीं है।

### पाकिस्तानी धूर्तता का एक नया नमूना

*भारत का मानना है कि पाकिस्तान के इशारे पर रचा गया यह पूरा नाटक, आतंकवाद के अंतरराष्ट्रीय केंद्र के रूप में अपनी जवाबदेही से बचने का हताशाभरा एक प्रयास मात्र है। जिसमें वह इस तथाकथित मध्यस्थता न्यायालय के तंत्र का सहारा लेकर वैश्विक मंचों पर दशकों से चली आ रही अपनी धोखाधड़ी और हेराफेरी की पुरानी आदतों को ही साफ तौर पर दर्शाता हुआ नजर आ रहा है।*

### इस वक्त तक स्थगित रहेगा समझौता

*मंत्रालय ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने वैश्विक कानून के तहत बतौर एक संप्रभु राष्ट्र के रूप में अपने अधिकारों का प्रयोग करते हुए सिंधु जल समझौते पर अमल को तब तक स्थगित कर दिया है। जब तक पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद को विश्वसनीय रूप से अपना समर्थन देना बंद नहीं करता है। भारत अब इस समझौते के तहत अपनी किसी भी जिम्मेदारी का पालन करने के लिए बाध्य नहीं है। उक्त न्यायालय के अलावा मध्यस्थता के किसी भी अन्य न्यायालय के पास भारत के संप्रभु अधिकारों की जांच करने का कोई अधिकार नहीं है।*

---

**ईरान पर मेहरबान हुए राष्ट्रपति ट्रंप**

## सिविल न्यूक्लियर प्रोग्राम के लिए 2.57 लाख करोड़ देने को तैयार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका की ट्रंप प्रशासन ने ईरान के साथ एक नया समझौता करने की योजना बनाई है, जिसमें ईरान को गैर-संवर्धन (नॉन-एनरिचमेंट) परमाणु कार्यक्रम के लिए 30 बिलियन डॉलर (करीब 2.57 लाख करोड़) की सहायता देने की पेशकश की है। ताकि उसे परमाणु समझौते की मेज पर वापस लाया जा सके। यह कार्यक्रम केवल नागरिक ऊर्जा उत्पादन के लिए होगा, जैसे बिजली संयंत्रों के लिए। यह राशि अमेरिका द्वारा नहीं, बल्कि इसके अरब सहयोगियों द्वारा दी जाएगी। प्रस्ताव में ईरान पर लगे कुछ



प्रतिबंधों को हटाने और विदेशी बैंकों में जमा 6 अरब डॉलर की राशि को मुक्त करने की बात शामिल है। अमेरिका ने सुझाव दिया है कि खाड़ी देश फोर्डो परमाणु सुविधा जो हाल के हमलों में क्षतिग्रस्त हुई थी, को एक गैर-संवर्धन परमाणु संयंत्र के रूप में पुनर्निर्माण के लिए भुगतान करें। अमेरिका की शर्त है कि ईरान को यूरेनियम संवर्धन पूरी तरह बंद करना होगा।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रतलाम राइज कॉन्क्लेव में उद्यमियों से कहा...

# हमारी नीति है कि जहां कॉन्क्लेव करते हैं, वहां इंडस्ट्री का लोकार्पण एवं भूमिपूजन भी करते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हमारी नीति है कि जहां कॉन्क्लेव करते हैं, वहां इंडस्ट्री का लोकार्पण एवं भूमिपूजन भी करते हैं। राइज कॉन्क्लेव नए उद्यमी तैयार करने का अभिनव प्रयास है। उन्होंने रीवा, सागर, अलीराजपुर, धार, रतलाम के उद्यमियों एवं जनप्रतिनिधों से वर्चुअली संवाद किया। यहां फूड प्रोसेसिंग, टैक्सटाइल, डेयरी इंडस्ट्री, विद्युत उपकरण निर्माण यूनिट स्थापित करने वाले उद्यमियों से जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को रतलाम में आयोजित रीजनल इंडस्ट्री, स्किल एंड एम्प्लॉयमेंट (राईस) कॉन्क्लेव को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने एसआरएफ ग्रुप को भूमि आवंटन के लिए लेटर ऑफ इंटेंट प्रदान किया। एमएसएमई स्वरोजगार क्रेडिट में ऋण प्रदान करने के लिए सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के तरण सिंह जीरा को वर्ष 2024-25 में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया। बैंक ऑफ बड़ौदा और बैंक ऑफ इंडिया का भी इसी श्रेणी में सम्मान किया गया। मुख्यमंत्री ने आजीविका स्वसहायता समूहों को ऋण राशि के चेक भी वितरित किए।

### 4 लाख 85 हजार युवाओं को ऋण

एमएसएमई मंत्री चैतन्य कश्यप ने कहा कि रतलाम के लिए ऐतिहासिक दिन है। इस कॉन्क्लेव का नाम एमपी राइज 2025 रखा गया है। मुख्यमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में प्रदेशभर में उद्योग एवं कौशल विकास के लिए सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं। रीजनल कॉन्क्लेव के माध्यम से पर्यटन की अपार संभावनाओं को गति मिली है। मप्र कृषि क्षेत्र में अग्रणी है। देश की जीडीपी में प्रदेश का हिस्सा लगभग 30 प्रतिशत है। पिछले वर्ष तक 2100 करोड़ रुपए की सब्सिडी बांटी जा चुकी है। राज्य सरकार के सहयोग से प्रदेश के 4 लाख 85 हजार युवाओं को बैंक ऋण स्वीकृत हुए हैं। कंपनियों ने 27 हजार युवाओं को नौकरी के ऑफर दिए हैं।

## उद्योगपतियों के साथ हुआ वन-टू-वन मीटिंग और थीमैटिक सेशन

### खास बातें

- निवेशकों को प्रोत्साहित करने 29 जून को सूरत में होगा रोड-शो
- एसआरएफ ग्रुप को भूमि आवंटन के लिए लेटर ऑफ इंटेंट दिया
- आजीविका स्वसहायता समूहों को ऋण राशि के चेक वितरित किए



### अपने उत्पादों के लिए बेहतर मार्केट कनेक्टिविटी मिलेगी

*कॉन्क्लेव में मुख्यमंत्री डॉ. यादव की उपस्थिति में एमएसएमई विभाग एवं वॉलमार्ट कम्पनी के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) का आदान-प्रदान भी हुआ। इस एमओयू के बाद अब छोटे उद्यमियों को अपने उत्पादों के लिए बेहतर मार्केट कनेक्टिविटी मिलेगी। मुख्यमंत्री ने एमएसएमई विभाग ने प्रकाशित सफल उद्यमी-समृद्ध प्रदेश पुस्तिका, (कौशल विकास विभाग) ने प्रकाशित आईटीआई एंड इंडस्ट्री कनेक्ट पत्रिका एवं युवा संगम ब्रोशर का विमोचन भी किया।*

### 10 राज्य क्लस्टर, अलीराजपुर सीएफसी का लोकार्पण एवं भूमिपूजन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एमएसएमई विभाग के तहत 73.43 हेक्टेयर के 104 करोड़ रुपए की लागत से तैयार होने वाले 10 राज्य क्लस्टर एवं अलीराजपुर सीएफसी का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। साथ ही एमएसएमई विभाग के तहत निवाड़ी, आगर मालवा एवं रायसेन जिले के नवीन डीटीआईसी कार्यालयों का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग-एमपीआईडीसी के तहत 80.26 हेक्टेयर रकबे में 61.26 करोड़ की लागत से तैयार होने वाले नवीन औद्योगिक क्षेत्र, सेमरी कांकड़, जिला मंदसौर का भूमिपूजन भी किया। मुख्यमंत्री ने 202 करोड़ रुपए की लागत के 8 विकास कार्यों का लोकार्पण कर रतलाम जिलों को अनुपम सौगातें दी। मुख्यमंत्री ने कौशल विकास विभाग ने 263 आकांक्षी युवाओं को रोजगार के ऑफर लेटर भी प्रदान किए। साथ ही एमएसएमई विभाग के तहत उद्यमियों को भूमि आवंटन पत्र प्रदान किए।

### रेल यात्रियों के साथ माल परिवहन में भी अहम भूमिका

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 11 साल के कार्यकाल में भारत को दुनिया के आगे खड़ा कर दिया है। आज हर तरह की विश्व स्तरीय सुविधाएं भारत में उपलब्ध हैं। हमारी सरकार रेल यात्रियों के साथ माल परिवहन में भी अहम भूमिका निभा रही है। रेलमंत्री ने रतलाम को 4 ट्रैक रेल-लाइन की सौगात दी है। प्रदेश में जीआईएस के माध्यम से 30.77 लाख करोड़ से अधिक निवेश प्राप्त हुआ, जिससे करीब 21 लाख रोजगार के अवसर सृजित होंगे। राज्य सरकार ने उद्योग, निवेश और रोजगार के अवसर विकसित करने के लिए 18 नई नीतियां फरवरी में लागू की हैं। प्रदेश में 340 से अधिक औद्योगिक क्षेत्र 10 फूड पार्क, 5 एसईजेड, 2 स्पाइस पार्क संचालित हैं।

## 15 प्रमुख उद्योगपतियों से निवेश क्षेत्र और औद्योगिक सुविधाओं पर चर्चा



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से देश के 15 प्रमुख उद्योगपतियों ने वन-टू-वन चर्चा कर निवेश प्रस्ताव दिए। मप्र में उद्योग लगाने की इच्छा व्यक्त की। उद्योगपतियों ने निवेश क्षेत्र और विभिन्न औद्योगिक सुविधाओं पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने निवेशकों को प्रदेश में बेहतर निवेश अनुकूल माहौल उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री से विशेषत एमडी शक्ति पंप्स दिनेश पाटीदार, जैक्शन ग्रुप के एमडी संदीप गुप्ता, ओरियाना पॉवर के कार्यकारी उपाध्यक्ष ओमकार पांडे, एसआरएफ के निदेशक प्रशांत मेहरा और बीबा फैशन के एमडी सिद्धार्थ बिन्द्रा ने प्रमुख रूप से चर्चा की। एमपी राइज के दौरान निवेश, रोजगार और कौशल विकास पर तीन सामान्तर सेक्टोरल सत्र भी आयोजित किए गए। इन सत्रों में निवेशकों और विभागों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

### रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित की जाएं: सांसद शर्मा

सांसद वीडी शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निरंतर प्रयासों ने प्रदेश में औद्योगिक विकास को नई दिशा दी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने यह विचार रखा कि समावेशी और संतुलित औद्योगिक विकास के लिए प्रदेश के क्षेत्रों में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित किए जाएं। इसके तहत संभागों में आरआईसी का आयोजन किया गया, जिससे समग्र विकास की अवधारणा को मजबूती मिली। मुख्यमंत्री के प्रयासों से प्रदेश में उद्योग-फ्रेंडली वातावरण बना है, जिससे निवेशकों का भरोसा, भागीदारी दोनों बढ़े हैं। इन पहलों ने प्रदेश की औद्योगिक गति को तेज किया है और रोजगार के नए अवसर पैदा किए हैं।

---

### पुरुषों से अधिक महिलाओं ने कराया पंजीयन

# अटल पेंशन योजना के क्रियान्वयन में बालाघाट जिला देश में प्रथम, श्योपुर ने भी किया तीसरा स्थान अर्जित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

असंगठित क्षेत्र के कामगारों को वृद्ध अवस्था में आर्थिक संबल प्रदान करने वाली अटल पेंशन योजना के क्रियान्वयन में बालाघाट जिले ने देश में पहला तथा श्योपुर जिले ने तीसरा स्थान अर्जित किया है। इस सूची में 10 में से 3 जिले मप्र के हैं। असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले लोगों को 60 वर्ष की आयु के बाद एक निश्चित पेंशन राशि प्रदान करने के लिए केन्द्र सरकार ने अटल पेंशन योजना संचालित की जा रही है।

इस योजना में अधिक से अधिक असंगठित क्षेत्र के लोगों को जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में नए लोगों को जोड़ने और उनका पंजीयन कराने में बालाघाट जिला देश में प्रथम स्थान पर है। यह बालाघाट जिले के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। कलेक्टर मृणाल मीणा की पहल पर जिले में बैंको की ओर से कृषि, महिला एवं बाल विकास, आजीविका मिशन एवं श्रम विभाग के साथ समन्वय कर विशेष अभियान चलाया जा रहा है।



### लक्ष्य से तीन गुना अधिक लोगों के नाम जोड़े

*केंद्रीय एजेंसी ने बालाघाट जिले को 2992 लोगों को जोड़ने का लक्ष्य दिया गया है। इस लक्ष्य के विरूद्ध 10 हजार 925 लोगों को जोड़कर 365 प्रतिशत उपलब्धि के साथ बालाघाट जिला देश में प्रथम स्थान पर है। द्वितीय स्थान पर कर्नाटक का कोलार, तृतीय स्थान पर मप्र का श्योपुर, चतुर्थ स्थान पर कर्नाटक का चिकबल्लापुर, पंचम स्थान पर उत्तरप्रदेश का बाराबंकी, छठवें स्थान पर पश्चिम बंगाल का माल्दा, सातवें स्थान पर उत्तरप्रदेश का महाराजगंज, आठवें स्थान पर मप्र का उज्जैन व नौवें स्थान पर अलीराजपुर तथा दसवें स्थान पर पश्चित बंगाल का मुर्शिदाबाद जिला है।*

### अधिक लोगों को जोड़ने के लिए विशेष अभियान

देश में 1 मई 2025 से अटल पेंशन योजना में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने के लिए विशेष अभियान शुरू किया गया है, अभियान 15 जुलाई 2025 तक चलेगा। कलेक्टर मृणाल मीणा ने इस अभियान के तहत जिले में 50 हजार लोगों को इस योजना से जोड़ने का लक्ष्य दिया गया है। इस विशेष अभियान में 27 जून 2025 तक 10 हजार 925 असंगठित क्षेत्र के कामगारों एवं लोगों को इस योजना से जोड़ा जा चुका है, जो देश के सभी जिलों में सबसे अधिक है।

### बालाघाट में 9604 महिलाओं ने अपना पंजीयन कराया

अटल पेंशन योजना से जुड़ने में बालाघाट जिले में पुरूषों की तुलना में महिलाओं ने अधिक रूचि दिखाई है। बालाघाट जिला 1000 पुरुषों पर 1021 महिलाओं के साथ लिंगानुपात में प्रदेश में प्रथम स्थान पर है। योजना के इस अभियान के अंतर्गत जिले में 9604 महिलाओं, 1320पुरूषों एवं 01 ट्रांसजेंडर ने अपना पंजीयन कराया है। इस प्रकार अटल पेंशन योजना के अंतर्गत जिले में पंजीकृत कुल लोगों की संख्या 01 लाख 5 हजार 477 हो गई है। जिसमें 61 हजार 509 महिलाएं, 43 हजार 953 पुरूष और 15 ट्रांसजेंडर शामिल है।

### योजना में 1,000 से 5,000 रु. तक की मासिक पेंशन मिलती है

*अटल पेंशन योजना भारत सरकार की एक सामाजिक सुरक्षा योजना है। यह योजना 1,000 रुपए से 5,000 रुपए तक की मासिक पेंशन प्रदान करती है, जो 60 वर्ष की आयु के बाद मिलती है। इस योजना में अंशदान की राशि व्यक्ति की आयु और चुनी गई पेंशन राशि पर निर्भर करती है।*

# परिषद बैठक बुलाने के लिए संभाग उपायुक्त ने कमिश्नर को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम की परिषद बैठक बुलाने के लिए संभाग उपायुक्त किरण गुप्ता ने निगम कमिश्नर हरेन्द्र नारायन को पत्र लिखा है।

एक सप्ताह पहले कांग्रेस पार्षदों ने संभागायुक्त संजीव सिंह को इस संबंध में ज्ञापन सौंपा था। कांग्रेस पार्षद योगेन्द्र चौहान ने बताया कि नियमानुसार 3 जून को परिषद सम्मेलन बुलाए जाना प्रस्तावित था, लेकिन अब तक बैठक की कोई सूचना नहीं है। दरअसल हर दो महीने में होने वाली नगर निगम की अंतिम परिषद बैठक 3 अप्रैल को आयोजित की गई थी। इस बैठक में निगम का बजट पारित किया गया था। नियमानुसार अगली बैठक 3 जून को होनी थी, लेकिन अब तक बैठक को लेकर कोई सूचना नहीं है। इससे नाराज कांग्रेस पार्षदों ने 20 जून को संभाग कमिश्नर संजीव सिंह को ज्ञापन सौंपा था।

### मुख्यमंत्री डॉ.मोहन की उपस्थिति में अनुबंध पर हुए हस्ताक्षर

# भविष्य की विद्युत जरूरतों के लिए अरुणाचल प्रदेश से 252 मेगावाट बिजली लेने का समझौता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में मुख्यमंत्री निवास के समत्व भवन में शुक्रवार को केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय की ओर से आवंटित 252 मेगावाट विद्युत क्रय अनुबंध पर एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी (एमपीपीसीएल) और एनएचपीसी के मध्य हस्ताक्षर हुए और एमओयू का आदान-प्रदान किया गया। अनुबंध के आधार पर एनएचपीसी की अरुणाचल प्रदेश के लोअर दि बांग वैली जिले में स्थित बहुउद्देशीय जल विद्युत परियोजना से मप्र को केन्द्रीय ऊर्जा मंत्रालय की ओर से आवंटित 252 मेगावाट विद्युत मिलेगी। विद्युत क्रय अनुबंध (पीपीए) पर एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक राकेश ठुकराल और एनएचपीसी के महाप्रबंधक ओंकार यादव ने हस्ताक्षर किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अनुबंध को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि भविष्य की मांग को देखते हुए पारम्परिक ऊर्जा स्त्रोतों के अलावा विभिन्न नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों से भी विद्युत क्रय अनुबंध आवश्यक हैं।

### निवेश प्रस्ताव

| कंपनी | क्षेत्र | निवेश (करोड़ में) | रोजगार |
|---|---|---|---|
| एसआरएफ | रतलाम | 9200 | 7000 |
| जैक्सनग्रुप (सौर) | मक्सी, शाजापुर | 6000 | 7500 |
| ओरियाना पावर45 | रतलाम, मोहासा | 5000 | 6500 |
| ओस्टवाल समूह | झाबुआ | 5000 | 5000 |
| शक्ति पंप | धार | 1500 | 2250 |
| श्री तिरुपति बालाजी | रतलाम, मोहासा | 1500 | 2300 |
| एकेटी गियर्स | इंदौर, देवास, उज्जैन | 500 | 700 |
| अमीटेक्सएग्रो | आगर मालवा | 250 | 400 |
| कृष्णाफोस्केम | झाबुआ | 217 | 500 |
| दुर्गा खांडसारी चीनी मिल एवं इथेनॉल प्लांट | कुक्षीधार | 175 | 400 |
| टेक्नोप्लास्ट पैकेजिंग प्राइवेट लिमिटेड | ग्वालियर | 150 | 250 |
| डायसिन फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड | पीथमपुर,धार | 100 | 300 |
| स्काईलार्क प्रोटीन्स प्राइवेट लिमिटेड | उज्जैन | 100 | 220 |
| मित्तल सोया प्रोटीन प्राइवेट लिमिटेड | नीमच, देवास | 50 | 200 |
| बीबा फैशन | धार | 50 | 2000 |
| एमएसएमई विभाग से प्राप्त अन्य प्रस्ताव | 610 | कुल -30,402 | 35520 |



श्रद्धालुओं ने खींचा रथ, गाजे-बाजे के साथ जटा लहराकर नाचे साधु-संत

# रथ में सवार होकर नगर भ्रमण पर निकले भगवान जगन्नाथ


श्यामला हिल्स स्थित रथ यात्रा।


शांति नगर स्थित रथ यात्रा में भगवान के दर्शन।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जगन्नाथपुरी की तर्ज पर शहर में भी शुक्रवार को भगवान जगन्नाथ की रथयात्राएं निकाली गई। इसमें भगवान जगन्नाथ,बलभद्र और सुभद्रा के काष्ट से बने विग्रह थे। जगदीश स्वामी मंदिर से निकली रथयात्रा में बड़ी संख्या में श्रध्दालु मौजूद रहे। जिन्होंने यात्रा के दौरान भक्तिमय नृत्य कर यात्रा का महौल भक्तिमय कर दिया। जहां मंत्रोच्चार के साथ ही पूजा अर्चना की गई। रथ यात्रा जगदीश मंदिर से परम्परागत महाआरती एवं पूजा अर्चना के बाद प्रारंभ हुई। श्री गौर राधा मदन गोपाल मंदिर शांति नगर बैरसिया, जगदीश स्वामी मंदिर, सहित विभिन्न जगहों से निकली रथयात्रा में देश के विभिन्न स्थानों से साधु-संत भी शामिल हुए,जो अलग-अलग वेश में नजर आ रहे थे।

राजधानी में शुक्रवार श्यामला हिल्स स्थित जगदीश मंदिर से भगवान जगन्नाथ, उनके भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा की रथ यात्रा निकाली गई। इसमें भगवान जगन्नाथ काष्ठ के रथ में सवार होकर नगर भ्रमण पर निकले। जगदीश स्वामी मंदिर से निकली रथयात्रा में इस बार कई प्रदेशों से आठ से अधिक सखी बाबा मौजूद रहे। जिन्होंने यात्रा के दौरान भक्तिमय नृत्य कर यात्रा का महौल भक्तिमय कर दिया। रथ यात्रा जगदीश मंदिर से परम्परागत महाआरती एवं पूजा अर्चना के बाद प्रारंभ हुई। जोकि पॉलीटेक्निक,भारत भवन,कमला पार्क,सोमवारा,भवानी चौक,लखेरापुरा चौक बाजार से होते हुए खटलापुरा मंदिर में पहुंची। जहां पर रथ यात्रा का समापन किया गया। इसके बाद देशभर से आए साधु-संतों का स्वागत किया गया।


शांति नगर स्थित रथ यात्रा में शामिल श्रद्धालु।


जगन्नाथ यात्रा में शामिल साधु।


शांति नगर स्थित रथ यात्रा में डमरू दल भी शामिल था, जिसने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।

## राधा मदन गोपाल मंदिर में निकाली गई रथयात्रा

*इसी तरह श्री गौर राधा मदन गोपाल मंदिर शांति नगर बैरसिया रोड जगन्नाथ रथयात्रा निकाली गई। आयोजन समिति के प्रमोद नेमा एवं दीपिका माहेश्वरी ने बताया कि दोपहर एक बजे भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा मंदिर परिसर से निकाली गई। श्रध्दालु जयकारों के साथ ढोल ढमाकों पर नाचते नजर आ रहे थे। रथ यात्रा बस स्टैंड, मंगलवारा, इतवारा, चौक, लखेरापुरा, सोमवारा से वापस मंदिर परिसर में संपन्न हुई। इसके बाद महाप्रसादी का वितरण किया गया। इसी कड़ी में मानस भवन,जवाहरचौक झरनेश्वर मंदिर बाणगंगा व कोलार सहित भोपाल में करीब छह स्थानों से मुख्य रथयात्रा निकाली गई। रथ में भगवान जगन्नाथ,बलभद्र और सुभद्रा की प्रतिमाएं विराजमान की गई। इस मौके पर साधु-संत सहित अन्य श्रृध्दालु भगवान का रथ खीचते नजर आए। तो वहीं इस्कॉन मंदिर से शनिवार को जगन्नाथ रथ यात्रा निकाली जाएगी।*

## 167 क्रांतिकारियों को बलिदान दिवस पर मौन रख दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल




27 जून 1857 को 167 क्रांतिकारियों (नाविकों) का बलिदान दिवस मनाया। निषादवंशीय माझी, कीर, कहार, केवट, ढीमर, भोई, मल्लाह, मझवार कल्याण समिति के बैनर तले 1857 में शहीद हुए 167 क्रांतिकारी (नाविकों) की स्मृति में बलिदान दिवस भोईपुरा बुधवारा भोपाल में मनाया गया।

समिति के अध्यक्ष सुभाष रायकवार के नेतृत्व में समाज के लोगों ने दो मिनट मौन रखकर क्रांतिकारियों की कुर्बानी को याद किया। उन्होंने बताया कि 27 जून 1857 को समाधान निषाद व लोचन निषाद सहित 167 क्रांतिकारी नाविकों को अंग्रेजों ने कानपुर के सती चौरा घाट पर एक बरगद के पेड़ से लटका कर फांसी दे दी थी। यह नाविक कई हजार अंग्रेजों को एक साथ गंगा नदी के रास्ते कलकत्ता ले जा रहे थे। इस दौरान कानपुर में बीच नदी में अंग्रेजों को डुबाकर मारा था। इस वजह से नाविकों को फांसी दी गई थी। आजादी की लड़ाई में निषादवंशीय समाज के शहीद हुए उन सभी 167 क्रांतिकारी नाविकों को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर मध्यविधान सभा के पूर्व प्रभारी सचिनदास बब्बा, आशीष सिंह ठाकुर, महामंत्री संदीप बाथम, समिति के संरक्षक सीताराम बाथम, रामसेवक कर्णधार, कोषाध्यक्ष अनिल कश्यप, घनश्याम मामा, सत्यनारायण बर्मन, चंदन बाथम, रामरूप सोंधिया सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे।

## श्रद्धा के साथ मनेगा शहीद ढालिया का 79वां बलिदान दिवस

**भोपाल**। स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राण की आहूति देने वाले जीनगर समाज के शहीद बीरबल ढालिया का 79वां बलिदान दिवस 30 जून को लखेरापुरा में श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। जीनगर समाज के अध्यक्ष अजय पवार और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों द्वारा यह निर्णय लिया गया कि सेवा सप्ताह के रूप में श्रद्धा पूर्वक मनाये जाएंगे। बीरबल ढालिया जनकल्याण परिषद के अध्यक्ष अध्यक्ष अशोक सांकले और महासचिव रमेश निर्वाण ने बताया कि मुख्य कार्यक्रम 1 जुलाई को जीनगर समाज धर्मशाला लखेरा पूरा में होगा। जिसमें पुष्पांजलि सभा,कृतित्व स्मरण, और समाज के जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक सामग्री वितरित की जाएगी।

## अमरनाथ यात्रियों के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया

**भोपाल**। अमरनाथ यात्रियों की सुविधा के लिए ओम शिव शक्ति सेवा मंडल की ओर से नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया। मंडल भोपाल के सचिव रिंकू भटेजा ने बताया कि इस वर्ष अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से प्रारंभ होकर 9 अगस्त रक्षाबंधन तक चलेगी, जो 38 दिनों की होगी। मंडल के 15 जत्थे बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए रवाना होंगे। मंडल का पहला जत्था 29 जून को एवं आखिरी यात्रा 28 जुलाई को रवाना होगा। मंडल के मार्गदर्शन में अनेक तारीखों में लगभग 5000 श्रद्धालु बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए जाएंगे। प्राकृतिक आपदा या अन्य कोई इमरजेंसी के समय यात्रियों के परिवारजनों को अमरनाथ यात्रा में गए यात्रियों की पूरी जानकारी उपलब्ध कराएगा।

डॉ. मोहन यादव सरकार का भागीरथी प्रयास सफल

# शासकीय-अशासकीय भवनों में जल संग्रहण के लिये वॉटर हार्वेस्टिंग को दी गई प्राथमिकता



भोपाल

प्रदेश मेंजल गंगा संवर्धन अभियान में 30 मार्च से शुरू किये गये कार्य लगभग पूरे किये जा चुके है। जिला प्रशासन द्वारा किये गये कार्यों की समीक्षा की जा रही है। प्रदेशव्यापी अभियान 30 जून को संपन्न हो जायेगा। जिलों में जल स्त्रोतों के आसपास व्यापक पौधरोपण योजना तैयार की जा रही है। जल संरक्षण के लिये शासकीय-अशासकीय भवनों में वॉटर हार्वेस्टिंग को प्राथमिकता दी गई है।




## अशोक नगर न्यायालय परिसर में रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम

अशोक नगर में जल गंगा संवर्धन अभियान में संविधान वाटिका एवं पिपलेश्वर महादेव मंदिर न्यायालय परिसर में जल संरक्षण के लिये रैन वाटर हार्वेस्टिग सिस्टम का निर्माण किया गया है। यह कार्य जिला न्यायाधीश श्री संजीव सिंघल के मार्गदर्शन में किया गया। वर्षा काल के दौरान जल को संरक्षित करने के लिए वॉटर हार्वेस्टिंग का निर्माण किया गया है। संविधान वाटिका एवं पिपलेश्वर महादेव मंदिर न्यायालय परिसर में सोखते गड्ढो का निर्माण किया गया है।

## खंडवा में जल संवाद कार्यशाला

खंडवा जिले में गिरते भू-जल स्तर को रोकने और वर्षा जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिये जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले के सभी शासकीय और निजी भवनों पर रूफ वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर स्थापित किए जा रहे हैं।

## नरसिंहपुर में जल सहेजने के उद्देश्य से हो रहे दीवार लेखन

नरसिंहपुर जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान में ग्रामीण अंचल में जल सहेजने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद की विभिन्न समितियों द्वारा दीवार लेखन का कार्य किए गए है। दीवार लेखन के माध्यम से विभिन्न प्रेरक स्लोगन के जरिये लोगों को प्रेरित कर जल संरक्षण व संवर्धन का संदेश दिए गए है। इसी क्रम में विकासखंड चीचली के ग्राम रहमा- बेलखेड़ी में जल संरक्षण व संवर्धन के उद्देश्य से दीवार लेखन का कार्य किया गया।




**स्वच्छ जल सुरक्षित भविष्य**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्पों को साकार करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशन में जल गंगा संवर्धन अभियान 30 मार्च से प्रारंभ किया है जो कि 30 जून तक चलेगा। शहडोल जिले में अभियान में निरंतर गतिविधियाँ चल रही है। अभियान के अंतर्गत जहां एक ओर नये तालाब बनाये जा रहे, वहीं दूसरी ओर पुराने तालाबों, बावड़ियों और कुँओं का जीर्णाद्धार किया जा रहा है। नदियों को साफ-स्वच्छ एवं जल एकत्रित करने के लिए भी कार्य किए जा रहे हैं। जनपद पंचायत गोहपारू के ग्राम पंचायत धनगंवा मं नवीन खेत तालाब निर्माण के कार्य सामूहिक भागीदारी से किये गए।

## आगर-मालवा महिलाओं द्वारा वाटर सेम्पल टेस्ट

आगर-मालवा जिले में जल शक्ति अभियान, केच द रेन के तहत केंद्रीय नोडल अधिकारी के समक्ष प्रशिक्षित महिला देवबाई, जस्सूबाई रेखाबाई और संतोष बाई ने पानी का पी. एच. मान का टेस्ट लगा कर पानी की गुणवात्ता जांची। केन्द्रीय दल द्वारा महिलाओं के कार्य की प्रशंसा की गई। जिले में प्राचीन बावड़ियों की पहचान कर उनके महत्व की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। ग्रामीणों को जल स्त्रोंतो की साफ-सफाई निरंतर किये जाने की शपथ दिलाई गयी।



## डिंडौरी में जल गंगा संवर्धन

डिंडौरी जिले में कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने जल गंगा संवर्धन अभियान की प्रगति की समीक्षा की। जिले में 2200 खेत तालाब बनाए गए है। इनमें से अंधिकाश पूरे हो चुके है। जिले में 1500 कुओं का जल स्तर बढ़ाने के लिये रिचार्ज संरचनाएं बनाई जा रही है। जिले के जनपद पंचायत में 187 सार्वजनिक तालाब का निर्माण किया जा रहा है। कलेक्टर ने सभी कार्य गुणवत्ता के साथ आगामी 7 दिन में पूरा करने के निर्देश दिये।

जल गंगा संवर्धन अभियान

बारिश के पानी का संचयन करने ग्रामीणों ने दिखाई जागरूकता

# प्रदेश में बन रहे 83 हजार से अधिक खेत तालाब



भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रदेश में बारिश के पानी की प्रत्येक बूंद को सहेजने के लिए 90 दिन का जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत प्रदेश में जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए नई जल संरचनाओं का निर्माण किया जा रहा है।

पुराने जल स्त्रोतों को नया जीवन भी दिया जा रहा है। प्रदेश में जल संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर आमजन की जागरूकता व उत्साह देखते बन रही है। परिणाम यह है कि प्रदेश में सिर्फ 85 दिन में ही 83 हजार से अधिक खेत तालाब का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इस पर 1939.3 करोड़ रुपये की राशि खर्च की जा रही है।



## नीमच जिले के किसान आगे आकर बनवा रहे खेत-तालाब

जल गंगा संवर्धन अभियान में नीमच जिले के किसान भी बारिश के प्रत्येक बूंद को सहेजने के लिए आगे आए हैं। जिले में अभियान के अंतर्गत 807 खेत तालाबों का निर्माण किया जा रहा है। इसमें जावद में 196, नीमच में 209 एवं जनपद क्षेत्र मनासा में 398 खेत तालाब बनाए जा रहे हैं। जिला पंचायत के मनरेगा परियोजना अधिकारी श्री सुशील दौराया ने बताया कि नीमच जिले में पूर्व में मनासा जनपद क्षेत्र में ही किसानों द्वारा खेत तालाब निर्माण में रूचि लेकर निर्माण करवाया जाता था, इस बार जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत न केवल मनासा बल्कि नीमच एवं जावद क्षेत्र के किसानों ने भी आगे आकर खेत तालाबों का निर्माण कराया है। नीमच जिले में 729 खेत तालाब बनाए जाने का लक्ष्य रखा गया था, जिसमें से 807 खेत तालाब बनाए जा रहे हैं। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा द्वारा नियमित रूप से उपयंत्रीवार खेत तालाब निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा की जा रही है। परिणाम स्वरूप जिले में सभी 807 खेत तालाब का निर्माण कार्य प्रारंभ होकर अधिकांश खेत तालाबों का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इस बारिश में इन खेत तालाबों में वर्षा जल का भराव भी होना प्रारंभ हो गया है।

### प्रदेश में 83 हजार 662 खेत तालाब का निर्माण जारी

जल गंगा संवर्धन अभियान में प्रदेश में 77 हजार 940 खेत तालाब बनाए जाने का लक्ष्य रखा गया है, लेकिन प्रदेश में लक्ष्य से अधिक 83 हजार 662 खेत तालाब बनाए जा रहे हैं। इन खेत तालाबों के बन जाने से प्रदेश में सिंचाई का रकवा बढ़ेगा और भू-जल स्तर में भी वृद्धि होगी।

## अनूपपुर में चला जल संवर्धन अभियान

### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरचनाओं का पुर्नजीविकीकरण एवं संरक्षण का किया जा रहा है कार्य

अनुपपुर



मध्यप्रदेश शासन द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान 30 मार्च से 30 जून तक चलाया जा रहा है। इस अभियान में जिले में जल संरक्षण के प्रति बढ़ती हुई जनचेतना का परिदृश्य साफ दिखाई दे रहा है। अभियान के अंतर्गत नदी, तालाबों, चेक डेम, स्टाप डेम, कुआं-बावड़ी व सार्वजनिक कुआं के गहरीकरण, मरम्मत, सौंदर्यीकरण के लिए आवश्यक गतिविधियां शासकीय, अशासकीय संस्थाओं तथा जनसहयोग के माध्यम से की जा रही है। इसी तारतम्य में जन अभियान परिषद द्वारा विकासखंड अनूपपुर में सोन नदी से लगे मुक्तिधाम घाट एवं नदी में स्वच्छता अभियान चलाकर कचरे का निपटान कर जल संरक्षण एवं संवर्धन का कार्य किया गया।

D-16048/25

# सफेद कैनवास पर क्रेयॉन्स वर्क से सजाए धार के बाजार और सजे-धजे मवेशी

## एलायंस फ्रांसिस में 'वेन कलर फाउंड ब्लैक' अनूप श्रीवास्तव की एकल चित्र प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

देश दुनिया के कोनों में यात्रा करने का अपना एक अलग ही महत्व होता है। हर एक व्यक्ति अपनी यात्रा के इन क्षणों को कभी अपनी लेखनी से कागज पर उकेरता है तो कभी रंगों की कूची से कैनवास पर दर्शाने का प्रयास करता है। ऐसा ही कुछ किया है मप्र के धार जिले के अनूप श्रीवास्तव ने। जिनके बने चित्रों की प्रदर्शनी 'वेन कलर फाउंड ब्लैक' नाम से एलायंस फ्रांसिस में एग्जीबिट की जा रही है। सोलो पेंटिंग एग्जीबिशन के रूप में सजे अनूप के इन 45 चित्रों में कहीं कैनवास पर क्रेयॉन्स का वर्क है तो कहीं ब्लैक कैनवास पर पेंसिल वर्क से उन्होंने अपने चित्रों को सजाया।



### खेत, चांद, सूरज, पेड़, आदिवासी महिलाओं से सजे चित्र

अनूप कहते हैं कि मेरे 40 चित्रों में मैंने अपनी यात्रा को प्रदर्शित किया है। जिसमें मेरे ज्यादातर आर्टवर्क में मैंने अपनी ट्रेवल हिस्ट्री को दिखाने की कोशिश की है। इन्हें मैंने ब्लैक कैनवास पर पेंसिल वर्कसे लैंडस्केप चित्र बनाए हैं अपनी यात्रा के अलावा मैंने इसमें खेत, चांद, सूरज, पेड़, आदिवासी महिलाएं और प्रकृति के साथ जीवन बिताने के दृश्य भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि मेरे बनें चित्रों की प्रदर्शनी देश और दुनिया के कोनों में लग चुकी है, जिसमें यूरोपियन कंट्री समेत पांच विदेशी स्थानों पर मेरे चित्रों को प्रदर्शित किया गया है।

### धार के पारंपरिक बाजारों से प्रेरित चित्र

वहीं, मेरे बने पांच चित्रों को मैंने सफेद कैनवास पर क्रेयॉन्स वर्क से सजाया है, जो धार के पारंपरिक बाजारों से प्रेरित हैं। इनमें मैंने विशेष रूप से धार के उन बाजारों को दर्शाया हैं, जहां दिवाली से पहले सजावटी बेल बेचने के लिए लगते हैं। पांच बाय पांच फीट के दो चित्रों में बाजार का दृश्य और दो बाय तीन फीट के मैंने धार जिले के बाजार को दर्शाया है। इसके अलावा गोबरधन पूजा के दौरान मवेशियों को सजाने की प्रक्रिया के चित्र भी बेहद खास हैं।



---

कलाकृतियां भी की जाएंगी प्रदर्शित

# लिप्पन आर्ट पर बिड़ला संग्रहालय में वर्कशॉप कल मीनू चौरसिया देंगी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

राजधानी के जीपी बिड़ला संग्रहालय में रविवार 29 जून को वर्ल्ड रिकार्ड होल्डर एवं प्रसिद्ध लिप्पन आर्टिस्ट मीनू चौरसिया द्वारा लिप्पन आर्ट पर एक दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन किया जा रहा है। दोपहर 1 से 4 बजे तक आयोजित इस वर्कशाप में लिप्पन आर्ट की बेसिक जानकारियों देने के साथ साथ उसकी बारीकियों पर भी चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही इसमें पद्मजा रेड्डी एवं बाल कलाकार दिशानी शर्मा द्वारा बनाई कलाकृतियों को भी प्रदर्शित किया जाएगा।

### लुप्त होती जा रही पारंपरिक कला है लिप्पन आर्ट

लिप्पन आर्ट लुप्त होती जा रही पारंपरिक कला का एक ऐसा अनूठा रूप है, जिसमें मिट्टी या क्ले को दर्पणों के ज्यामितीय टुकड़ों के साथ मिलाकर ऐक्रेलिक रंगों की सहायता से सुंदर कलाकृतियां बनाई जाती हैं। लिप्पन आर्ट को सजावट की अनूठी शैली, सांस्कृतिक अभिव्यक्ति और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने के एक तरीके के रूप में भी देखा जा सकता है। यह कला गुजरात के कच्छ क्षेत्र की एक प्रमुख पारम्परिक कला है। जिसमें ग्रामीण क्षेत्र की स्त्रियां अपने घरों की दीवारों को सजाने के लिए मिट्टी, गोबर और छोटे छोटे दर्पण का प्रयोग करती हैं।

---

छतनार की वितान श्रृंखला में लेखक अंकित गुप्ता की पुस्तक 'दुख के रंग' पर चर्चा का आयोजन

# किसी के अवसाद को समझना तब ही संभव है, जब उसे कहानी में जी सकें

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

हमारे समाज में मानसिक स्वास्थ्य अब भी एक नजरअंदाज कर दिए जाना वाला विषय है। आंकड़ों की भाषा में बात करना आसान है, लेकिन किसी के अकेलेपन, अवसाद या आंतरिक संघर्ष को समझना तब ही संभव है, जब हम उसे किसी कहानी में जी सकें।

मानसिक स्वास्थ्य पर कहानियां लिखना जरूरी है, क्योंकि यह न सिर्फ संवेदना जगाती हैं, बल्कि समाज में इस विषय पर पसरी खामोशी को तोड़ने का भी काम करती हैं। यह कहना है अंकित गुप्ता असीर का। जिनके कहानी संग्रह 'दुख के रंग' पर केंद्रित वितान श्रृंखला के अंतर्गत उनकी पुस्तक पर चर्चा की गई। छतनारा समूह द्वारा मप्र राज्य महिला आयोग के सभागार में आयोजित इस वितान श्रृंखला में होस्ट की भूमिका में भोपाल के ख्यात शायर आमिर अजहर ने निभाई। जिन्होंने बातचीत के सिलसिले में मानसिक स्वास्थ्य पर केंद्रित कहानियों की जरूरत पर भी सवाल किए।

> मानसिक स्वास्थ्य पर कहानियां लिखना जरूरी है, यह न सिर्फ संवेदना जगाती हैं, बल्कि समाज में पसरी खामोशी को तोड़ने का भी काम करती हैं।

### आमिर ने पूछा कि किताब का नाम दुख के रंग क्यों और किसने रखा?




अंकित ने जवाब में बताया कि दरअसल, इस संग्रह में एक कहानी का शीर्षक है दुःख के रंग और उसी शीर्षक से इस किताब का यह नाम आया है। यह शीर्षक एक प्रतीक है उस भावनात्मक स्पेक्ट्रम का, जिसमें हर व्यक्ति का दुःख एक अलग रंग लिए होता है। हम अक्सर दुःख को एक रंग काले रंग की तरह देखते हैं, लेकिन वास्तव में दुःख के भी कई शेड्स होते हैं, उन्हीं शेड्स (रंगों) को उभार कर लाने की कोशिश है यह किताब- दुःख के रंग।

**दुख सिर्फ काला नहीं होता, इसके भी होते हैं कई शेड्स**

### शायरी में दर्द को बयां करने की खास तहजीब अल्फाज कम होते हैं, मगर असर गहरा...

चूंकि अंकित गुप्ता असीर पिछले 15 साल से शायरी भी कर रहे हैं, लेकिन पहली किताब कहानियों की प्रकाशित हुई। इस जमीन पर आमिर ने पूछा कि शायरी से कहानी लिखने की तरफ झुकाव कैसे हुआ? अंकित ने अपने जवाब में कहा, मैंने शुरुआत शायरी से की थी, शायरी में दर्द को कहने की एक खास तहजीब



होती है अल्फाज कम होते हैं, मगर असर गहरा। लेकिन एक समय ऐसा आया जब मुझे लगा कि कुछ बातें महज दो मिसरों में समा नहीं पा रहीं। मुझे लगने लगा कि अगर मैं किसी मानसिक स्थिति या पीड़ा को सिर्फ इशारों में कह रहा हूं तो शायद मैं उसके गहरेपन के साथ न्याय नहीं कर रहा। इसलिए मैंने कहानियों की ओर रुख किया।

---

# प्रकृति पुत्र राजा भभूत सिंह के अवदान पर सांगीतिक प्रस्तुति 29 को

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत मप्र जनजातीय संग्रहालय के सभागार में 29 जून, रविवार को शाम 7 बजे कोरकू जनजाति के प्रकृति प्रेमी और वीर राजा भभूत सिंह के अवदान पर आधारित एक विशेष सांगीतिक प्रस्तुति एवं कोरकू जनजाति के गदली एवं थापटी नृत्य का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन महाराजा विक्रमादित्यट शोधपीठ एवं मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है।

महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ के निदेशक श्रीराम तिवारी ने कहा कि राजा भभूत सिंह कोरकू जनजाति के ऐसे नायक रहे हैं, जिन्होंने अपने जीवन में प्रकृति और मानव के सहअस्तित्व को सर्वोच्च स्थान दिया। उनका पर्यावरण संरक्षण एवं ब्रिटिश उपनिवेशवाद के खिलाफ संघर्ष हमारे लिए प्रेरणा स्रोत है। प्रकृति पुत्र भभूत सिंह की



स्मृति में उनके जीवन पर एकाग्र सांगीतिक प्रस्तुति का आयोजन भोपाल के मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय में किया जा रहा है। यह प्रस्तुति वरिष्ठ रंगकर्मी राजीव सिंह एवं दल द्वारा तैयार की गई है। इस अवसर पर कोरकू जनजाति के गदली एवं थापटी नृत्य भी होगा। मुझे विश्वास है कि यह कार्यक्रम कोरकू परंपरा की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को जीवंत करेगा।

## हिंदी भवन में समसामयिक विषयों पर चर्चा आज

**भोपाल।** मप्र राष्ट्रभाषा प्रचार समिति के महिला प्रकोष्ठ द्वारा समसामयिक विषय पर एक चर्चा का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम शनिवार, 28 जून को दोपहर 1 बजे से हिंदी भवन में होगा। कार्यक्रम की संयोजक अनीता सक्सेना ने बताया कि कार्यक्रम में न्याय विशेषज्ञ डॉ.प्रतिभा राजगोपाल, दर्शन की व्याख्याता डॉ. आरती दुबे तथा साहित्यकार ममता तिवारी के वक्तव्य होंगे। कार्यक्रम का संचालन साहित्यकार शीला मिश्रा करेंगी। समिति के मंत्री संचालक कैलाशचंद्र पंत एवं सहमंत्री डॉ. संजय सक्सेना ने शहर के प्रबुद्धजन विशेषकर महिलाओं से कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है।

---

भोजपुर क्लब में उत्कर्षिणी की सेल्फ अवेयरनेस पर वर्कशाप

# महिलाओं को स्वयं और स्वयं के अधिकारों के प्रति किया अवेयर





हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

उत्कर्षिणी संस्था के द्वारा भोजपुर क्लब में सेल्फ अवेयरनेस वर्कशॉप का आयोजन किया गया, जिसमें शहर की जानी-मानी हस्तियों ने शिरकत की। इस वर्कशाप का उद्देश्य महिलाओं को स्वयं के प्रति और स्वयं के अधिकारों के प्रति जागरूक करना और अन्य महिलाओं को भी इसके लिए अवेयर करना था। वर्कशाप में स्पीकर के रूप में शामिल हुईं डॉ. स्वाति तिवारी, उनके साथ ही बेगम्स ऑफ भोपाल की हेड रख्शां जाहिद, प्रीति खरे, नीति भूषण, डॉ अनुराधा सिंह, संगीता श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में महिलाओं ने इसमें भाग लिया एवं कार्यक्रम के अंत में महिलाओं को सर्टिफिकेट भी वितरित किए गए।

---

पीपल्स थिएटर ग्रुप की 30 दिवसीय रंगमंच कार्यशाला का आयोजन

# सांदीपनी विद्यालय जहांगीराबाद के 45 छात्र-छात्राएं कर रहे अहिल्याबाई पर आधारित नाटक की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

पीपल्स थिएटर ग्रुप भोपाल द्वारा जहांगीराबाद स्थित सीएम राइज़ विद्यालय (सांदीपनी विद्यालय) में 30 दिवसीय रंगमंच कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में 45 छात्र-छात्राओं को कथक नृत्य नटराज स्तुति के साथ ही इलाशंकर ग्रुहा द्वारा लिखित नाटक पुण्य श्लोक अहिल्याबाई के जीवन पर आधारित नाटक भी तैयार कराया जा रहा हैं।

संस्था प्रमुख वरिष्ठ रंगकर्मी सिन्धु धौलपुरे ने बताया, स्कूल में रंगमंच कार्यशाला लगाने का मुख्य उद्देश्य रंगमंच के माध्यम से बच्चों को सृजनात्मकता, आत्म-अभिव्यक्ति और सामाजिक संवाद के लिए प्रेरित करना है। कार्यशाला में प्रतिभागियों को अभिनय,नृत्य, मंच सज्जा, स्क्रिप्ट और संवाद अदायगी जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।





---

'शौक नहीं मजबूरी है, पुरुष आयोग जरूरी है' संदेश के साथ 6 जुलाई को दिल्ली में समाप्त होगी यात्रा

# पुरुष आयोग की मांग को लेकर 16000 किलोमीटर की मोटर साइकिल यात्रा पर निकले तीन योद्धा

## समाज को बताना है कि पुरुष भी प्रताड़ित होता है

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

पुरुष प्रताड़ना एवं वैवाहिक पुरुष आत्महत्या की रोकथाम के लिए सेव इंडियन फेमिली पुरुषों के अधिकारों की मांग उठा रहा है। यह भारत का एक मात्र संगठन है, जो पुरुषों के अधिकारों के प्रति लोगों को अवेयर कर रहा है। इसके लिए आल इंडिया हेल्पलाइन नंबर 8882498498 पर 24x7 पीड़ति पुरुषों को परामर्श एवं भावनात्मक समर्थन भी दिया जा रहा है। जिसके अंतर्गत मप्र से ही रोजाना 12-14 पीड़ति पुरुषों के फोन आ रहे हैं। यह कहना है भाई वेलफेयर सोसायटी के फाउंडर जाकी अहमद का। उन्होंने कहा कि मप्र में साल 2013 से एसआईएफका चेप्टर भाई वेलफेयर सोसाइटी लगातार प्रदेश के पीड़ति पुरुषों को सहायता प्रदान कर रही है। भाई संगठन की नियमित साप्ताहिक बैठक चिनार पार्क में प्रत्येक रविवार शाम 4 से 6 बजे तक होती है, जहां पीड़ति परिवार को कानूनी जानकरी एवं सहायता उपलब्ध करवाई जाती है।



उन्होंने बताया कि देश में तेजी से बढ़ रहे पुरुष आत्महत्या के विरोध में एवं पुरुष आयोग की मांग को लेकर संगठन के तीन योद्धा अमजद खान, संदीप एवं गौरव मल्होत्रा मोटर साइकिल से 31 मई को फरीदाबाद दिल्ली से 16000 किलोमीटर की बाइक यात्रा के लिए निकले हैं, जिनका मुख्य उद्देश्य समाज को जागरूक करना एवं बताना है कि पुरुष भी प्रताड़ति होता हैं, मर्द को भी दर्द होता है। उन्होंने बताया कि बाइकर्स अब ग्वालियर के लिए प्रस्थान कर चुके हैं, जिनकी 16000 किलोमीटर की यात्रा 6 जुलाई को दिल्ली में समाप्त होगी।

### पुरुषों के लिए हो एक प्लेटफॉर्म, जहां सुना सकें वे अपनी पीड़ा

जाकी ने कहा कि आज महिला कानूनों की आड़ में कुछ महिलाएं कानून का दुरुपयोग कर शादी को एक व्यापार मान धन उगाही का आसान साधन मान बैठी हैं। आज आवश्यक हो गया है कि पुरुषों के लिए के एक प्लेटफार्म हो जहां उसकी पीड़ा सुनी जा सकें और ऐसे समय में आज पुरुष आयोग की अत्यंत आवश्यकता है और हमारा संदेश है 'शौक नहीं मजबूरी है, पुरुष आयोग जरूरी है'। उन्होंने कहा कि आने वाली 15, 16, 17 अगस्त को हम मध्य प्रदेश के सभी भाई मिलकर एक प्रेस वार्ता का आयोजन करेंगे, जिसमें पुरुष प्रताड़ना के सभी केसेस का जिक्र होगा।

---

रेल साहित्य परिषद की काव्य संध्या का आयोजन

# अंधियारे में जो जलते हैं दीपक से उजियारे की रेख हमारे बाबू जी...

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

लाखों में हैं एक हमारे बाबू जी, कितने प्यारे नेक हमारे बाबू जी। अंधियारे में जो दीपक से जलते हैं, उजियारे की रेख हमारे बाबू जी.... यह पंक्तियां रेल साहित्य परिषद भोपाल द्वारा जब सवारी डिब्बा पुनर्निर्माण कारखाना पश्चिम मध्य रेल के ओबीसी सभागार में सुपरिचित साहित्यकार एवं सेवानिवृत होने वाले वरिष्ठ अनुभाग अभियंता पश्चिम मध्य रेल के सम्मान में आयोजित काव्य संध्या की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ कवि घनश्याम मैथिल अमृत ने पढ़ी तो सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।




### दिल की धड़कन जिगर में तुम हो

इस गोष्ठी में युवा कवि नीतिराज चौरे ने ऑपरेशन सिंदूर पर केंद्रित रचना धुंध-धुंध छा गई, घटा कहीं से आ गई, धधक रही थी ज्वाला जो पर्वतों पर छा गई... का प्रभावी वाचन किया, इस क्रम को आगे बढ़ाया युवा कवि कुमार अखिलेश ने, उनकी पंक्तियां थीं 'दिल की धड़कन जिगर में तुम हो, हर नजारे की नजर में तुम हो...।



# दर्शकों को अच्छी लगी कन्नप्पा की कहानी

**मुंबई।** बहुप्रतीक्षित फिल्म कन्नप्पा 27 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। फिल्म में विष्णु मांचू अहम किरदार में हैं। फिल्म का निर्देशन मुकेश कुमार सिंह ने किया है। फिल्म के निर्माता मोहन बाबू हैं। इसकी कहानी कन्नप्पा के आस-पास घूमती है जो एक आदिवासी योद्धा है। भगवान शिव के प्रति उसकी गहरी आस्था है। कई दर्शकों ने इस फिल्म को सिनेमाघरों में देखा है और वह सोशल मीडिया पर इसके बारे में लिखा रहे हैं। एक यूजर ने फिल्म की तारीफ की है। उन्होंने एक्स पर लिखा 'फिल्म कन्नप्पा एक सिनेमाई जीत है। फिल्म की मनोरंजक कहानी और बेहतरीन पटकथा शुरू से अंत तक आपको बांधे रखती है।

लाइफ Style



# आलिया
## अपनाया 1981 में रिलीज हुई फिल्म का लुक

रेखा की फिल्म 'उमराव जान' दोबारा रिलीज हुई है। रीरिलीज के कार्यक्रम में अभिनेत्री आलिया भट्ट भी पहुंचीं। आलिया भट्ट ने सोशल मीडिया पर अपनी तस्वीरें शेयर की हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर अभिनेत्री रेखा के साथ तस्वीरें शेयर करते हुए एक बेहतरीन बात भी लिखी है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

आइए जानते हैं आलिया ने अपनी पोस्ट में क्या लिखा है? आलिया भट्ट ने रेखा के साथ तस्वीरें शेयर करते हुए अपनी पोस्ट में लिखा 'एक जीवित लीजेंड के लिए एक लाइन, आपकी तरह न कोई था, न कोई है और न कोई होगा।' पोस्ट में आलिया ने अपनी तस्वीरें भी शेयर की हैं। तस्वीरों में देखा जा सकता है कि आलिया भट्ट ने हल्के गुलाबी रंग की साड़ी पहनी है। एक तस्वीर में आलिया भट्ट गुलाब के साथ पोज दे रही हैं। बताया जाता है कि आलिया का यह लुक रेखा की फिल्म 'सिलसिला (1981)' के लुक से प्रेरित है। आलिया भट्ट ने अपने लुक को कंप्लीट करने के लिए मिनिमल मेकअप किया है। उन्होंने अपने बाल खुले छोड़े हैं। तस्वीरों के साथ आलिया ने एक वीडियो भी शेयर किया है। वीडियो में वह कई तरह के पोज दे रही हैं और डांस कर रही हैं। आलिया की तस्वीरों पर कई यूजर्स ने कमेंट किए हैं। आईफा ने कमेंट करते हुए लिखा है 'एक फ्रेम में दो रानी।' एक दूसरे यूजर ने कमेंट किया है 'गुलाबी में खूबसूरत लग रही हो।' एक और यूजर ने लिखा है 'मैं भाग्यशाली हूं कि इतने अच्छे लोगों को देख पा रही हूं।' 'उमराव जान' की दोबारा रिलीज के बारे में बात करते हुए, फिल्म निर्माता मुजफ्फर अली ने 2 जून को ऐलान किया था कि फिल्म को 4के रिजॉल्यूशन में बना लिया गया है।

हॉलीवुड मसाला



# एफ-1 से छाए ब्रैड पिट

**लॉस एंजिल्स।** जोसेफ कोसिंस्की की फिल्म 'एफ1' दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। 27 जून को भारत में भी यह फिल्म रिलीज हुई है। रिलीज के बाद कई दर्शकों ने एक्स पर इसके बारे में लिखा है। कई दर्शकों ने फिल्म को पैसा वसूल बताया है तो वहीं कुछ ऐसे भी दर्शक हैं जिन्होंने फिल्म को औसत बताया है। 'एफ 1' फिल्म उत्तरी अमेरिका में भी रिलीज हुई। एक दर्शक ने इसे पूर्ण सिनेमा बताया। उन्होंने एक्स पर लिखा 'एफ 1 फिल्म पूर्ण सिनेमा है।



# मिशन इंपॉसिबल के आकर्षक थीम के लिए मिली वैश्विक प्रसिद्धि

**लॉस एंजिल्स।** ग्रैमी पुरस्कार विजेता संगीतकार लालो शिफ्रिन, जिन्हें 'मिशन इंपॉसिबल' थीम के लिए जाना जाता था। वैरायटी की रिपोर्ट के अनुसार संगीतकार का गुरुवार को निधन हो गया। उन्होंने 93 वर्ष की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया। लालो शिफ्रिन फिल्मों और टीवी की दुनिया में एक जाना-पहचाना नाम थे। संगीतकार को 'मिशन इंपॉसिबल' के बेहद आकर्षक थीम तैयार करने के लिए वैश्विक प्रसिद्धि मिली। 1960 के दशक में 'मिशन इंपॉसिबल' के थीम संगीत तैयार करने के अलावा लालो शिफ्रिन को इन फिल्मों में शानदार संगीत देने के लिए जाना जाता था। उन्होंने द सिनसिनाटी किड, बुलिट, कूल हैंड ल्यूक और क्लिंट ईस्टवुड की डर्टी हैरी जैसी फिल्मों में भी संगीत दिया था। बोरिस क्लाउडियो शिफ्रिन का जन्म 21 जून 1932 को ब्यूनस आयर्स में एक संगीत परिवार में हुआ था, उनके पिता लुइस शिफ्रिन 25 वर्षों तक शहर के फिलहारमोनिक ऑर्केस्ट्रा के कंसर्टमास्टर रहे।



# जैकी के साथ शेयर की खास तस्वीरें

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस मल्लिका शेरावत ने फिल्म 'द मिथ' में एक साथ काम किया था। शुक्रवार को एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया हैंडल पर जैकी चैन के साथ कई खास तस्वीरें शेयर कीं। इसके साथ ही मल्लिका ने एक खास नोट भी शेयर किया है। मल्लिका शेरावत ने आज इंस्टाग्राम पर अपनी जैकी चैन के साथ कई शानदार तस्वीर शेयर कीं और कैप्शन में लिखा, 'मैं खुद को बहुत भाग्यशाली और बहुत आभारी महसूस करती हूं कि जैकी चैन हमारी फिल्म 'द मिथ' में मेरे सह-कलाकार थे। उनके साथ काम करना एक परिवर्तनकारी अनुभव था - न केवल उन्होंने मुझे सिखाया कि कैसे शानदार और सटीक तरीके से एक्शन सीक्वेंस करना है, बल्कि उन्होंने ऐसे दरवाजे भी खोले जिनकी मैंने कभी कल्पना भी नहीं की थी। मैं हमेशा उनके मार्गदर्शन और दयालुता के लिए आभारी रहूंगी।



# आरडी बर्मन के साथ गाए मुश्किल गाने

**मुंबई।** आरडी बर्मन बॉलीवुड के दिग्गज संगीतकार थे। शुक्रवार को उनकी 86वीं जयंती थी। इस मौके पर उनके संगीत प्रेमियों ने उन्हें याद किया। पद्म विभूषण से सम्मानित गायिका आशा भोसले दिवंगत संगीतकार आरडी बर्मन को श्रद्धांजलि देने उनके आवास पहुंचीं। आरडी बर्मन आशा भोसले के पति थे। आशा भोसले ने आरडी बर्मन की तस्वीर पर फूल चढ़ाए। उसके बाद उनके संगीत कॅरियर को श्रद्धांजलि देने के लिए हारमोनियम पर माला चढ़ाई। गायक आशीष शेलार ने आरडी बर्मन को श्रद्धांजलि अर्पित की। आशा भोसले ने आरडी बर्मन के साथ काम करने के अपने अनुभव को साझा किया। उन्होंने दिग्गज कलाकार के न होने पर दुख जताया। उन्होंने कहा 'इतने साल हो गए हैं। हमने उनके साथ मुश्किल गाने गाए और अच्छे गाने गाए।

टीवी मसाला




# तारक मेहता का उल्टा चश्मा से गायब हुए जेठालाल और बबीता!

**नई दिल्ली।** टेलीविजन के फेमस शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में जेठालाल और बबीता जी को कौन नहीं जानता है। बता दें, दिलीप जोशी और मुनमुन दत्ता द्वारा निभाए गए किरदारों को दर्शकों की ओर से खूब पसंद किया जाता है, लेकिन अब दर्शकों को शायद ये किरदार देखने को न मिले। दरअसल, खबरें आ रही हैं, कि दिलीप जोशी और मुनमुन दत्ता ने 16- 17 साल से चल रहे शो को छोड़ दिया है। हालांकि, अभी तक आधिकारिक रूप से इस बात को कंफर्म नहीं किया गया है। दिलीप जोशी और मुनमुन दत्ता के तारक मेहता का उल्टा चश्मा से बाहर होने की अफवाह तब शुरू हुई जब दर्शकों ने देखा कि जेठालाल और बबीता जी लंबे समय से लेटेस्ट 'भूतनी' प्लॉट यानी भूतिया एपिसोड से गायब हैं। गोकुलधाम सोसायटी के सभी सदस्य भूतिया बंगले में छुट्टियां मना रहे हैं, जबकि बापू जी, पोपटलाल, सोढ़ी और अन्य जैसे अन्य किरदार इस छुट्टी पर तारक मेहता और अंजलि के साथ शामिल हुए हैं, लेकिन जेठालाल और बबीता जी गायब हैं। वहीं, भूतिया एपिसोड में दोनों का न दिखना दर्शकों को खटक रहा है, ऐसे में हर कोई जानना चाहता है कि क्या दिलीप जोशी और मुनमुन दत्ता शो छोड़ने की योजना बना रहे हैं? या शो छोड़ चुके हैं? मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, शो के प्रोडक्शन हाउस ने पुष्टि की है कि मुनमुन दत्ता और दिलीप जोशी अभी भी शो का हिस्सा हैं। वहीं, शो में संकेत भी मिलता है कि 'जेठालाल' अपने सहयोगियों के साथ एक बिजनेस ट्रिप पर हैं और बबीता और अय्यर महाबलेश्वर में छुट्टियां मना रहे हैं। ऐसे में लेटेस्ट एपिसोड में अय्यर भी नहीं दिखाई दे रहे हैं।


## गाड़ी में सफर के साथ कर रहीं वापसी

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया की पॉपुलर स्टार गुनगुन गुप्ता एक बार फिर म्यूजिक वीडियो की दुनिया में धमाकेदार वापसी करने जा रही हैं। उनका नया गाना 'गाड़ी में सफर' जल्द रिलीज होने वाला है, जिसमें उनके साथ मेल लीड में मोहम्मद शरिया नजर आएंगे। इस रोमांटिक ट्रैक को डायरेक्ट किया है अमन प्रजापत ने और प्रोड्यूस किया है आशीष शर्मा ने। इस गाने की कहानी एक प्यार भरे सफर पर आधारित है, जिसमें दो अनजान लोग रास्ते में मिलते हैं और धीरे-धीरे उनके बीच एक खूबसूरत रिश्ता बनता है। गाने में गुनगुन की एक्टिंग और एक्सप्रेशन फिर से फैन्स का दिल जीतने को तैयार हैं। गुनगुन गुप्ता ने पहले 'लखाना मारेगा' जैसे हिट म्यूजिक वीडियो में अपनी शानदार परफॉर्मेंस से सभी का ध्यान खींचा था। इंस्टाग्राम पर उनके 8.9 मिलियन से ज्यादा फॉलोअर्स हैं और वो पहले टिकटॉक पर भी काफी पॉपुलर थीं।



# ऑस्कर अकादमी में शामिल होंगे कमल हासन, आयुष्मान और पायल

**मुंबई।** भारतीय सिनेमा के लिए ये हफ्ता गौरव से भरा रहा है। दिग्गज अभिनेता कमल हासन और अपने दमदार अभिनय से हर किसी का दिल जीतने वाले आयुष्मान खुराना को हॉलीवुड की सबसे प्रतिष्ठित संस्था 'अकादमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज' यानी ऑस्कर अकादमी की सदस्यता के लिए आमंत्रित किया गया है। ये मौका न सिर्फ दोनों कलाकारों के लिए सम्मानजनक है, बल्कि भारतीय फिल्म जगत के लिए भी एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। इस साल अकादमी ने कुल 534 नए सदस्यों को आमंत्रण भेजा है, जिसमें भारत से कई नामों ने जगह बनाई है। कमल हासन और आयुष्मान खुराना के साथ-साथ कास्टिंग डायरेक्टर करण माली, सिनेमैटोग्राफर रणवीर दास, कॉस्ट्यूम डिजाइनर मैक्सिमा बसु, डॉक्यूमेंट्री फिल्ममेकर स्मृति मुंदड़ा और फिल्ममेकर पायल कपाड़िया को भी सदस्य बनने के लिए न्योता मिला है। कमल हासन को दक्षिण भारतीय सिनेमा में उनकी बहुपक्षीय प्रतिभा और चार दशकों के सिनेमाई योगदान के लिए जाना जाता है। वहीं, आयुष्मान खुराना ने बॉलीवुड में अपने हटके रोल्स और सामाजिक मुद्दों को छूने वाली फिल्मों से एक खास पहचान बनाई है। दोनों कलाकारों का चयन वैश्विक मंच पर भारतीय प्रतिभा की मान्यता के रूप में देखा जा रहा है। इस लिस्ट में सिर्फ भारतीय ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मशहूर कलाकारों को भी जगह मिली है।




## कैसे मिलती है अकादमी की सदस्यता?

अकादमी की सदस्यता कोई आवेदन प्रक्रिया से नहीं बल्कि मौजूदा सदस्यों की सिफारिश और इंडस्ट्री में व्यक्ति के योगदान के आधार पर दी जाती है। इस बार विशेष ध्यान विविधता और समावेश पर दिया गया है। नए आमंत्रित सदस्यों में 41% महिलाएं हैं और 45% ऐसे समुदायों से आते हैं जिन्हें वैश्विक मंच पर अब तक कम प्रतिनिधित्व मिला है। अगर, ये सभी आमंत्रित सदस्य अकादमी की सदस्यता स्वीकार कर लेते हैं तो 2025 तक अकादमी के कुल सदस्यों की संख्या 11,120 हो जाएगी, जिनमें से 10,143 सदस्य वोटिंग प्रक्रिया में भाग लेने के पात्र होंगे।

# काजोल की फिल्म मां सिनेमाघरों में रिलीज, मिले-जुले रिएक्शंस

**मुंबई।** बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री काजोल की बहुप्रतीक्षित फिल्म मां'27 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई। यह एक हॉरर फिल्म है, जिसे विशाल फुरिया द्वारा निर्देशित किया गया है। यह एक मां की कहानी है, जो अपनी बेटी को प्रेत बाधाओं से बचाने का प्रयास करती है। इस फिल्म को देखने के बाद नेटिजंस एक्स पर रिएक्शंस दे रहे हैं। यूजर्स का कहना है कि फिल्म वाकई आपको डरा सकती है और भावनात्मक पहलुओं को बहुत खूबसूरत ढंग से दिखाया गया है, वहीं कुछ इसे खराब बता रहे हैं। फिल्म को लेकर मिले-जुले रिएक्शंस आ रहे हैं। कुछ यूजर्स 'मां' को बहुत अच्छी फिल्म बता रहे हैं, तो कुछ इसे अजय देवगन की 'शैतान' से कम आंक रहे हैं। इसके अलावा कुछ लोग इसे मजाक बता रहे हैं। फिल्म को लेकर कोई 4 स्टार दे रहा है तो कोई 2। इन बातों को ध्यान में रखते हुए कहा जा सकता है कि इसे औसत फिल्म बताई जा रही है।



## फिल्म के बारे में

'मां' फिल्म को अजय देवगन, ज्योति देशपांडे, जियो स्टूडियो द्वारा निर्मित और कुमार मंगत पाठक द्वारा सह-निर्मित किया गया है। फिल्म में काजोल के अलावा रोनित रॉय, इंद्रनील सेनगुप्त, जितिन गुलाटी, गोपाल सिंह, सूर्यसिखा दास, यानी भारद्वाज, रूपकथा चक्रवर्ती और खेरिन शर्मा सहायक भूमिकाओं में नजर आ रहे हैं। इस फिल्म को हिंदी, तमिल, तेलुगु और बंगाली में रिलीज किया गया है।

## क्या है फिल्म की कहानी?

'मां' फिल्म की कहानी की बात करें, तो काजोल ने इसमें अंबिका का किरदार निभाया है। फिल्म में अंबिका अपने पति शुवांकर (इंद्रनील सेनगुप्ता) और बेटी श्वेता (खेरिन शर्मा) के साथ कोलकाता में रह रही है। पश्चिम बंगाल में चंद्रपुर नाम का एक गांव है, जहां शुवांकर अपने पिता के निधन के बाद जाता है। इसके बाद उसे राक्षसों द्वारा मार दिया जाता है। कुछ महीनों के बाद, पूर्वजों की हवेली को बेचने के लिए, अंबिका और श्वेता चंद्रपुर जाती हैं, लेकिन इसके बाद वहीं की दैत्य शक्तियां अंबिका की बेटी श्वेता के पीछे पड़ जाती हैं। इसके बाद मां अपनी बेटी का बचाने के लिए सारी हदें पार करती हैं। इसी आधार पर कहानी आगे बढ़ाया जाता है।

## फुलेरा में चुनाव पर आधारित है पंचायत का नया सीजन
# इन फिल्मों और सीरीज में भी देखने को मिले सियासी दांव-पेंच

***नई दिल्ली।*** *अपनी रिलीज के बाद से ही पंचायत का नया सीजन लगातार चर्चाओं में बना हुआ है। ये पूरा सीजन फुलेरा में हुए पंचायत के चुनाव पर आधारित है। शो में चुनावी माहौल देखने को मिला और वोट मांगने से लेकर नेताओं की चुनाव कैम्पेन तक सबको बखूबी मेकर्स ने दिखाने का प्रयास किया है। पिछले तीन सीजन की तरह इस सीजन को भी दर्शकों का प्यार मिल रहा है। लोगों को फुलेरा का चुनाव पसंद आ रहा है। हालांकि, पंचायत से पहले भी कई फिल्मों और वेब सीरीज में चुनावी माहौल को काफी अच्छे से दिखाया गया है।*



**राजनीति :** प्रकाश झा द्वारा निर्देशित इस फिल्म के नाम से ही पता चलता है कि इसमें भरपूर सियासी दांव-पेंच और चुनावी माहौल है। फिल्म एक राजनीतिक परिवार की कहानी पर आधारित है, जिसमें सत्ता और पावर के लिए अपने-अपने दांव चले जाते हैं। भारी-भरकम स्टारकास्ट वाली इस फिल्म को दर्शकों ने काफी पसंद किया था।

**सत्ता :** रवीना टंडन और अतुल कुलकर्णी की प्रमुख भूमिकाओं वाली फिल्म 'सत्ता' पूरी तरह से चुनावी माहौल पर आधारित है। फिल्म में काफी सियासी



दांव-पेंच दिखाए गए हैं। ये फिल्म दिखाती है कि किस तरह से सत्ता पाने के लिए नेताओं द्वारा क्या-क्या दांव-पेंच चले जाते हैं।




**न्यूटन :** राजकुमार राव की फिल्म 'न्यूटन' छत्तीसगढ़ के नक्सल इलाके में चुनाव कराने पर आधारित है। कैसे एक चुनाव अधिकारी उस इलाके में मतदान कराने की जिद ठानता है जो नक्सलियों का गढ़ है। कैसे वो इस दौरान आने वाली चुनौतियों से पार पाता है और वहां सफलतापूर्वक चुनाव कराता है।



**महारानी :** बिहार की राजनीति पर आधारित हुमा कुरैशी की इस इस पूरी वेब सीरीज में चुनावी उठापटक और सियासी दांव-पेच देखने को मिले हैं। इस सीरीज के अब तक तीन सीजन आ चुके हैं और तीनों ही काफी पसंद किए गए हैं। ऐसा कहा जाता है कि इस सीरीज की कहानी काफी हद तक लालू यादव पर आधारित हैं। हालांकि, मेकर्स ऐसा नहीं मानते हैं।

**गुलाल :** अनुराग कश्यप द्वारा निर्देशित फिल्म 'गुलाल' छात्र राजनीति पर आधारित है। फिल्म में सियासी ताना-बाना देखने को मिलता है। इस



फिल्म में केके मेनन, आदित्य श्रीवास्तव, पीयूष मिश्रा और दीपक डोबरियाल जैसे कलाकार प्रमुख भूमिकाओं में नजर आए हैं। फिल्म राजस्थान की पृष्ठभूमि पर आधारित है।

# इंग्लैंड बनाम भारत : भारतीय बल्लेबाज जो एजबेस्टन में कर चुके हैं रनों की बारिश

एजेंसी ▶▶| एजबेस्टन

भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में इंग्लैंड क्रिकेट टीम ने पहला टेस्ट जीतकर 1-0 की बढ़त बना ली है। अब सीरीज का दूसरा मुकाबला एजबेस्टन के मैदान पर खेला जाएगा, जो इंग्लैंड के लिए हमेशा से एक मजबूत किला रहा है। इस मैच से पहले एजबेस्टन में भारत और इंग्लैंड के उन बल्लेबाजों के आंकड़े जानना दिलचस्प होगा, जिन्होंने इस मैदान पर सबसे ज्यादा रन बनाए हैं।

इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ पहला टेस्ट मुकाबला हारने के बाद अब भारतीय क्रिकेट टीम इंग्लैंड के खिलाफ दूसरा मुकाबला एजबेस्टन में खेलने उतरने वाली है। भारतीय टीम सीरीज में वापसी की उम्मीद लेकर उतरेगी। ऐसे में एजबेस्टन का मैदान भारत के लिए कितना शुभ साबित हो सकता है, इसका अंदाजा वहां बल्लेबाजों के प्रदर्शन से लगाया जा सकता है। दूसरे मुकाबले से पहले जान लेते हैं एजबेस्टन में टेस्ट क्रिकेट में भारत के सबसे सफल बल्लेबाज कौन-कौन रहे हैं?



### विराट कोहली (231 रन)

टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले चुके दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली इस सूची में पहले स्थान पर हैं। उन्होंने यहां पहला मुकाबला साल 2018 में खेला था। आखिरी बार वह यहां 2022 में खेलते हुए नजर आए थे। दो मैच की 4 पारियों में उन्होंने 57.75 की उम्दा औसत के साथ 231 रन बनाए थे। उनके बल्ले से 1 शतक और 1 अर्धशतक निकला था। कोहली का इस मैदान पर सर्वश्रेष्ठ स्कोर 149 रन रहा था।



### सुनील गावस्कर (216 रन)

दूसरे स्थान पर भारतीय टीम के एक और पूर्व दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर हैं। उन्होंने 1974 में इस मैदान पर पहला मुकाबला खेला था। आखिरी बार वह 1986 में खेलते हुए नजर आए थे। उन्होंने 3 टेस्ट की 6 पारियों में 36 की औसत से 216 रन बनाए थे। उनके बल्ले से 3 अर्धशतक निकले थे। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 68 रन रहा था। गावस्कर इस मैदान पर शतक नहीं लगा पाए थे।

### सचिन तेंदुलकर (187 रन)



एक और पूर्व भारतीय महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर इस सूची में चौथे स्थान पर हैं। उन्होंने इस मैदान पर साल 1996 में पहला मुकाबला खेला था। आखिरी बार वह इस मैदान पर 2011 में खेलते हुए नजर आए थे। उन्होंने 2 मैच की 4 पारियों में 46.75 की उम्दा औसत के साथ 187 रन बनाए थे। उनके बल्ले से 1 शतक निकला था। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 122 रन रहा था।

### पंत (203 रन), जडेजा (104 रन)

तीसरे स्थान पर हेडिंग्ले में पहले टेस्ट की दोनों पारियों में शतक जड़ने वाले स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत हैं। उन्होंने यहां अपना एकमात्र मुकाबला साल 2022 में खेला था। उस मैच की 2 पारियों में उन्होंने 203 रन जड़ दिए थे। उनके बल्ले से 1 शतक और 1 अर्धशतक निकला था। बता दें कि 2022 में जिस पारी में पंत ने शतक लगाया था, उसी पारी में रविंद्र जडेजा ने भी 13 चौकों की मदद से 104 रन बनाए थे।

## इंग्लैंड के इन बल्लेबाजों ने बनाए हैं सबसे ज्यादा रन

### जो रूट (920 रन)

इस सूची में पहले स्थान पर इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट हैं, जिन्होंने एजबेस्टन के मैदान पर साल 2015 में अपना पहला टेस्ट मैच खेला था। अब तक वह इस मैदान पर 9 टेस्ट की 16 पारियों में 70.76 की औसत से 920 रन बना चुके हैं। उनके नाम यहां 3 शतक और 5 अर्धशतक दर्ज हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर नाबाद 142 रन है। एजबेस्टन की पिच पर रूट का बल्ला लगातार रन उगलता रहा है।



### एलिस्टेयर कुक (869 रन)

दूसरे स्थान पर इंग्लैंड के पूर्व महान सलामी बल्लेबाज और कप्तान रहे एलिस्टेयर कुक हैं। उन्होंने इस मैदान पर पहला मुकाबला साल 2006 में खेला था। आखिरी बार वह 2018 में खेलते हुए नजर आए थे। उन्होंने 10 मुकाबलों की 16 पारियों में 57.93 की शानदार औसत के साथ 869 रन बनाए थे। उनके बल्ले से 2 शतक और 2 अर्धशतक निकले थे। उनका एजबेस्टन के मैदान पर सर्वश्रेष्ठ स्कोर 294 रन था।

### डेविड गॉवर (767 रन)

*एजबेस्टन के मैदान पर अपना पहला मुकाबला साल 1978 में खेलने वाले डेविड गॉवर इस सूची में तीसरे स्थान पर हैं। इस पूर्व खिलाड़ी ने यहां अपना आखिरी मुकाबला 1989 में खेला था। उन्होंने इस मैदान पर 9 मुकाबले खेले थे और इसकी 14 पारियों में 59 की शानदार औसत के साथ 767 रन बनाने में सफल रहे थे। उनके बल्ले से 2 शतक और 3 अर्धशतक निकले थे और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 215 रन रहा था।*

### कॉलिन कौड्रे (737 रन)

*इंग्लैंड के एक और पूर्व बल्लेबाज कॉलिन कौड्रे इस सूची में चौथे स्थान पर हैं। एजबेस्टन में उन्होंने अपना पहला टेस्ट मैच साल 1957 में खेला था। आखिरी बार वह इस मैदान पर 1971 में इंग्लैंड की ओर से खेलते हुए नजर आए थे। इस खिलाड़ी ने 8 टेस्ट मैचों की 13 पारियों में 56.69 की औसत के साथ 737 रन बनाए थे। उनके बल्ले से 3 शतक और 3 अर्धशतक निकले थे। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 161 रन था।*

---

## खबर संक्षेप



### यूपी वारियर्स ने मुख्य कोच लुईस से नाता तोड़ा

**नई दिल्ली।** महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) टीम यूपी वारियर्स ने मुख्य कोच जॉन लुईस से नाता तोड़ने का फैसला किया है जो 2023 से उनके साथ थे। डब्ल्यूपीएल 2025 में यूपी वारियर्स तालिका में निचले स्थान पर रही थी। टीम ने इंस्टाग्राम हैंडल पर कोच से अलग होने की जानकारी दी। फ्रेंचाइजी ने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा, ''पहले दिन से ही आपने हम पर भरोसा किया। कोच जॉन लुइस दिल से, सयंम से और भरोसे से मार्गदर्शन करने के लिए आपका धन्यवाद। आप हमेशा वारियर्स परिवार का हिस्सा रहेंगे।'' इंग्लैंड के लिए एक टेस्ट, 13 वनडे और दो टी20 खेलने वाले लुईस के मार्गदर्शन में यूपी वारियर्स 2023 में टूर्नामेंट के शुरूआती सत्र में डब्ल्यूपीएल प्लेऑफ तक पहुंची थी।

### कमिंस को इशारा करने वाले गेंदबाज सील्स पर जुर्माना

**ब्रिजटाउन।** आस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट के पहले दिन पैट कमिंस के आउट होने पर उन्हें ड्रेसिंग रूम की ओर जाने का इशारा करने वाले वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज जेडेन सील्स पर मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है । सील्स ने आईसीसी आचार संहिता का लेवल एक का अपराध किया है और उनके रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा गया चूंकि यह 24 महीने के भीतर उनका दूसरा अपराध था । आईसीसी आचार संहिता के तहत सील्स ने धारा 2.5 का उल्लंघन किया है जो किसी अंतरराष्ट्रीय मैच में बल्लेबाज के आउट होने पर ऐसी भाषा का इस्तेमाल करने या ऐसे इशारे करने से संबंधित है जिससे बल्लेबाज आक्रामक प्रतिक्रिया व्यक्त कर सकता है ।



### एआईटीए की कार्यकारिणी ने धूपर को हटाया

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) की कार्यकारी समिति ने शुक्रवार को अनिल धूपर को महासंघ के महासचिव पद से हटा दिया और कहा कि 70 वर्ष की आयु पूरी करने के बाद वह इस पद पर नहीं रह सकते थे और वह पहले ही अपना चार साल का कार्यकाल पूरा कर चुके हैं। कार्यकारिणी के 25 सदस्यों में से 17 सदस्य इस बैठक में उपस्थित थे जिसमें तीन चौथाई बहुमत से संयुक्त सचिव सुंदर अय्यर को अंतरिम सचिव बनाने का प्रस्ताव पारित किया। इससे उन्हें सोमदेव देववर्मन और पूरव राजा द्वारा दिल्ली उच्च न्यायालय में दायर रिट याचिका का जवाब दाखिल करने का अधिकार मिल गया, जिसमें सितंबर 2024 में हुए चुनावों की वैधता को चुनौती दी गई थी।

---

**अब हर मैच के लिए कनकशन खिलाड़ी को नामांकित करना होगा**

# आईसीसी के नए नियमों में 'सिर पर चोट' लगने से खिलाड़ियों को सात दिन बाहर रहना होगा

एजेंसी ▶▶| दुबई

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शुक्रवार को सभी प्रारूपों में खेलने के लिए नए नियमों की घोषणा की जिसमें 'कनकशन' से चोटिल होने वाले खिलाड़ियों के लिए न्यूनतम सात दिन का 'स्टैंड डाउन' समय, सीमित ओवरों के क्रिकेट में वाइड गेंद के नए नियम का ट्रायल और बाउंड्री पर कैच के संबंध में बदलाव शामिल हैं।

क्रिकेट की वैश्विक संचालन संस्था ने अपनी वेबसाइट पर कहा कि टेस्ट के लिए नए नियम 2025-2027 डब्ल्यूटीसी चक्र से लागू होंगे जिसकी शुरुआत श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच गॉल में पहले टेस्ट के साथ हुई थी। इन दोनों देशों के बीच आगामी सीमित ओवरों की श्रृंखला वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय के लिए नए खेलने के नियमों की शुरूआत करेगी। श्रीलंका और बांग्लादेश दो जुलाई से तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला खेलेंगे जिसके बाद 10 जुलाई से तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला शुरू होगी। 'कनकशन' (सिर पर चोट) प्रोटोकॉल के संदर्भ में आईसीसी ने कहा कि इसमें दो बदलाव किए गए हैं। पहला तो टीमों को अब हर मैच के लिए 'कनकशन' स्थानापन्न खिलाड़ी को नामांकित करना होगा।

## आईसीसी ने सभी प्रारूपों में खेलने के लिए नियमों की घोषणा



### खिलाड़ियों की सुरक्षा पर ध्यान

आईसीसी ने साथ ही घोषणा की कि किसी भी खिलाड़ी को 'कनकशन' होने की स्थिति में न्यूनतम सात दिन तक खेल से बाहर (स्टैंड डाउन) रहना होगा। आईसीसी ने कहा, ''मैच के दौरान कनकशन होने की स्थिति में खिलाड़ी को खेलने के लिए वापस आने से पहले कम से कम सात दिन की न्यूनतम 'स्टैंड डाउन' अवधि का पालन करना होगा। यह बदलाव आईसीसी की चिकित्सा सलाहकार समिति की सिफारिश के बाद किया गया ताकि खिलाड़ियों की सुरक्षा और भलाई का ध्यान रखा जाए।''

### नए नियमों का ट्रायल अक्टूबर से

आईसीसी ने कहा कि पूर्ण सदस्यों देशों द्वारा इन दोनों नए नियमों का ट्रायल अक्टूबर 2025 से शुरू होकर छह महीने तक किया जाएगा। इसमें वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों के लिए एक नया 'वाइड-बॉल' नियम भी शामिल है जिसे गेंदबाज की मदद के लिए लाया जा रहा है। आईसीसी ने कहा, ''ट्रायल में गेंद डालते समय बल्लेबाज के पैरों की स्थिति को अब वाइड गेंद के लिए 'संदर्भ बिंदु' (रेफरेंस प्वाइंट) के रूप में इस्तेमाल किया जाएगा, भले ही बल्लेबाज बाद में ऑफ साइड की ओर मुड़ जाए।''

### वाइड गेंद पर गेंदबाजों को थोड़ी छूट देने पर काम

आईसीसी की क्रिकेट समिति के मीडिया प्रतिनिधि दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान शॉन पोलाक ने इस साल जनवरी में बताया था कि क्रिकेट की संचालन संस्था वाइड गेंद पर गेंदबाजों को थोड़ी अधिक छूट देने के लिए काम कर रही है।'' आईसीसी ने कहा, ''कोई भी लेग साइड वाली गेंद जो बल्लेबाज के पैरों के पीछे से होकर जाती है और लाइन से बाहर होती है, उसे भी वाइड कहा जा सकता है।''

### प्रथम श्रेणी में चोटिल होने पर किसी भी खिलाड़ी से बदला जा सकता है

एक और नियम का ट्रायल घरेलू प्रथम श्रेणी क्रिकेट में किया जाना है जिसमें टीमें अंतिम एकादश में चुनने के बाद किसी खिलाड़ी के गंभीर रूप से चोटिल होने के बाद उसकी जगह किसी अन्य खिलाड़ी को शामिल कर सकती हैं। आईसीसी ने कहा, ''मैच शुरू होने के बाद किसी भी समय (किसी भी मैच पूर्व अभ्यास सहित) अगर खेल के मैदान पर कोई खिलाड़ी गंभीर रूप से चोटिल हो जाता है तो मैच के बचे हुए हिस्से में खेलने के लिए उसके समान किसी भी खिलाड़ी द्वारा उसे बदला जा सकता है।''

# डोपिंग मामले में धाविका ट्विंकल चौधरी निलंबित



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय खेलों में कई पदक जीतने वाली मध्यम दूरी की धाविका ट्विंकल चौधरी को प्रतिबंधित स्टेरॉइड के लिए पॉजिटिव पाए जाने के बाद 'एथलेटिक्स इंटीग्रिटी' इकाई (एआईयू) ने अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है। अठाईस साल की ट्विंकल ने इस साल के शुरू में उत्तराखंड में हुए राष्ट्रीय खेलों के चार गुणा 400 मीटर महिला रिले स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने 800 मीटर दौड़ में रजत और चार गुणा 400 मीटर मिश्रित रिले में कांस्य पदक भी जीता था। ट्विंकल को प्रतिबंधित एनाबोलिक स्टेरॉइड मिथाइलटेस्टोस्टेरोन का पॉजिटिव पाया गया है।

एआईयू ने अपने अपडेट में कहा कि ट्विंकल को आरोपों का नोटिस जारी किया गया है। अगला कदम इस मामले की सुनवाई होगी जिसमें इस एथलीट को अपनी बात स्पष्ट करने का मौका मिलेगा। जालंधर की रहने वाली ट्विंकल ने अप्रैल में कोच्चि में 28वीं राष्ट्रीय महासंघ सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप की 800 मीटर स्पर्धा में 2:00.71 सेकेंड के समय के साथ नया मीट रिकॉर्ड बनाया था। इस महीने के शुरू में उन्होंने ताइवान ओपन में 800 मीटर स्पर्धा में 2:06.96 सेकेंड के समय के साथ रजत पदक जीता था। मई में वह एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप की इसी स्पर्धा में चौथे स्थान पर रही थीं। इस ताजा निलंबन से देश की मुसीबतें बढ़ना जारी है क्योंकि उसका अंतरराष्ट्रीय स्तर पर डोपिंग का रिकॉर्ड बहुत खराब है।

### भारत का रिकॉर्ड सबसे खराब रहा

मई में भारतीय एथलीट स्नेहा कोलेरी को एनाबोलिक स्टेरॉइड स्टैनाजोलोल का पॉजिटिव पाए जाने के बाद निलंबित कर दिया था। हाल में जारी 2023 की जांच के आंकड़ों में जिन देशों ने 5000 या इससे अधिक नमूने की जांच कराई, उसमें भारत का रिकॉर्ड सबसे खराब रहा और उसका प्रतिशत 3.8 रहा था।

---

**विम्बलडन**

# अल्काराज पहले दौर में फोगनिनी से भिड़ेंगे



एजेंसी ▶▶| लंदन

दूसरी रैंकिंग के खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज सोमवार से यहां शुरू होने वाले विम्बलडन टेनिस ग्रैंडस्लैम के पहले दौर में फैबियो फोगनिनी के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेंगे जिसमें उनकी निगाहें लगातार तीसरा खिताब अपनी झोली में डालने पर लगी होंगी।

इस ग्रास कोर्ट ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के लिए एकल ड्रॉ शुक्रवार को निकाला गया जिसमें शीर्ष रैंकिंग पर काबिज यानिस सिनर का सामना लुका नार्डी से होगा। नोवाक जोकोविच (छठी रैंकिंग) पहले दौर में एलेक्जेंडर मुलर से भिड़ेंगे। जोकोविच ने 24 मेजर ट्रॉफियों में से सात आल इंग्लैंड क्लब में ही जीती हैं। वहीं महिलाओं के वर्ग में दूसरी नंबर की खिलाड़ी कोको गॉफ मंगलवार को डायना यास्त्रेमस्का के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेंगी। फ्रेंच ओपन में अपना दूसरा मेजर खिताब जीतने वाली गॉफ का सामना दूसरे दौर में दो बार की ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन विक्टोरिया अजारेंका से हो सकता है।

### गॉफ को सोफिया केनिन से भिड़ना होगा

तीसरे दौर में गॉफ को 28वीं वरीय सोफिया केनिन से भिड़ना पड़ सकता है जिन्होंने दो साल पहले विम्बलडन के पहले दौर में उन्हें बाहर कर दिया था। गत चैंपियन बारबोरा क्रेजसिकोवा पहले दौर में एलेक्जांड्रा इयाला से भिड़ेंगी।



# जूनियर राष्ट्रीय मुक्केबाजी में सेना ने खिताब जीता

**रोहतक।** सेना खेल संवर्धन बोर्ड (एसएससीबी) ने छठी जूनियर (अंडर-17) लड़के और लड़कियों की राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में दोनों वर्ग में ओवरऑल चैंपियन बनकर अपना दबदबा कायम किया। सेना ने लड़कों के वर्ग में फिर से टीम खिताब जीता जबकि लड़कियों के वर्ग में उसने हरियाणा को हराकर खिताब हासिल किया। हरियाणा दोनों वर्ग में दूसरे स्थान पर रहा। एसएससीबी ने रोहतक स्थित राष्ट्रीय मुक्केबाजी अकादमी में एक सप्ताह तक चली इस प्रतियोगिता में लड़के और लड़कियों दोनों वर्ग में नौ पदक जीते। उसके लड़कों की टीम ने छह स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य पदक जबकि लड़कियों की टीम ने चार स्वर्ण, चार रजत और एक कांस्य पदक जीता। महाराष्ट्र ने लड़कों जबकि मणिपुर ने लड़कियों के वर्ग में तीसरा स्थान हासिल किया।

# युवेंटस को हराकर ग्रुप में शीर्ष पर रही मैनचेस्टर सिटी

एजेंसी ▶▶| ऑरलैंडो

मैनचेस्टर सिटी ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए युवेंटस को 5-2 से हराकर क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के ग्रुप जी में शीर्ष पर रहते हुए अगले दौर में जगह बनाई। कैम्पिंग वर्ल्ड स्टेडियम में गुरुवार को खेले गए मैच में 26वें मिनट में मैनचेस्टर सिटी की टीम आत्मघाती गोल से 2-1 से आगे हो गई, जब डिफेंडर पियरे कालुलु ने नजदीक से पास रोकने का प्रयास करते हुए गेंद को अपनी नेट में पहुंचा दिया।



इंग्लैंड के क्लब की तरफ से दूसरे हाफ में एरलिंग हालैंड, फिल फोडेन और सेविन्हो ने गोल करके स्कोर 5-1 कर दिया। इससे पहले जेरेमी डोकू ने नौवें मिनट में मैनचेस्टर सिटी के लिए पहला गोल किया लेकिन इसके दो मिनट बाद ट्यून कूपमेइनर्स ने बराबरी का गोल कर दिया। डुसन व्लाहोविक ने 84वें मिनट में इटली के क्लब के लिए दूसरा गोल किया, जो ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहा।

**ललित उपाध्याय भारतीय हॉकी टीम के अनुभवी मिडफील्डर रहे**

# यूरोप जाने के पहले ही सोच लिया था 'विदा' लेने का

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पहली बार हॉकी थामी तो मकसद बेरोजगार पिता और सिलाई करके घर चलाने वाली मां की मदद करना था, लेकिन दो ओलंपिक पदक जीतने वाले ललित उपाध्याय को खुशी है कि देश के लिये कुछ करने का जरिया यह खूबसूरत खेल बना ।

टोक्यो तथा पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम के सदस्य रहे अनुभवी मिडफील्डर ललित ने एफआईएच प्रो लीग के यूरोप चरण के बाद अंतरराष्ट्रीय हॉकी से विदा ले ली। ललित ने खेल से संन्यास के बाद भाषा को दिये इंटरव्यू में कहा ,'' करीब 32 साल की उम्र हो गई है और मुझे लगा



कि अब समय आ गया है कि विदा ले लेनी चाहिये । मैं यही चाहता था कि शिखर पर रहकर ही विदा लूं और लिगामेंट चोट के बावजूद मेरी फिटनेस और फॉर्म अच्छा रहा है।''

### मैं खुद को खींचना नहीं चाहता था

यह पूछने पर कि क्या उन पर संन्यास का दबाव था, उन्होंने कहा ,'' यह फैसला मैंने खुद लिया है । मैं खुद को खींचना नहीं चाहता था । मुझे हरमनप्रीत समेत कई लोगों ने रोका लेकिन मैने मन बना लिया था । मैं बनारसी फक्खड़ हूं और एक बार सोच लिया तो फिर सोच लिया ।' भारत के लिये 183 मैचों में 67 गोल कर चुके ललित ने कहा ,'' मैं खुश हूं कि हॉकी इंडिया ने काफी सम्मान और मौके दिये । टीम का अच्छा साथ रहा । लेकिन अब समय हो गया था । एफआईएच प्रो लीग के लिये यूरोप जाने से पहले ही मैं सोच रहा था कि अब छोड़ दूंगा ।लेकिन घरेलू हॉकी और लीग खेलता रहूंगा ।''

### एकमात्र लक्ष्य-घर चलाने में मदद करना

प्रो लीग के यूरोप चरण में भारत को एकमात्र जीत बेल्जियम के खिलाफ आखिरी मैच में मिले और जीतकर सीधे विश्व कप के लिये क्वालीफाई करने का सपना भी टूट गया । ओलंपिक पदक, एशियाई खेल 2022 में स्वर्ण पदक और 2022 राष्ट्रमंडल खेल रजत समेत कई उपलब्धियां अर्जित कर चुके ललित ने कहा कि जब उन्होंने शुरूआत की तब एकमात्र लक्ष्य अपनी मां की घर चलाने में मदद करना था । उन्होंने कहा ,''परिवार की स्थिति बहुत खराब थी । पापा की कपड़े की छोटी सी दुकान बंद हो गई थी और मां सिलाई करके घर चलाती थी । ऐसे में बेहतर भविष्य की तलाश में और नौकरी पाने के लिये हॉकी थामी थी । मैं और बड़ा भाई डेबोर्डिंग में रहते थे तो ढाई. तीन सौ रूपये मिलते थे जिससे मम्मी को सिलाई मशीन दिलाई थी।''

**पहले ही कदम पर लगा झटका :** उत्तर प्रदेश पुलिस में उप अधीक्षक ललित को कैरियर के पहले ही कदम पर झटका लगा जब एक स्टिंग आपरेशन में अनजाने ही उनका नाम आया । एक टीवी चैनल के रिपोर्टर ने तत्कालीन भारतीय हॉकी महासंघ (आईएचएफ) सचिव के ज्योतिकुमारन के सामने एक खिलाड़ी को भारतीय टीम में जगह देने की एवज में प्रायोजन प्रस्ताव रखा और वह खिलाड़ी ललित था ।

# ।। श्रद्धांजलि सभा ।।



## स्व. श्रीमती परमेश्वरी देवी जी

हम आपको शोकाकुल हृदय से सूचित करते हैं कि हमारी
पूज्य माता श्रीमती परमेश्वरी देवी जी
धर्मपत्नी स्वर्गीय चौ. मित्रसेन आर्य जी अपनी सांसारिक
यात्रा पूर्ण कर दिनांक 20 जून 2025 को ईश्वर के
श्रीचरणों में विलीन हो गई हैं।

### श्रद्धांजलि सभा

तिथि : रविवार, 29 जून 2025
समय : प्रातः 11.00 बजे से अपरान्ह 1.00 बजे
स्थान : टैगोर ऑडिटोरियम, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक

### शोकाकुल

• श्रीमती सरोज सिंधु – कैप्टन रूद्र सेन सिंधु • श्रीमती शशि सिंधु – वीर सेन सिंधु • श्रीमती ऊषा सिंधु – वृतपाल सिंधु
• डॉ. एकता सिंधु – कैप्टन अभिमन्यु सिंधु • श्रीमती अनिका सिंधु – मेजर सत्यपाल सिंधु • श्रीमती रचना सिंधु – देव सुमन सिंधु
(पुत्र-पुत्रवधू)

• श्रीमती दया वर्मा – चौ. राजवीर सिंह वर्मा • श्रीमती बिमला सुरजेवाला – चौ. कुलबीर सुरजेवाला •श्रीमती मधु सिंह – चौ. शमशेर सिंह
(बेटी-दामाद)

"एवं समस्त सिंधु परिवार"

ACB (INDIA) LIMITED

SAINIK MINING AND ALLIED SERVICES LIMITED

Shyam Indus Power Solutions Limited

हरिभूमि
हरिभूमि कम्युनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड

Sindhu Trade Links Limited

संपर्क : 7752077777, 9992470001

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930